संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज | समूह संपादक : रवि भारद्वाज | नई दिल्ली, गुरूवार, 21 सितंबर 2023 ₹ 2 | www.actionindialive.com | facebook.com/actionindialive



कांग्रेस सांसद राहुल गांधी लोकसभा में महिला आरक्षण बिल पर चर्चा में भाग लेते हुए।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
# एक्शन इंडिया

DL(N) /145/2021-23 वर्ष: 17 अंक: 252 पृष्ठ: 12 RNI : DELHIN/2006/19302

actionindianews@gmail.com राष्ट्रीय संस्करण दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड

# लोकसभा में नारी शक्ति को 454 का वंदन

= संविधान संशोधन विधेयक होने के कारण मतविभाजन द्वारा इसे पारित किया गया, संविधान में 128वें संशोधन किए जाने के पक्ष में 454 मत पड़े और 2 मत विरोध में पड़े

**ऐतिहासिक**

**8 विधेयक पर चर्चा में सदन के 60 सदस्यों ने भाग लिया, शाह, राहुल स्मृति ने लिया चर्चा में लिया भाग**

**टीम एक्शन इंडिया/नई लोकसभा से** बुधवार को महिलाओं को लोकसभा और राज्य विधानसभाओं में 33 प्रतिशत आरक्षण दिए जाने वाला विधेयक पारित हो गया। संविधान संशोधन विधेयक होने के कारण मतविभाजन द्वारा इसे पारित किया गया। संविधान में 128वें संशोधन किए जाने के पक्ष में 454 मत पड़े और 2 मत विरोध में पड़े। ज्ञात हो कि विधेयक को पारित किए जाने के लिए दो-तिहाई बहुमत अनिवार्य होता है। नारी शक्ति वंदन विधेयक पर चर्चा में सदन के 60 सदस्यों ने भाग लिया। केन्द्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने विधेयक पर चर्चा का उत्तर दिया। चर्चा की शुरूआत कांग्रेस नेता सोनिया गांधी ने की और गृहमंत्री ने सबसे अंत में चर्चा में भाग लिया। इसके बाद मतपत्रों के माध्यम से मत विभाजन किया गया। लोकसभा में विधेयक पर हुई चर्चा का उत्तर देते हुए अर्जुन राम मेघवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने महिला नेतृत्व विकास की बात कही है और यह विधेयक उसी दृष्टि से लाया गया है। दुनिया में जनप्रतिनिधियों में महिलाओं का 24 प्रतिशत प्रतिनिधत्व है। वर्तमान में भारत में 15.1 प्रतिशत महिलाएं जनप्रतिनिधी हैं। विधेयक के पारित होने से 33 प्रतिशत महिलाओं का प्रतिनिधित्व सुनिश्चित होगा और विश्व में हमारी रैंकिंग में इजाफा होगा। उन्होंने कहा कि महिलाओं यानी मातृत्व से नेतृत्व में आने की स्थिति में निर्णय प्रक्रिया में संवेदनशीलता, सहजता तथा राष्ट्र और समाज की भलाई होगी। परिसीमन से जुड़े प्रश्न का उत्तर देते हुए कानून मंत्री ने कहा कि उनकी सरकार इस बार महिला आरक्षण विधेयक को फंसने नहीं देगी। विधेयक से जुड़े कई तकनीकि पहलु हैं।





## सरकार चलाने वाले 90 में से सिर्फ 3 सेक्रेटरी ओबीसी, इसे बदलें: राहुल

**राहुल** गांधी ने कहा कि मैं महिला आरक्षण बिल के समर्थन में हूं, लेकिन ये अधूरा है। जब सांसदों को पुरानी संसद से नई संसद में ले जाया जा रहा था तो राष्ट्रपति को मौजूद होना चाहिए था। हमारे इंस्टीट्यूशंस में ओबीसी की भागीदारी कितनी है, मैंने इसकी रिसर्च की। सरकार चलाने वाले जो 90 सेक्रेटरी हैं, उनमें से तीन सिर्फ 3 ही ओबीसी से हैं। इसे जल्दी से जल्दी बदलिए। ये ओबीसी समाज का अपमान हैं। राहुल के बोलने के दौरान सांसदों ने हंगामा किया तो वे बोले- डरो नहीं। देश की आजादी की लड़ाई महिलाओं ने भी लड़ी थी। महिला आरक्षण बिल पर बिल्कुल भी देरी नहीं करना चाहिए और इसे आज से ही लागू कर देना चाहिए।

ओम बिड़ला ने इस दौरान उन्हें टोकते हुए कहा- मैं राहुल गांधी से अपील करता हूं कि सदन में सभी सदस्य बराबर हैं। इसलिए उन्हें 'डरो मत डरो मत नहीं कहें।

**उठाया सवाल**

**8 जब सांसदों को पुरानी संसद से नई संसद में ले जाया जा रहा था तो राष्ट्रपति को मौजूद होना चाहिए था: राहुल गांधी**

## मुस्लिम महिलाओं को भी फायदा मिले: महुआ



**सबसे** पहले कानून मंत्री अर्जुनराम मेघवाल ने सदन को बिल के बारे में बताया। उनके बाद कांग्रेस की ओर से सोनिया गांधी ने 10 मिनट तक अपनी बात कही। चर्चा के दौरान टीएमसी सांसद महुआ मोइत्रा ने मुस्लिम महिलाओं को भी आरक्षण देने की मांग की। केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने महुआ मोइत्रा का नाम लिए बगैर कहा- मुस्लिम आरक्षण मांगने वालों को मैं बताना चाहती हूं कि संविधान में धर्म के आधार पर आरक्षण वर्जित है। जिस प्रकार से विपक्ष भ्रमित करने का प्रयास कर रहा है, उसमें ना फंसें।

## बिल को फौरन अमल में लाया जाए: सोनिया



सोनिया ने कहा, 'कांग्रेस की मांग है कि बिल को फौरन अमल में लाया जाए। सरकार को इसे परिसीमन तक नहीं रोकना चाहिए। इससे पहले जातिगत जनगणना कराकर इस बिल में एससटी-एसटी और ओबीसी महिलाओं के लिए आरक्षण की व्यवस्था की जाए।'

एनसीपी सांसद सुप्रिया सुले और एसपी सांसद डिंपल यादव ने भी बिल में ओबीसी महिलाओं को आरक्षण देने की मांग की।

**महिला आरक्षण का बिल सबसे पहले राजीव लाए:** सोनिया ने कहा, 'स्थानीय निकायों में महिलाओं को आरक्षण देने वाला कानून सबसे पहले मेरे पति राजीव गांधी लाए थे, जो राज्यसभा में 7 वोटों से गिर गया था। बाद में पीवी नरसिम्हा राव की सरकार ने उसे पास करवाया। इसी का नतीजा है कि देशभर के स्थानीय निकायों में 15 लाख चुनी हुई महिला नेता हैं। राजीव का सपना अभी आधा ही पूरा हुआ है, यह बिल पास होने से सपना पूरा हो जाएगा।

**फास्ट न्यूज**

## चंडीगढ़: सेहतमंद बनेंगे बच्चे, स्कूलों में गठित होंगे हेल्थ क्लब

**चंडीगढ़।** प्रदेश के स्कूलों में बच्चों को सेहतमंद बनाने के लिए उन्हें संतुलित आहार के प्रति जागरूक किया जाएगा। केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के निदेर्शानुसार सभी स्कूलों में हेल्थ क्लब गठित होंगे। हेल्थ क्लब के जरिये बच्चों को स्वच्छता, सुरक्षित भोजन और स्वस्थ जीवनशैली के रखरखाव के प्रति जागरू किया जाएगा। हरियाणा स्कूल शिक्षा परियोजना परिषद की ओर से सभी जिला परियोजना समन्वयकों को प्राथमिक एवं माध्यमिक विद्यालयों में हेल्थ क्लब गठित करने के निर्देश दिए हैं। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय की ओर से हेल्थ हैंडबुक भी जारी की गई है, जिसमें कक्षावार आयोजित की जाने वाली गतिविधियों का उल्लेख है। हेल्थ क्लब में पहली से पांचवीं, छठी से आठवीं और 9वीं से 12वीं तक कक्षाओं के अलग-अलग ग्रुप बनेंगे। बच्चों को स्वच्छता का महत्व समझाते हुए सिखाया जाएगा कि कैसे रोगाणुओं से खुद को मुक्त कर पोषक तत्वों से भरपूर खाने का सेवन कर खुद को स्वस्थ रखा जा सकता है। महीने में एक दिन बाजरा दिवस मनाया जाएगा। मिड-डे मील में मोटे अनाज को शामिल किया जाएगा। स्कूलों में हेल्थ क्लब गठित करने का उद्देश्य बच्चों को भारतीय खाद्य पदार्थों के साथ पारंपरिक संस्कृति से परिचित करना है। इसके साथ ही बच्चों को यह भी पता लगे कि उनके सर्वांगीण विकास के लिए विटामिन, खनिज और फल सब्जियां जरूरी हैं। स्वास्थ्य के लिए काबोर्हाइड्रेट, प्रोटीन और वसा के अनुपात पर आधारित संतुलित भोजन के साथ हर दिन पानी का उचित मात्रा में सेवन और मन लगाकर भोजन करने के साथ ही चबाकर खाने के महत्व के बारे में विस्तार से अवगत कराया जाएगा। हेल्थ क्लब में बच्चों की भूमिका सबसे ज्यादा रहेगी। हेल्थ क्लब में कार्यकारिणी गठित की जाएगी, जिसमें दो हेल्थ एंबेसडर (एक लड़का व एक लड़की), कार्यकारी अधिकारी स्टोर कीपर, चार कार्यकारी अधिकारी (स्कूल अध्यापिका) सहित 15 सदस्य शामिल किए जाएंगे। गठित कमेटी की महीने में कम से कम एक बार बैठक आयोजित होगी। कार्यकारी सदस्यों द्वारा वर्ष भर आयोजित गतिविधियों की रिपोर्ट भी तैयार करनी होगी। हेल्थ क्लब के लिए सदस्यता वर्ष भर जारी रहेगी। कोई भी छात्र अपना पंजीकरण करवा सकता है।

## हरियाणा की दो हजार महिलाए करेंगी लोकसभा का दौरा

**चंडीगढ़।** केंद्र की मोदी सरकार द्वारा लोकसभा में पेश किए गए नारी शक्ति वंदन विधेयक को बृहस्पतिवार को पास किया जाएगा। जिस समय यह विधेयक पास हो रहा होगा, उस दौरान हरियाणा की दो हजार से अधिक महिलाएं इसका साक्षी होंगी। हरियाणा में भाजपा प्रदेशाध्यक्ष ओमप्रकाश धनखड़ इस संदर्भ में सभी जिलाध्यक्षों को हिदायतें दे चुके हैं।

## कनाडा: भारत ने अपने नागरिकों के लिए जारी किया परामर्श

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**विदेश** मंत्रालय ने कनाडा में बढ़ती भारत विरोधी गतिविधियों और राजनीतिक समर्थन प्राप्त अपराधों तथा हिंसा को देखते हुए वहां मौजूद और यात्रा करने की सोच रहे भारतीय नागरिकों को परामर्श जारी कर अत्यधिक सावधानी बरतने की सलाह दी है। विदेश मंत्रालय ने बुधवार को कहा कि कनाडा में भारतीय राजनयिकों और भारत के खिलाफ चल रहे एजेंडे का विरोध करने वाले भारतीयों को निशाना बनाया जा रहा है। ऐसे में भारतीय नागरिकों को सलाह दी जाती है कि वे कनाडा के उन क्षेत्रों और संभावित स्थानों की यात्रा करने से बचें जहां ऐसी घटनाएं हुई हैं। मंत्रालय ने कहा कि हमारा उच्चायोग व वाणिज्य दूतावास कनाडा में भारतीय समुदाय की सुरक्षा और भलाई सुनिश्चित करने के लिए कनाडाई अधिकारियों के साथ संपर्क में रहेगा।



**8 वहां मौजूद और यात्रा करने की सोच रहे भारतीय नागरिकों को परामर्श जारी कर किया गया**

## वायु सेना की हथियार प्रणाली शाखा को सरकार से मिली मंजूरी



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**एयर चीफ मार्शल** वीआर चौधरी ने कहा है कि देश की आजादी के बाद पहली बार भारतीय वायुसेना की हथियार प्रणाली शाखा (वेपन सिस्टम ब्रांच) को सरकार से मंजूरी मिल गई है। अब भारतीय वायु सेना आर्मेनिया, स्पेन और आइवरी कोस्ट में अतिरिक्त रक्षा अताशे के रूप में अपने अधिकारियों को तैनात करेगी। इसी तरह अमेरिकी प्रशांत वायु कमान में भी संपर्क अधिकारी के रूप में वायु सेना का एक प्रतिनिधि तैनात किया जाएगा। वायु सेना प्रमुख चौधरी बुधवार को नई दिल्ली में एक कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने इस बात पर खुशी जताई कि सरकार से पहली बार वायु सेना को अपनी हथियार प्रणाली शाखा की स्थापना करने के लिए मंजूरी मिली है।

**उपलब्धि**

**8 आर्मेनिया, स्पेन और आइवरी कोस्ट में अतिरिक्त रक्षा अताशे के रूप में तैनात होंगे वायु सेना अधिकारी**

## ईएसआईसी ने जुलाई में 19.88 लाख नए सदस्य जोड़े

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**कर्मचारी** राज्य बीमा निगम (ईएसआईसी) ने जुलाई में अपनी स्वास्थ्य बीमा योजना ईएसआई के तहत 19.88 लाख नए कर्मचारी जोड़े हैं। श्रम एवं रोजगार मंत्रालय ने बुधवार को जारी बयान में बताया कि ईएसआईसी के अस्थायी पेरोल आंकड़ों के मुताबिक जुलाई में 19.88 लाख नए कर्मचारी जुड़े हैं। इस दौरान करीब 27,870 नए प्रतिष्ठान पंजीकृत हुए हैं, उन्हें ईएसआईसी के सामाजिक सुरक्षा दायरे में लाया गया है। मंत्रालय के आंकड़ों से पता चलता है कि इस दौरान युवाओं के लिए अधिक नौकरियां पैदा हुईं।

## सांसदों को बांटी गई संविधान कॉपी पर विवाद

### कांग्रेस- प्रस्तावना से समाजवादी, धर्मनिरपेक्ष शब्द हटाए; सरकार बोली- ये मूल संविधान में नहीं थे

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**संसद** में जारी स्पेशल सेशन के बीच नया विवाद खड़ा हो गया है। कांग्रेस ने आरोप लगाया है कि नई संसद के उद्घाटन के दौरान सांसदों को संविधान की जो कॉपी बांटी गई है, उसमें छपी प्रस्तावना से 'सेक्युलर' और 'सोशलिस्ट' शब्द हटा दिए गए हैं। इसके जवाब में सरकार ने कहा है कि संविधान की कॉपी में मूल संविधान की प्रस्तावना शामिल की गई है। जिसमें 'सेक्युलर' और 'सोशलिस्ट' शब्द नहीं थे। दरअसल, संविधान की प्रस्तावना में ये दोनों शब्द 1976 में 42वें संशोधन के जरिए शामिल किए गए थे।

**संविधान में बदलाव संशोधन के बिना मुमकिन नहीं:** इस विवाद का कानूनी पहलू भी है। सुप्रीम कोर्ट अपने एक फैसले में संविधान की प्रस्तावना को संविधान का हिस्सा मान चुका है। ऐसे में अगर इसमें से कोई भी शब्द हटाना या शामिल करना है तो एक अन्य संविधान संशोधन की जरूरत पड़ेगी।

**बीजेपी की मंशा पर संदेह:** कांग्रेस के नेता अधीर रंजन चौधरी ने आरोप लगाया है कि 'हम जानते हैं ये शब्द 1976 में एक संशोधन के बाद जोड़े गए थे, लेकिन अगर आज कोई हमें संविधान देता है और उसमें ये शब्द नहीं हैं, तो यह चिंता की बात है।'

उन्होंने कहा कि बीजेपी की मंशा संदिग्ध है। ये बड़ी चतुराई से किया गया है।

**कानून मंत्री बोले- ये शब्द मूल संविधान में नहीं थे:** अधीर रंजन के आरोपों पर कानून मंत्री अर्जुनराम मेघवाल ने कहा, 'जब संविधान अस्तित्व में आया, तब समाजवादी और धर्मनिरपेक्ष शब्द नहीं थे। ये शब्द संविधान के 42वें संशोधन में जोड़े गए।'



**हंगामा**

**8 संविधान की प्रस्तावना में ये दोनों शब्द 1976 में 42वें संशोधन के जरिए शामिल किए गए थे**

## कनाडा संग तल्ख रिश्तों का असर भारतीय सेना पर नहीं पड़ेगा

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**कनाडा के** प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो के हालिया बयान के बाद भारत के साथ तल्ख हुए रिश्तों का असर भारतीय सेना पर नहीं पड़ेगा। कनाडा के प्रति सेना का राजनयिक दृष्टिकोण और उससे सैन्य सम्बन्ध पहले की तरह बने रहेंगे। भारतीय सेना और अमेरिकी सेना प्रशांत की मेजबानी में 25-27 सितम्बर को नई दिल्ली के मानेकशॉ सेंटर में होने वाली इंडो-पैसिफिक आर्मी चीफ कॉन्फ्रेंस में कनाडा का प्रतिनिधिमंडल आएगा। मानेकशॉ सेंटर में तीन दिनों के भीतर 13वीं इंडो-पैसिफिक आर्मी चीफ कॉन्फ्रेंस (आईपीएसीसी), इंडो-पैसिफिक क्षेत्र में बहुपक्षीय सुरक्षा साझेदारी सुनिश्चित करने के लिए 47वीं इंडो-पैसिफिक आर्मीज मैनेजमेंट सेमिनार (आईपीएएमएस) और 9वीं सीनियर एनलिस्टेड लीडर्स फोरम (एसईएलएफ) भी होगा। इन कार्यक्रमों की तैयारियों के सिलसिले में बुधवार को एक प्रेस कांफ्रेंस में उप सेना प्रमुख लेफ्टिनेंट जनरल एम.वी. सुचिन्द्र कुमार ने बताया कि दो दिनों तक चलने वाली आईपीएसीसी में हिंद-प्रशांत क्षेत्र में सुरक्षा सहयोग और सामूहिक रणनीतियों पर चर्चा के लिए हिंद-प्रशांत क्षेत्र के 30 सेना प्रमुख भाग लेंगे। सम्मेलन में क्षेत्र में आपसी हित के मुद्दों और क्षेत्र में संकट को कम करने में सैन्य कूटनीति की भूमिका पर भी चर्चा होगी। उप सेना प्रमुख लेफ्टिनेंट जनरल एमवी सुचिन्द्र कुमार ने कहा कि आजादी के बाद से भारतीय सेना ने भारत-प्रशांत क्षेत्र में शांति और स्थिरता को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है।



## कनाडा के मित्र देशों ने ट्रूडो से खींचे हाथ

**टीम एक्शन इंडिया/ओट्टावा**
**अलगाववादी** हरदीप सिंह निज्जर की हत्या के लिए भारत को जिम्मेदार ठहराकर कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो अलग-थलग पड़ गए हैं। कनाडा के मित्र देशों ने ही इस मसले पर कनाडा का साथ देने से हाथ पीछे खींच लिये हैं।

इस बीच इंडियन वर्ल्ड फोरम ने आतंकी संगठनों द्वारा कनाडा की धरती के प्रयोग की निंदा करते हुए कनाडा सरकार से भारतीय प्रवासियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने को कहा है।

**व्यवस्था परिवर्तन**

### कर्मचारी चयन आयोग से अबतक 14 पेपर बिकने की पुष्टि

## जो पेपर नहीं बिके उनका परिणाम 3 महीने में: सीएम सुक्खू

**टीम एक्शन इंडिया/शिमला/ चमन शर्मा**
**मुख्यमंत्री** सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने घोषणा की है कि पूर्व भाजपा सरकार के समय कर्मचारी चयन आयोग के माध्यम से ली गई जिन परिक्षाओं के पेपर नहीं बिके हैं, उनका परिक्षा परिणाम अगले 3 महीनों में घोषित कर दिया जाएगा। मुख्यमंत्री ने यह घोषणा बुधवार को विधानसभा में प्रश्नकाल के दौरान की। उन्होंने यह भी कहा कि पूर्व भाजपा सरकार के समय चयन आयोग हमीरपुर द्वारा ली गई 14 प्रतियोगी परिक्षाओं के पेपर लीक होने की पुष्टि हो चुकी है। उन्होंने कहा कि इन पेपर लीक मामलों में 65 लोगों को गिरफ्तार किया गया है और 200 के खिलाफ जांच जारी है। मुख्यमंत्री ने विपक्ष के आरोपों पर कहा कि सरकार रोजगार के नाम पर लोगों को ठग रही है बल्कि भर्तियों में पादर्शिता ला रही है और यही व्यवस्था परिवर्तन है। सुक्खू ने कहा कि भाजपा सरकार की छत्र छाया में पेपर बेचे गए और सरकार आंखे बंद करके बैठी रही। उन्होंने कहा कि सरकार ने चयन आयोग के माध्यम से भर्तियों में पारदर्शिता लाने के लिए ही कर्मचारी चयन आयोग को भंग किया और उसके स्थान राज्य चयन आयोग का गठन किया है। उन्होंने कहा कि राज्य चयन आयोग के माध्यम से सभी भर्तियां कंप्यूटर आधारित होगी इसमें मानवीय दखल बिल्कुल नहीं होगा। इससे भर्तियों में पारदर्शिता आएगी। इस प्रणाली के माध्यम से ही 10 दिन में किसी प्रतियोगी परीक्षा का परिणाम घोषित कर दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश के लोगों को रोजगार उपलब्ध करवाना सरकार का दायित्व है और इसी साल सरकार 10 हजार भर्तियां करेगी।



**ऐलान**

**8 पूर्व सरकार के समय चयन आयोग द्वारा ली गई 14 प्रतियोगी परिक्षाओं के पेपर लीक होने की पुष्टि हो चुकी है**

## 'इसरो ने अंतरिक्ष अन्वेषण में रचा इतिहास'

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**भारतीय** अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) की उपलब्धियों की सराहना करते हुए उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने इस बात पर जोर दिया कि सफल चंद्रयान-3 मिशन ने अंतरिक्ष अन्वेषण के इतिहास में भारत की अंतरिक्ष एजेंसी का नाम दर्ज करा दिया है। राज्यसभा में बुधवार को "चंद्रयान-3 की सफल सॉफ्ट लैंडिंग से चिह्नित भारत की गौरवशाली अंतरिक्ष यात्रा" विषय पर चर्चा की शुरूआत में सभापति जगदीप धनखड़ ने इस तथ्य की ओर ध्यान आकर्षित किया कि चंद्रयान-3 की सफलता ने भारत को चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर सॉफ्ट लैंडिंग कराने वाले पहले देश के रूप में स्थापित किया है। उन्होंने कहा कि इस उपलब्धि के साथ भारत 2025 तक चंद्रमा पर मनुष्यों को भेजने के लिए अमेरिकी नेतृत्व वाली बहुपक्षीय पहल आर्टेमिस समझौते का सदस्य बन गया है।

छह दशकों से अधिक की भारतीय अंतरिक्ष यात्रा का उल्लेख करते हुए उपराष्ट्रपति ने रेखांकित किया कि भारत के अंतरिक्ष कार्यक्रम ने विदेशी प्रक्षेपण वाहनों पर निर्भरता से स्वदेशी प्रक्षेपण क्षमताओं के साथ पूर्ण आत्मनिर्भरता प्राप्त करने में परिवर्तन देखा है। उन्होंने कहा कि भारत ने न केवल अपने उपग्रहों को लॉन्च करने की क्षमता विकसित की है, बल्कि अन्य देशों के लिए उपग्रहों को लॉन्च करने के लिए अपनी सेवाओं का विस्तार भी किया है।



**ऐतिहासिक**

**8 चंद्रयान-3 की सफलता ने दक्षिणी ध्रुव पर सॉफ्ट लैंडिंग कराने वाले पहले देश के रूप में स्थापित किया**

# हरियाणा राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड चेयरमैन ने ली 3 जिलों के उपायुक्तों की बैठक

## प्रदूषण के स्तर को कम करने के लिए अधिकारी बरतें निगरानी : बोर्ड चेयरमैन

**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत, कमाल हुसैन**
**हरियाणा** राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के चेयरमैन पी राघवेन्द्र राव ने कहा है कि हमें प्रदूषण के स्तर को कम करने को लेकर एक्शन प्लान तैयार कर और गंभीरता से कार्य करने की आवश्यकता है। बढ़ता प्रदूषण स्वास्थ्य के लिए बहुत ही हानिकारक है। वे बुधवार को जिला सचिवालय के सभागार में करनाल, पानीपत और सोनीपत के उपायुक्तों ,निगम आयुक्तों व कई अन्य विभाग के अधिकारियों की बैठक को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने उपायुक्तों को प्रदूषण के स्तर को कम करने के लिए विभिन्न



बिन्दुओं पर कार्य करने के निर्देश दिए व प्रदूषण की वर्तमान स्थिति पर चर्चा की। उपायुक्तों ने बोर्ड चेयरमैन को आश्वस्त किया कि वे प्रदूषण के स्तर को लेकर शीघ्रता से समीक्षा बैठके करेंगे। उपायुक्त डॉ. वीरेन्द्र कुमार दहिया ने बताया कि प्रदूषण को कम करने के लिए प्रशासन पूरी तरह से प्रयत्नशील है।

बोर्ड चेयरमैन ने कहा कि ज्यादा से ज्यादा पौधारोपण करके भी प्रदूषण के स्तर को कम किया जा सकता है। इस कार्य में एनजीओ का सहयोग भी लिया जा सकता है। जहां-जहां सडके क्षतिग्रस्त हो चुकी हैं उनकी मरम्मत कराके भी प्रदूषण को नियंत्रित किया जा

**प्रदूषण नियंत्रण**

**8 प्रदूषण के स्तर को कम करने को लेकर एक्शन प्लान तैयार कर और गंभीरता से कार्य करने की आवश्यकता**

सकता है। टपका सिचांई के माध्यम से भी प्रदूषण नियंत्रण करने का भी सुझाव दिया। उन्होंने पब्लिक ट्रांसपोर्ट पर ध्यान देने व ज्यादा से ज्यादा परिवहन निगम की बसों का संचालन करना सुनिश्चित करने की बात कही। बोर्ड चेयरमैन ने कहा रोड के दोनों तरफ पड़े कूड़े को जलाने की बजाय उसका समाधान ढुंढने की आवश्यकता है। उन्होंने अति शीघ्र से प्रदूषण के स्तर को कम करने को लेकर समीक्षा बैठक करने के भी निर्देश दिए।

बोर्ड चेयरमैन ने कहा कि उपायुक्तों को सर्दी के मौसम में रैन बसेरे स्थापित करने चाहिये व जो लोग सडकों के किनारे सर्दी के मौसम में कच्चे ईंधन का प्रयोग करते हैं इस स्थिति में संस्थाओं के माध्यम से उन्हें कंबल देने का भी आह्वान किया। उन्होंने उपायुक्तों को निर्देश दिए कि वे एलपीजी पर दी जा रही सब्सिडी के प्रति लोगों को जागरूक करें व अस्पतालों में विशेष रूप से इसका प्रचार प्रसार करें।

# उपायुक्त कार्यालय में आशा वर्करों की हुई नो एंट्री

**नारेबाजी**

**8 आशा वर्करों ने अग्रसैन चौक पर जमा होकर रोष मार्च निकालते हुए नारेबाजी की**





**टीम एक्शन इंडिया/अंबाला (मनीष कुमार)**
विभिन्न मांगों को लेकर एक बार फिर से आशा वर्कर डीसी कार्यालय पहुंची लेकिन आज कड़े सुरक्षा प्रबंध के बीच उन्हें डीसी कार्यालय परिसर में नहीं जाने दिया गया तथा वहां मौजूद पुलिस कर्मियों द्वारा गेट बंद कर दिए गए। आशा वर्करों ने अग्रसैन चौंक पर जमा होकर रोष मार्च निकालते हुए नारेबाजी की और डीसी कार्यालय में पहुंची। पुलिस सुरक्षा के चलते आशा वर्कर गेट के पास ही इक्ठठी हो गई और सरकार के खिलाफ जम कर नारे बाजी करने लगी। आशा वर्करों का कहना था कि एक तरफ सरकार उनकी मांग नहीं मान रही और दूसरी ओर उन्हें प्रदर्शन करने से भी रोका जा रहा है जबकि लोकतंत्र में प्रदर्शन करना प्रत्येक व्यक्ति का अधिकार है। उन्होनें कहा कि उन्हे प्रशासन की ओर से अभी तक धरने के लिए भी कोई स्थान नहीं दिया गया है। गौरतलब है कि पिछले कई महीनों से मांगो को लेकर आशा वर्कर धरने प्रदर्शन कर रही है। इस बीच वे कई बार मंत्रियों व विधायकों के घरों का घेराव भी कर चुकी है लेकिन सरकार ने पुलिस की सहायता से उन्हे अपनी बात रखने से रोका।

सीटू नेता सतीश सेठी व रमेश नन्हेड़ा ने कहा कि आशा वर्कर्स को 2005 में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत लगाया गया था। उनको गर्भवती महिलाओं एवं नवजात शिशु और बच्चों के स्वास्थ्य से संबंधित लगभग 40 काम दिए गए। उन्होंने अपना काम बखूबी किया जिसकी वजह से 2005 में 1000 जीवित जन्म पर 58 शिशुओं की मौत 2023 में कम होकर 26 पर आ गई है। 2005 में एक लाख प्रसव पर 167 मां की मौत हो जाती थी जो 2022 में कम होकर 95 रह गई है। नियमित टीकाकरण 2005 में 27 प्रतिशत से बढ़कर 2023 में 90% से ज्यादा हो गया है। संस्थागत प्रसूति 2005 में 43% से बढ़कर 2023 में 99% हो गई है। आशाओं के शानदार काम की बदौलत हासिल की गई इस उपलब्धि को विश्व स्वास्थ्य संगठन ने भी सराहना की। इन महत्वपूर्ण कामों के बदले सरकार आशा वर्कर्स को मामूली प्रोत्साहन राशियां देती है। आमजन ने देखा कि आशा वर्कर्स ने कोरोना महामारी के अंदर भी शानदार काम किया था।

# भोकर माजरा विद्यालय में बच्चों ने लगाई विज्ञान प्रदर्शनी

**टीम एक्शन इण्डिया/ कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)**
राजकीय माध्यमिक विद्यालय भोकर माजरा विद्यालय में विज्ञान प्रदर्शनी में बच्चों ने मॉडल तैयार किए। विद्यालय के मुख्य अध्यापक संजय कुमार लाहोट ने बताया कि बच्चों ने बड़ी लगन मेहनत से विज्ञान अध्यापक अमन कुमार और सभी अध्यापकों के सहयोग से मॉडल तैयार किए हैं। आज विद्यालय में विज्ञान प्रदर्शनी को बच्चों के माता-पिता भी देखने के लिए आए। धर्मवीर शास्त्री और मिहा सिंह रंगा ने बताया कि प्रतियोगिता के माध्यम से बच्चों की प्रतिभा निखर कर सामने आती है। जिससे उनको आगे बढ़ने का मौका मिलता है आज



सभी बच्चों ने अपने प्रतिभा के अनुसार मॉडल तैयार किए हैं। प्राइमरी इंचार्ज जसवीर सैनी ने बताया कि वास्तव में ही बच्चों ने विज्ञान से संबंधित मॉडल तैयार कर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया है ।इसमें उनके माता-पिता का भी बहुत बड़ा योगदान है इस अवसर पर जसबीर सैनी,जोगिंदर सिंह, सुखविंदर सिंह, सतनाम अमनकुमार ,दलबीर सिंह एस एम सी कमेटी के प्रधान और सभी सदस्य वकाफी संख्या में माता-पिता उपस्थित रहे।

# नगर परिषद के कर्मचारियों ने काले झंडे लेकर किया प्रदर्शन



**टीम एक्शन इंडिया/अंबाला (मनीष कुमार)** अंबाला छावनी नगर परिषद कार्यालय परिसर में विभिन्न मांगों को लेकर सफाई कर्मचारियों ने प्रदर्शन किया। नगर पालिका कर्मचारी संघ के बैनर तले प्रदर्शन कर रहे कर्मचारियों ने बताया कि काले बिल्ले लगाते हुए झण्डे लेकर छावनी के विभिन्न बाजारों से निकले। उन्होंने बताया कि 29 अक्तुबर 2022 और 5 अप्रैल 2023 को सरकार के साथ एक समझौता हुआ था लेकिन उससे लागू नहीं किया गया। इसलिए वह प्रदर्शन करने पर मजबूर हैं।

## अपराध नियंत्रण एवं अनुसंधान संगठन ने आयुक्त नगर निगम से की मुलाकात

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)** **अपराध** नियंत्रण एवं अनुसंधान संगठन के हरियाणा प्रदेश प्रधान रोहित जैन व हरियाणा प्रदेश महासचिव बलजीत सिंह वालिया ने आयुक्त नगर निगम से मुलाकात करते हुए अपने संगठन के बारे में बताया और कहा कि संगठन पूरे देश में फैला हुआ है और संगठन द्वारा समय-समय पर सरकारी अधिकारियों से मिलकर कार्य किए जाते रहे हैं। जिस पर आयुक्त महोदय ने भी आश्वासन दिया कि संगठन के लिए आयुक्त कार्यालय के द्वारा हर समय खुले हैं। संगठन जब भी चाहे कार्यालय में भेंट कर कार्य के लिए गुहार लगा सकते हैं।

# मंडियों में धान की आवक शुरू, सेलरों से अभी तक नहीं हुआ एग्रीमेंट



**टीम एक्शन इंडिया/अंबाला (मनीष कुमार)** अम्बाला शहर की नई अनाज मंडी में जहां एक तरफ धान की आवक शुरू हो गई है तो वहीं मंडी में अभी तक प्रशासन की तैयारियां ढीली दिखाई दे रही है।

अम्बाला में बीते दिनों बरसात के कारण मंडी में पड़ा धान भीग गया था। ऐसे में किसानों का कहना है कि धान की आवक जैसे जैसे बढ़ेगी वैसे वैसे धान को रखने के स्थान को निर्धारित करना मुश्किल होगा। वहीं अम्बाला के गांव साभापुर से आए किसान दविंद्र सिंह ने कहा कि सरकार को जल्द से जल्द धान खरीदारी करें जिससे किसान भी अपने खर्चों का वहन कर सके। दविंद्र ने कहा कि जब तक मौसम ठीक रहेगा तब तो ठीक है लेकिन मौसम के बदलते तेवर को देखते हुए अभी किसानों ने धान को मंडियों में लाना शुरू नहीं किया है। वहीं अभी तक धान खरीद के लिए कोई अधिकारिक तिथि की घोषणा नहीं हुई है। जिसके चलते आने वाले समय

**रवैया पर सवाल**

**8 धान की आवक शुरू हो गई है तो वहीं मंडी में अभी तक प्रशासन की तैयारियां ढीली दिखाई दे रही है**

में धान की खरीद देरी होती दिखाई दे रही है। ऐसे में यदि धान की खरीद में देरी होती है तो मौसम में बदलाव के चलते किसानों की मुसिबत बढ़ सकती है। अम्बाला आढ़ती यूनियन एसोसिएशन के प्रधान दुनीचंद ने बताया कि सरकार ने अभी तक धान खरीद के लिए सैलर संचालकों के साथ अभी तक कोई भी एग्रीमेंट नहीं किया है। जब तक एग्रीमेंट नहीं होता तब तक मंडी से धान उठान का कार्य शुरू नहीं होगा। इसके साथ ही उन्होंने कमिशन में भी कटौती की बात पर कहा कि सरकार उनके साथ गलत व्यवहार कर रही है।

# पौधारोपण करके जन्मोत्सव मनाना सबसे उत्तम तरीका: भजन राठोर

**टीम एक्शन इण्डिया/ कुरुक्षेत्र ( दलबीर मलिक)** झांसा रोड श्याम कालोनी स्थित महंत प्रभात पुरी कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के प्रांगण में पूर्व जिला चिकित्सा अधिकारी डाक्टर शैलेन्द्र ममगई के सौजन्य से वृक्षारोपण समारोह का आयोजन हुआ।

मुख्य अतिथि विधालय प्राचार्य भजन राठोर रहे। प्राचार्य राठोर ने डाक्टर ममगई को जन्म दिन की बधाई व शुभकामनाएं देते हुए कहा कि जन्मोत्सव मनाने का सबसे उत्तम तरीका यही है। उन्होंने कहा कि पेड़ पौधे मानवता के प्राण है।



यह मानव को शुद्ध आक्सीजन देते हैं। अशुद्ध वायु व कार्बनडाइक्साइड को अवशोषित करते हैं। डाक्टर शैलेन्द्र शर्मा ने विधालय की छात्राओं को संदेश भेज कर

**पौधारोपण**

**8 आने वाली पीढ़ियों के लिए शुद्ध जलवायु, उत्तम फल, औषधीय जड़ी बूटियां व हरियाली छोड़ कर जाएं**

आज रोपित सभी 40 पौधों को संरक्षित करने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि पेड़ पौधे इन्सान के जीवन का मूल आधार है। हमारा कर्तव्य है कि आने वाली पीढ़ियों के लिए शुद्ध जलवायु, उत्तम फल, औषधीय जड़ी बूटियां व हरियाली छोड़ कर जाएं। विधालय स्टाफ ने भी डाक्टर ममगई को जन्म दिन की बधाई दी। विधालय को इस पुण्य कार्य हेतू चुनने के लिए उनका आभार भी व्यक्त किया गया।इस अवसर पर सरिता शर्मा,उप प्राचार्य मंजुला शर्मा, रीटा योगी, ज्या वत्स,डा. संतोष शर्मा, रितु धीमान,शुभम शर्मा, कुसुम शर्मा, ज्योति रानी, रेखा रानी, हैड टीचर सुशीला देवी, अनु पाहवा, सुमन धीमान, अमिता रानी,अलिषा अरोड़ा,सीमा शर्मा,चांदनी चड्डा, अनूप शर्मा, मधु शर्मा,शोभा शर्मा व महेंद्र सैनी आदि मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

# ईमानदारी के साथ होंगे लाडवा हल्के में विकास कार्य: संदीप

**टीम एक्शन इण्डिया/ कुरुक्षेत्र/लाडवा (दलबीर मलिक)**लाडवा के गांव बदरपुर में बुधवार को ग्रामीण संदीप कुमार ने नेता एवं समाजसेवी संदीप गर्ग द्वारा किये जा रहे सामाजिक कार्यो को देखते हुए गांव में कार्यक्रम का आयोजन किया। जिसमें नेता संदीप गर्ग ने ग्रामीणों को उनके द्वारा किये जा रहे कार्यो के बारे में बताया। ग्रामीण सुनील कुमार, ईशम सिंह, मनोज कुमार, रामकुमार, सतीश कुमार, बंटी, जसविन्द्र, वेदप्रकाश, लवली, योगेश ने कहा कि जिस प्रकार से नेता संदीप गर्ग पिछले लगभग पांच साल से कार्य कर रहे



हैं, ऐसे में ऐसे व्यक्ति को विधानसभा में भेजने का कार्य करना चाहिए। उन्होंने कहा कि संदीप गर्ग पिछले लगभग पांच साल से भी अधिक हो गए हैं वह हल्के की जनता के बीच में है और हल्के की जनता के लिए जनहित के कार्य कर रहे हैं। वहीं मौके पर पहुंचे नेता संदीप गर्ग ने मौजूद लोगों को आश्वासन दिया

**जनसमर्थन**

**8 न्संदीप गर्ग पिछले लगभग पांच साल से कार्य कर रहे हैं, ऐसे में ऐसे व्यक्ति को विधानसभा में भेजने का कार्य करना चाहिए**

कि यदि 2024 के विधानसभा चुनावों में उन्हें लाडवा विधानसभा से विधायक बनाकर विधानसभा में भेजने का काम किया तो 90 विधानसभाओं में लाडवा विधानसभा हरियाणा के मानचित्र पर अलग ही नजर आएगी।

# 'सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी की मतदाता सूची जल्द हो तैयार'



**टीम एक्शन इंडिया/अंबाला (मनीष कुमार)** अंबाला के डीसी ने अपने कार्यालय में हरियाणा सिख गुरूद्वारा प्रबन्धक समिति की मतदाता सूचि बनाने के विषय को लेकर सम्बधिंत आरओ एसडीएम एआरओ बीडीपीओ व अन्य सम्बधिंत अधिकारियों की एक बैठक लेते हुए मतदाता सूचि को जल्द से जल्द तैयार करने बारे निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इस विषय को लेकर 25 सितम्बर को समीक्षा बैठक लेकर जानकारी भी हासिल की जाएगी। डीसी ने हरियाणा सिख गुरूद्वारा प्रबन्धक समिति की मतदाता सूचि के विषय के तहत सम्बधिंत आरओ ;एसडीएमए एआरओ ;बीडीपीओ से कितने फॉर्म प्राप्त हुए है और कितनों का वितरण किया जा चूका है उसकी समीक्षा करते हुए विस्तार से जानकारी हासिल की। उन्होनें कहा कि हरियाणा सिख गुरूद्वारा प्रबन्धक समिति के चुनाव से सम्बधिंत मतदाता सूचि के कार्य को हमें प्राथमिकता के आधार पर बेहतर समन्वय के साथ करना सुनिश्चित करना हैं। उन्होंने कहा कि सम्बधिंत आरओए एआरओ अपने-अपने क्षेत्रों

**बैठक**

**8 इस विषय को लेकर 25 सितम्बर को समीक्षा बैठक लेकर जानकारी भी हासिल की जाएगी**

के तहत गुरूद्वारा प्रबन्धंको के पदाधिकारियोंए पटवारी व ग्राम सचिवों की बैठक लेकर मतदाता सूची बारे सम्बधिंत को अवगत करवाते हुए अपनी वोट बनवाने के लिए प्रेरित करें।

उन्होनें कहा कि वोट से सम्बधिंत कार्य के लिए निर्धारित फॉर्म अनुसार सम्बधिंत एक केशधारी सिख हो, वह दाढी या केशों को न कटवाता हो, धूमपान नहीं करता या किसी भी रूप में कुथा, हलाल मास का प्रयोग नही करता, मादक पेय नहीं लेता, पतित नहीं हूं, एक जनवरी 2023 को 18 वर्ष की आयु पूरी कर ली हो, उपरोक्त पते का पिछले 6 माह से अधिक का सामान्य निवासी हो यह नियम शामिल हैं।

# शैक्षणिक भ्रमण पर आई छात्राओं का जिला शिक्षा अधिकारी ने किया स्वागत

**टीम एक्शन इण्डिया/ कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)** माध्यमिक शिक्षा विभाग हरियाणा के मार्गदर्शन में ऐतिहासिक, शैक्षणिक एवम् वैज्ञानिक अवबोधन समाहित कुरुक्षेत्र एवम् करनाल में शैक्षणिक भ्रमण के तहत झज्झर जिले की 9वीं कक्षा की छात्राओं व उनके साथ आये अध्यापकों का हमारे माननीय जिला शिक्षा अधिकारी रोहतास वर्मा ने कुरुक्षेत्र के रेणुका सदन में स्वागत किया। इस शैक्षणिक भ्रमण पर छात्राओं ने कुरुक्षेत्र में स्थित पैनोरमा एवम् विज्ञान प्रदर्शनी, श्रीकृष्णा संग्रहालय, शेख चहेली का मकबरा, हर्ष का टीला, और ब्रह्मा सरोवर, ज्योतिसर तीर्थ, ब्रह्मसरोवर व



राष्ट्रीय डेयरी अनुसन्धान का अवलोकन किया।विज्ञान प्रदर्शनी में छात्राओं को विज्ञान और प्रौद्योगिकी के नवाचारों और पैनोरमा में दृश्य कथानकों के साथ महाभारतकालीन महत्वपूर्ण घटनाओं की जानकारी मिली।श्रीकृष्ण संग्रहालय ,शेख चिल्ली का मकबरा व हर्ष का टीला देखकर छात्राएँ ऐतिहासिक विविध वास्तुकला शैलियों और परंपराओं के संयोजन और उस समय की सामाजिक गतिविधियों और सांस्कृतिक पहचान से जुड़ने के लिए प्रोत्साहित हुई।यह शैक्षणिक भ्रमण उनकी विज्ञान की समग्र समझ , जिज्ञासु भावना, गहरे सोचने की क्षमता और उनको मूल्यवान जीवन कौशलों से संपन्न करते हैं। आखिरकार, ये अनुभव एक व्यक्ति और मानसिक विकास के लिए प्रेरणा के रूप में कार्य करते हैं। रेणुका सदन में आवासीय और भोजन व्यवस्था से शिक्षक और छात्रायें बेहद खुश नजर आई। शैक्षणिक भ्रमण के दूसरे दिन राष्ट्रीय डेयरी अनुसंधान करनाल का अवलोकन करने के उपरांत छात्रायें अपने गृह ज़िला की तरफ प्रस्थान कर गई। इस अवसर पर दया सिंह स्वामी, श्री राम राज कौशिक, श्री नरेश गर्ग, श्री रमेश बोध, श्री पवन मित्तल, श्रीमती मिंटो भारद्वाज,श्री भगवान दास, श्री राधेश्याम,श्री विजय भारद्वाज, श्री रमेश, श्री राजेश , श्री नरेश उपस्थित रहे।

**शैक्षणिक भ्रमण**

**8 राष्ट्रीय डेयरी अनुसंधान करनाल का अवलोकन करने के उपरांत छात्रायें अपने गृह ज़िला की तरफ प्रस्थान कर गई**

# केवल पार्क : गलियों के पुर्ननिर्माण कार्य का हुआ शुभारंभ

## विधायक के साथ पार्षद ने किया शुभारंभ, स्थानीय लोगों ने किया विधायक और निगम पार्षद का भव्य स्वागत














**टीम एक्शन इंडिया/ नई दिल्ली**
**धीरपुर** वार्ड से निगम पार्षद नेहा अग्रवाल ने अपने विकास कार्यों को एक कदम और आगे बढ़ाते हुए केवल पार्क की गलियों के पुनर्निर्माण कार्य का शुभारंभ कर दिया है। इस मौके पर निगम पार्षद नेहा अग्रवाल के साथ आदर्श नगर के विधायक पवन शर्मा, दिल्ली पेरामेडिकल बोर्ड के चेयरमैन डॉ प्रदीप अग्रवाल, अनुराग गर्ग, दिनेश तंवर, मोहन गर्ग, केवल पार्क वेलफेयर एसोसिएशन के प्रधान अरविंद मूलचंद सहित क्षेत्र की कई जानी मानी हस्तियाँ और स्थानीय लोग मौजूद रहे। नेहा अग्रवाल के अल्प कार्यकाल में ही करोड़ों के विकास कार्यों को अमलीजामा पहनाया जा चुका है। आए दिन क्षेत्र के विभिन्न वार्डों में विकासात्मक कार्य अनवरत रूप से जारी है। इसी क्रम में धीरपुर वार्ड के केवल पार्क इलाके के नेताजी मार्ग की गली का पुर्ननिर्माण कार्य का आदर्श नगर विधानसभा क्षेत्र के विधायक पवन शर्मा और निगम पार्षद नेहा अग्रवाल ने संयुक्त रूप से नारियल फोड़कर शुभारंभ किया। इस मौके पर लोगों ने बधाई दी। आपको बता दें कि गली के पुर्ननिर्माण कार्य के लिए सालों से स्थानीय लोग परेशान थे।

**विकास कार्यों को पहनाया जा रहा अमलीजामा: पवन शर्मा:** आदर्श नगर विधानसभा क्षेत्र से विधायक पवन शर्मा ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि इस विकास कार्य के लिए नेहा अग्रवाल ने बड़ी मशक्कत की है। फंड पास करवाकर विकास कार्य को अमलीजामा पहनाया। मैं आप सभी को नेताजी गली के पुर्ननिर्माण पर बधाई देता हूं और आप सभी को विश्वास दिलाता हूं कि आगे भी वार्ड के विभिन्न क्षेत्रों में विकास कार्य जारी रहेंगे।

**विकासात्मक कार्यों ने वार्ड में पकड़ी रफ्तार: नेहा अग्रवाल:** धीरपुर वार्ड से निगम पार्षद नेहा अग्रवाल ने अपने संबोधन के दौरान विधायक पवन शर्मा का धन्यवाद प्रकट करते हुए कहा कि जब-जब विकास कार्यों के लिए मुझे चर्चा करनी होती है तो विधायक पवन शर्मा अपने विचारों से मेरा मार्ग प्रशस्त करते हैं और हर संभव मदद प्रदान करते हैं। वादा किया था कि वार्ड में विकास कार्यों की कोई कमी नहीं रहेगी, आज नतीजा आप सबके सामने है। वार्ड में विकास कार्य निरंतर रूप से जारी है।

**विकास कार्यों के लिए दिन-रात प्रयत्नशील: डॉ. प्रदीप अग्रवाल:** पैरामेडिकल बोर्ड के चेयरमैन डॉ. प्रदीप अग्रवाल ने कहा कि आम आदमी पार्टी ने जनता से जो वादे किए थे आज उन सभी वादों पर खड़ी उतर रही और वार्ड में विकास कार्यों का पहिया निरंतर रूप से घूम रहा और आगे भी वार्ड में विकासात्मक कार्य अनवरत रूप से जारी रहेंगे।

# जहांगीरपुरी में आयोजित कथा में प्रभु श्रीकृष्ण का हुआ जन्म






**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
जहांगीरपुरी इलाके के जे ब्लॉक स्थित पार्क में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के चौथे दिन श्रीकृष्ण का जन्म हुआ। कथा वाचक श्रद्धेय श्री शिवानंद राधेय जी महाराज ने भक्तों को प्रभु श्रीकृष्ण की लीला से अवगत कराया। आपको बतादें कि कथा का आयोजन सेवा समर्पण चैरिटेबल ट्रस्ट बृजधाम गोर्वधन के तत्वाधान में किया जा रहा है। इस मौके पर मुख्य यजमान प्रेमराज यादव व सुनीता यादव और सेवादार कुंता जी, समाज सेविका मंगला देवी सहित सैकड़ों की संख्या में भक्त मौजूद रहे। आपको बातदें कि यह कथा 24 सितंबर तक आयोजित की जायेगी। आज की कथा में बहुताय की संख्या में भक्तों ने भाग लिया और प्रभु श्रीकृष्ण के जन्मदिन पर जमकर झूमें।

# नरेला विधानसभा क्षेत्र में धूमधाम से मनाया गया गौ माता का जन्मदिन







**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**नरेला** में प्रसिद्ध गौ सेवक सुनील खत्री (काला)ने भव्य कार्यक्रम का आयोजन कर गौ माता का जन्मदिन धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ मनाया। इस अवसर पर विशाल भंडारे का भी आयोजन किया गया। जिसमें हजारों लोगों ने भोजन प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री जीतन राम मांझी मौजूद रहे। कार्यक्रम में वक्ताओं ने सनातन धर्म में गायों की महता और उपयोगिता का वर्णन किया। इस अनूठे कार्यक्रम की पूरे क्षेत्र में चर्चा रही। आज के समय हर इंसान पैसा प्रॉपर्टी की तरफ भागता है। प्रत्येक व्यक्ति अधिक से अधिक धन दौलत कमाने के लिए दिन-रात मेहनत करता है। मगर धन दौलत के पीछे भागते लोगों की इस दुनिया में सुनील खत्री जैसे लोग भी मौजूद हैं, जो तन ,मन, धन से गौ माता की सेवा में जुटे हैं जो वास्तव में सच्चे गौ रक्षक और गौ सेवक भी हैं। सुनील खत्री पिछले15 वर्षों से निःस्वार्थ भाव से गोवंश के लिए पशु आहार, दवाइयां चारे पानी की व्यवस्था कर रहे हैं। गौ सेवा के इसी क्रम में प्रसिद्ध गौ सेवक सुनील खत्री ने बाहरी दिल्ली के नरेला में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी गौ माता का जन्मदिन बड़े ही धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ मनाया। इस अवसर पर गौ माता का पूजन कर, रोली चावल से तिलक लगाकर, माल्यार्पण कर केक काटकर गौ माता का जन्मदिन धूमधाम से मनाया। इस दौरान भव्य शोभा यात्रा व विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें करीब 25 हजार की संख्या में लोगों ने पहुंचकर भोजन प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि, अति विशिष्ट, अतिथि बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री जीतन राम मांझी, वरिष्ठ आईएएस अधिकारी मनोज कुमार द्विवेदी, पुलिस उपायुक्त आलोक कुमार, सहायक पुलिस उपायुक्त जयपाल, गोपाल मणि जी महाराज, योगी प्रियव्रत अनिमेष जी महाराज का माल्यार्पण कर पुष्पगुच्छ, प्रतीक चिन्ह भेटकर स्वागत सम्मान किया गया।

इस दौरान भव्य शोभा यात्रा निकाली गई। बैंड बाजो, ढोल नगाड़ों के व आकर्षक झांकियां के साथ निकाली शोभायात्रा का नरेला में जगह-जगह पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। शोभायात्रा में गौ माता व भारत माता की झांकी आकर्षण का केंद्र रही। इस अवसर पर समाजसेवी सुरेंद्र महरौलिया ने कहा कि सुनील खत्री युवाओं के लिए मिसाल बन चुके हैं। गौ सेवा करना किसी एक का दायित्व नहीं बल्कि, हर किसी का कर्तव्य है। यदि गौ माता के जन्मदिन जैसे कार्यक्रम समय-समय पर आयोजित हो तो लोगों में नई चेतना जागेगी। कार्यक्रम में कमल खत्री, निगम पार्षद दिनेश भारद्वाज, सुनील खत्री, संजय खत्री, हेमराज बंसल, विष्णु भारद्वाज, राजेश खत्री, पवन खत्री (मोनी ), योगेश शर्मा, भानु आनंद प्रकाश खत्री, प्रवीन खत्री, मांगे राम अत्रि, राजेश रामगोपाल शर्मा, राजेश जैन, मनोज बंसल, विकास बंसल, श्रीनिवास वर्मा,वीरेंदर कौशिक, रणबीर सिंह, सुरेंदर मेहरोलिया, राजेश कुंडू, मोहित गौतम, सोनू खोभा, अंकु विजय भगत, नवल किशोर सहित हजारों की संख्या में लोग मौजूद रहे।

## न्यूज फ्लैश

### करनाल में मिले डेंगू के 7 नए पॉजिटिव केस

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।** सिविल सर्जन डॉ.विनोद कमल ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग की ओर से आमजन को डेंगू से बचाव बारे सचेत व जागरूक किया जा रहा है। डेंगू की रोकथाम के लिए जन समुदाय की सहभागिता बेहद जरूरी है। उन्होंने बताया कि मच्छर प्रजनन स्थलों को चिह्नित कर तथा मच्छर प्रजनन रोकने के उपायों के बारे में आम जनता को जागरूक किया जा रहा है। सिविल सर्जन ने बताया कि बुधवार को जिला में डेंगू के 7 केस मिले हैं तथा जिला में अब तक 188 डेंगू के केस मिले हैं। जिला में अब तक 376441 घरों को वीबीडी टीम द्वारा कवर किया जा चुका है, इसके लिए ग्रामीण व शहरी क्षेत्र में स्वास्थ्य विभाग की कुल 160 टीमें कार्य कर रही है। उन्होंने बताया कि सभी तरह का बुखार डेंगू नहीं होता है। बुखार होने पर बिना समय गंवाए डॉक्टर से संपर्क करें। डॉक्टर जांच के बाद जैसा परामर्श दें उसके अनुसार अपना इलाज करवाएं। डेंगू होने की स्थिति में सभी मरीजों को अस्पताल में भर्ती होने की आवश्यकता नहीं पड़ती है।

### आइटीआइ का छात्र संदिग्ध परिस्थितियों में लापता

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया। करनाल** जिले से आईटीआई का छात्र संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गया। परिजनों को रामनगर के पास नहर किनारे छात्र का बैग, मोबाइल, जूते और पर्स मिला है। तभी से परिजन नहर के पास सर्च अभियान चला रहे हैं। जिले के बड़ागाव निवासी 19 वर्षीय अभिषेक पुत्र नरेश कुमार पूंडरी से आईटीआई कर रहा था। पिता नरेश ने बताया कि मंगलवार सुबह साढ़े 6 बजे अभिषेक घर से पूंडरी आईटीआई के लिए निकला था। शाम 5 बजे तक अभिषेक पूंडरी आईटीआई में था। शाम साढ़े 6 या पौने 7 बजे तक अभिषेक वापस घर लौट आता था। नरेश ने बताया कि जब उसका बेटा घर नहीं लौटा तो उसने कम से कम 30 बार कॉल की, लेकिन अभिषेक ने फोन नहीं उठाया। रात पौने 9 बजे पुलिस ने सूचना दी कि अभिषेक का बैग, जूते, पर्स, मोबाइल और ईयरफोन करनाल रामनगर नहर की पटरी पर मिले हैं। नरेश ने बताया कि अभिषेक का मोबाइल टूटा हुआ मिला है, जो पहले बिल्कुल ठीक था। अभिषेक की बड़ी बहन शीतल शादीशुदा है और बड़ा भाई विशाल एमए की पढाई कर रहा है। कुंजपुरा थाना पुलिस ने गुमशुदगी रपट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।


### महिलाओं को उनका हक और हिस्सेदारी दिलाने के लिए कांग्रेस ने हमेशा आवाज उठाई : सुमिता सिंह

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।** पूर्व विधायक सुमिता सिंह ने कहा कि भाजपा का महिला आरक्षण से संबंधित विधेयक महिलाओं के साथ धोखा हुआ है। उन्होंने कहा कि 2021 में जनगणना नहीं हुई। नए परिसीमन पर 2026 तक रोक है। आखिरी बार 1971 की जनगणना के आधार पर परिसीमन हुआ था। पहले जनगणना होगी, फिर परिसीमन होगा और उसके बाद नए संसदीय सीटों के हिसाब से महिला आरक्षण लागू होगा। उन्होंने कहा कि यह सरकार पर निर्भर है कि वह जनगणना कब कराती है और फिर परिसीमन महिला आरक्षण के 2024 में लागू के आसार नहीं हैं। आगे पांच राज्यों में विधानसभा चुनाव को देखते हुए सरकार जल्दबाजी में यह विधेयक पारित करवाना चाहती है। उन्होंने कहा कि विधेयक में ओबीसी व अल्पसंख्यक महिलाओं का आरक्षण निश्चित होना चाहिए।

### देश की महिला शक्ति को उनका अधिकार देने वाले प्रधानमंत्री मोदी जी का आभार: शाह

**करनाल:** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व और केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह के कुशल मार्गदर्शन में लोकसभा में ऐतिहासिक महिला आरक्षण बिल को पेश किया गया। इस बिल का नाम नारी शक्ति वंदन अधिनियम रखा गया है। शाह ने देश की महिला शक्ति को उनका अधिकार देने के लिए मोदी जी का आभार प्रकट किया। शाह ने कहा कि, मोदी जी ने यत्र नार्यस्तु पूज्यन्ते, रमन्ते तत्र देवता को चरितार्थ करने का काम किया है। यह विधेयक महिला सशक्तिकरण की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा। 27 साल से लंबित इस विधेयक के कानून बनते ही 543 सदस्यों वाली लोकसभा में महिला सदस्यों की मौजूदा संख्या 82 से बढ़कर 181 हो जाएगी। इसके पारित होने के बाद विधानसभाओं में भी महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत सीट आरक्षित हो जाएंगी। इस दौरान लोकसभा में विपक्ष के नेता अधीर रंजन चौधरी ने सदन को बताया कि यूपीए द्वारा पेश किया गया पुराना महिला आरक्षण विधेयक अभी भी सदन के समक्ष लंबित है। उन्होंने यह भी कहा कि पुराने बिल को लोकसभा से मंजूरी मिल चुकी है। इस झूठे दावे का पदार्फाश करते हुए अमित शाह ने अधीर रंजन चौधरी को महिला आरक्षण विधेयक से संबंधित उनके तथ्यात्मक रूप से गलत बयानों पर स्पष्टीकरण देने को कहा। शाह ने सदन में स्पष्ट किया कि, अधीर रंजन चौधरी ने फैक्ट के साथ खिलवाड़ करते हुए दो गलत बयान दिए हैं। उन्हें सबूत सामने लाकर सदन के पटल पर रखना चाहिए। अगर विधेयक लोकसभा में पारित हो गया और उसे राज्यसभा में पारित नहीं किया गया। वहीं, उस दौरान लोकसभा का कार्यकाल समाप्त हो गया तो विधेयक खुद ही खारिज माना जाता है। मोदी जी की दूरदर्शिता और शाह की नीतियों के तहत नारी शक्ति वंदन अधिनियम बिल को सोमवार को कैबिनेट ने मंजूरी दे दी थी। विधेयक में फिलहाल 15 साल के लिए आरक्षण का प्रावधान किया गया है और संसद को इसे बढ़ाने का अधिकार होगा।

# सिख गुरुद्वारा प्रबन्धक समिति की मतदाता सूची को लेकर हुई बैठक



करनाल/टीम एक्शन इंडिया। हरियाणा सिख गुरुद्वारा प्रबन्धक समिति की मतदाता सूची बनाने को लेकर घरौंडा की एसडीएम अदिति ने अपने कार्यालय में अधिकारियों व कर्मचारियों की बैठक ली और आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने एआरओ (बीडीपीओ) करनाल व अन्य सम्बंधित अधिकारियों को मतदाता सूची को जल्द से जल्द तैयार करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि हरियाणा सिख गुरुद्वारा प्रबन्धक समिति के चुनाव से सम्बधित मतदाता सूची के कार्य को प्राथमिकता के आधार पर बेहतर समन्वय के साथ पूरा करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि सम्बंधित एआरओ अपने-अपने क्षेत्रों के तहत गुरूद्वारा प्रबन्धकों के पदाधिकारियों, पटवारी व ग्राम सचिवों की बैठक लेकर वोट बनवाने के लिए प्रेरित करें। उन्होंने बताया कि निर्धारित फॉर्म अनुसार सम्बंधित एक केशधारी सिख हूं, वह दाढी या केशों को साफ या हजामत नहीं करता, धुम्रपान नहीं करता या किसी भी रूप में कुथा (हलाल मास का प्रयोग नहीं करता), मादक पेय नहीं लेता, पतित नहीं हूं, एक जनवरी 2023 को 18 वर्ष की आयु पूरी कर ली हो, उपरोक्त पते का पिछले छः माह से अधिक का सामान्य निवासी हो, यह नियम शामिल हैं। उन्होंने कहा कि कोई भी व्यक्ति जो इन नियमों व शर्तों को पूरा करता है वह बीडीपीओ कार्यालय से कार्य दिवस पर प्रातः 9 से सायं 5 बजे तक फॉर्म प्राप्त कर सकता है और उसे भरके जमा करवा सकता है। वोट बनवाने के लिए अपने सर्कल के तहत पटवारी व ग्राम सचिव से सम्पर्क कर सकते हैं। उसके लिए सम्बंधित को फॉर्म भरके आधार कार्ड व विधानसभा सम्बंधित वोटर कार्ड लाकर अपनी वोट हरियाणा सिख गुरुद्वारा प्रबन्धक समिति की मतदाता सूची में दर्ज करवा सकता है। उन्होंने गुरूद्वारा प्रबन्धक कमेटी के पदाधिकारियों को भी आह्वान किया कि वे भी अपने-अपने क्षेत्रों में वोट से सम्बंधित जो कार्य है उसके लिए सम्बंधित व्यक्ति को बीडीपीओ कार्यालय में भेजें, ताकि मतदाता सूची बनाने के कार्य को किया जा सकें। उन्होंने कहा कि हरियाणा सिख गुरुद्वारा प्रबन्धक समिति की मतदाता सूची बनाने को लेकर सरकार सजग है।

## राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में जरूरतमंद बच्चों को किए जूते वितरित



**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय टपराना में समाजसेवी मोहनलाल कक्कड़ एवं दयारानी कक्कड़ द्वारा विद्यालय प्रधानाचार्या सुनीता कक्कड़ के आग्रह पर 101 जरूरतमंद छात्रों को जूते वितरित किए गए। प्रधानाचार्या ने बताया कि विद्यालय में कुछ छात्र एवं छात्राएं ऐसे पाए गए, जो बार-बार प्रयास करने के बाद भी जूते खरीदने में असमर्थ दिखाई दिए। इस समस्या को देखते हुए जरूरतमंदों को समाजसेवियों के माध्यम से जूते उपलब्ध करवाने का सुझाव स्टाफ सदस्यों ने रखा। मोहनलाल कक्कड़ ने कहा कि इस प्रकार के कार्य करना हमारे लिए सौभाग्य की बात है तथा हम समय-समय पर ऐसे नेक कार्य विद्यार्थियों के हित को देखते हुए करते रहेंगे। प्राथमिक विद्यालय मुखिया राजेश कुमार ने बताया कि पहले भी प्राथमिक विद्यालय में 65 फीट ऊंचा राष्ट्रध्वज स्थापित करवाया गया था, जिसमें समाजसेवियों की सहायता ली गई थी।

## उपायुक्त ने दिया लंबित सीएम घोषणाओं पर जल्द कार्यवाही का भरोसा



करनाल/टीम एक्शन इंडिया। उपायुक्त अनीश यादव ने कहा कि मुख्यमंत्री घोषणाओं के विकास कार्यों को जल्द से जल्द पूरा किया जाए। जिन क्षेत्रों में विकास कार्य लंबित पड़े हैं, या प्रोजेक्ट प्रगति पर हैं, उन कार्यों में अधिकारी तेजी लाएं। उन्होंने कहा कि शीघ्र अति शीघ्र प्रोजेक्ट पूरे होंगे तो आम लोगों को अधिक से अधिक सुविधाएं मिलेंगी।
उपायुक्त अनीश यादव बुधवार को लघु सचिवालय स्थित सभागार में मुख्यमंत्री घोषणाओं से जुड़े विकास प्रोजेक्ट के संबंध में अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक में बोल रहे थे। इससे पूर्व मुख्यमंत्री के सलाहकार (सिंचाई व सीएम विंडो) देवेंद्र सिंह ने वीडियो कांफ्रैंसिंग के जरिये मुख्यमंत्री की लंबित घोषणाओं को लेकर समीक्षा बैठक की। इसके उपरांत डीसी ने अधिकारियों की बैठक ली और मुख्यमंत्री की घोषणाओं में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि करनाल मुख्यमंत्री का गृह क्षेत्र है। जिला में विकास कार्यों को लेकर मुख्यमंत्री मनोहर लाल द्वारा की गई घोषणाओं को पूरा करने के लिये अधिकारियों को गंभीरता से कार्य करना चाहिए। उन्होंने बताया कि सीएम द्वारा अब तक जिला में विकास संबंधी 649 घोषणाएं की गई हैं। इसमें से 137 अभी लंबित हैं। उपायुक्त को कहा कि लंबित घोषणाओं पर उचित कार्यवाही करके एक महीने के भीतर रिपोर्ट मुख्यालय को प्रेषित करायें। सीएम द्वारा की गई अनेक ऐसी घोषणाएं हैं जिनसे क्षेत्र में विकास के नये द्वार खुलेंगे। उन्होंने कहा कि

## पिस्तौल की नोंक पर आढ़ती से रुपए लूटने वाला काबू



**करनाल/टीम एक्शन इंडिया। सीआईए वन** की टीम द्वारा आढ़ती से रुपए लूटने वाले एक आरोपी प्रमोद उर्फ मद्दी पुत्र मांगे राम वासी कमालपुर रोड़ान थाना इंद्री को विश्वसनीय सूचना पर सेक्टर-4 ग्रीन बेल्ट करनाल से गिरफ्तार किया गया। आरोपी के कब्जे से 3 लाख रुपए की नगदी और वारदात में प्रयोग 315 बोर का अवैध पिस्तौल, एक जिंदा कारतूस व मोटरसाइकिल बरामद की गई। पुलिस पूछताछ के दौरान बताया कि 6 सितंबर को टी प्वाइंट सेक्टर 4 करनाल से आरोपी प्रमोद और उसके दोस्त दीपक वासी अलीगढ़ उत्तर प्रदेश ने शिकायतकर्ता बलजीत को पिस्तौल दिखाकर लूट की वारदात को अंजाम दिया था। इस संबंध में अज्ञात आरोपियों के खिलाफ थाना शहर करनाल में 6 सितंबर को भादंसं की धारा 34, 341, 379 और सशस्त्र अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया था। जांच में पाया गया कि आरोपी प्रमोद आदतन अपराधी है। आरोपी के खिलाफ पहले भी करीब पांच मुकदमे चोरी, सशस्त्र अधिनियम और डकैती के जिला गुरुग्राम, सोनीपत और पानीपत में दर्ज है, जिनमें आरोपी जेल में भी रह चुका है।

## नेहरू युवा केंद्र ने मनाया राष्ट्रीय पोषण पखवाड़ा दिवस



**करनाल/टीम एक्शन इंडिया। भारत सरकार** के स्वायत्तशासी विभाग नेहरू युवा केंद्र के तत्वाधान में जिला युवा अधिकारी रेनू सिलग के निदेर्शानुसार बुधवार को उपमंडल इंद्री के गांव मनक माजरा में राष्ट्रीय पोषण पखवाड़ा मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत नेहरू केंद्र की राष्ट्रीय राष्ट्रीय स्वयंसेवक सोनिया देवी की अध्यक्षता में हुई।
कार्यक्रम के दौरान सोनिया देवी ने राष्ट्रीय पोषण पखवाड़े के अंतर्गत बताया कि स्वस्थ शरीर के लिए कसरत करना ही नहीं, अपितु खाने में हरी सब्जियों का शामिल करना भी जरूरी है। महिलाओं को रोजाना कसरत करने, घर का खाना खाने में भारी वस्तुओं का सेवन ना करना, भारी जंक फूड महिलाओं को स्तनपान संबंधी बातों से प्रेरित किया गया। सोनिया देवी ने विशेष तौर पर हाथ धोने के तरीकों से सभी को अवगत कराया, ताकि घरों में अभिभावक व बच्चे अपने हाथों को समय पर अच्छी तरीके से साफ रखें। उन्होंने कहा कि आमतौर पर हमेशा हाथों को जल्दी-जल्दी धोया जाता है। विशेषकर बच्चे तो हाथ धोते नहीं, जिसमें हाथों के द्वारा कीटाणु हमारे पेट में जाते हैं। अच्छी सेहत के लिए अच्छी खराब की जरूरत होती है विशेष तौर पर गर्भवती महिलाओं को हरी सब्जियां, दूध, दही, मौसम अनुसार फल, उबली दालें आदि का सेवन करना चाहिए। इस मौके पर यूथ क्लब की उपाध्यक्ष अर्चना, सरपंच आरती, स्वयं सहायता समूह की अध्यक्ष रीना कुमारी, आंगनवाड़ी वर्कर सुषमा देवी, राजकुमार, प्रदीप, ऋतिक, पूर्वी, दैविक, रूद्र, बबली, महिंद्रो, धर्मो आदि मौजूद रहे।

## वी, वी ऐप गणपति के लाईव दर्शन के साथ गणेशोत्सव के उत्साह को बढ़ाने के लिए तैयार

**गुरुग्राम।** सालाना गणेश उत्सव आ गया है और महाराष्ट्र अपने सबसे प्रिय बप्पा, भगवान गणेश के स्वागत के लिए बेहद उत्सुक है। 19-28 सितम्बर 2023 के बीच दस दिन के गणेशोत्सव के दौरान महाराष्ट्र उत्सव के रंग में रंगा नजर आएगा। राज्य के हर नगर, हर गांव हर शहर के हर कोने में मंत्र, आरती, मोदक की दावत और गणेश पांडालों की धूम होगी। यह साल का वो समय भी है जब देश के विभिन्न स्थानों से श्रद्धालु अष्टविनायक मंदिरों, मुंबई में प्रतिष्ठित लालबागचा राजा और पुणे के दगडुसेठ गणपति के दर्शन के लिए लम्बी कतारों में नजर आते हैं। देश भर में उपभोक्ता आराम से अपने बप्पा भगवान गणेश के दर्शन कर सकें, इसके लिए जाना-माना दूरसंचार सेवा प्रदाता वी, वी ऐप तथा वी मुवीज एवं टीवी ऐपके माध्यम से लालबागचा राजा, दगडुसेठ गणपति और चार अष्टविनायक मंदिरों के लाईव दर्शन की लाईव स्ट्रीमिंग करने जा रहा है। वी के यूजर पूरे दस दिनों के उत्सव के दौरान अपने घर में आराम से बैठकर लालबागचा राजा और दगडुसेठ गणपति मे रोजाना होने वाले अनुष्ठानों एवं ह्यआरतीह्ल के लाईव दर्शन पा सकते हैं। शेमारो के साथ साझेदारी में वी मुवीज एण्ड टीवी ऐप या वी ऐप के माध्यम से रोजाना आरती का लाईव प्रसारण होगा और यूजर अपने मोबाइल फोन के जरिए इनका आनंद उठा सकेंगे। गणेश उत्सव के अंतिम दिन यानि अनंत चर्तुदशी पर वी के यूजर्स को लालबागचा राजा के विसर्जन जुलूस की लाईव स्ट्रीमिंग में वर्चुअली शामिल होने का मौका मिलेगा, लाखों श्रद्धालु अपने घर बैठे गणपति बप्पा को भावभीनी विदाई दे सकेंगे। वी ने मुंबई के चुनिंदा वी स्टोर्स पर विशेष रूप से डिजाइन की गई एलईडी स्क्रीन भी लगाई हैं।

## फ्लिपकार्ट बिग बिलियन डेज के माध्यम से विकास की नई राह बनाने वाले उद्यमियों की सफलता की कहानी

**टीम एक्शन इंडिया/गुरुग्राम।** कदम बढ़ाते हैं 'बिग बिलियन एक्सप्लोरर्स' की अनूठी दुनिया में, जहां हम सुनेंगे उन सेलर्स की कहानी, जिन्होंने फ्लिपकार्ट के वार्षिक फ्लैगशिप इवेंट 'द बिग बिलियन डेज' के दम पर सफलता की नई कहानी लिखी है। हमें सभी कहानियों में एक समानता दिखती है, वह है झ द बिग बिलियन डेज। यह कारोबार की सफलता को नए स्तर पर ले जाने में एक कैटलिस्ट की भूमिका निभाता है। मिलते हैं आगरा में स्थापित ऑनलाइन शू स्टोर 'हैस्टी टोज' के मालिक आलोक वर्मा से। जूते के कारोबार की पारिवारिक विरासत और क्वालिटी को लेकर अपने पैशन के साथ आलोक ने तीन साल पहले डिजिटल कारोबार का सफर शुरू किया था। अपने ऑनलाइन वेंचर को गति देने के लिए उन्होंने 7-8 लोगों की छोटी और मजबूत टीम बनाई।

## पेड़-पौधे हैं तो जीवन है: प्रियंका काठपाल

### भाविप की श्री राधा-कृष्णा शाखा ने गांव मंगलौरा में किया पौधारोपण




**करनाल/टीम एक्शन इंडिया। हमारे स्वास्थ्य** जीवन जीने की राह में पर्यावरण का अहम योगदान है। यदि पर्यावरण स्वच्छ व प्रदूषण रहित है तो मनुष्य स्वस्थ व लम्बा जीवन जीता है। स्वच्छ पर्यावरण की इसी कड़ी में सहयोग करते हुए भारत विकास परिषद श्री राधा-कृष्ण शाखा के सदस्यों द्वारा अध्यक्ष प्रियंका काठपाल की अध्यक्षता में आद धर्मिया आश्रम, मंगलौरा गांव में 100 पौधे जिसमें क्रमशः दो त्रिवेणी और कई आम, जामुन, ऑवला, बहेड़ा इत्यादि के पौधों का रोपण किया गया। शाखा अध्यक्ष प्रियंका काठपाल ने कहा कि पेड़-पौधे हैं तो जीवन है। आज लगाए हुए पौधों के फलों का सेवन भावी पीढ़ी करेगी। यह भविष्य के लिए आज किया गया निवेश है। पौधारोपण का प्रारंभ आदधर्मिया आश्रम के संरक्षक, जिन्हें सभी गुरूजी कहकर बुलाते हैं, के करकमलों के द्वारा किया गया। सुनील गहलोत इस प्रकल्प के प्रमुख रहे। कार्यक्रम में उपाध्यक्ष प्रभा शर्मा, कोषाध्यक्ष राकेश अरोड़ा, संगठन सचिव उमेश तनेजा, महिला संयोजिका अनीता सिंह, देवेन्द्र रोहिला, दीपक चौधरी का विशेष सहयोग प्राप्त हुआ। गुरूजी ने शाखा के सदस्यों का आगमन के लिए आशीर्वाद व धन्यवाद दिया।

## सम्पत्ति कर के बड़े डिफाल्टरों पर नगर निगम ने कसा शिकंजा



**करनाल/टीम एक्शन इंडिया। नगर निगम ने** अपने सम्पत्ति कर राजस्व में इजाफा करने के लिए शहर के 21 बड़े डिफाल्टरों को नोटिस जारी कर दिए हैं। नोटिस में 30 दिन का समय दिया गया है। इस अवधि के बीत जाने के बाद निगम अपनी शक्तियों का प्रयोग करते हुए सम्बंधित व्यक्ति की सम्पत्ति सील व अटैच करेगा। अटैच सम्पत्ति की नीलामी करके निगम अपना प्रॉपर्टी टैक्स वसूल करेगा। ऐसे डिफाल्टरों की ओर निगम का करीब 5 करोड़ रुपये वर्ष 2010 से बकाया है। नगर निगम आयुक्त अभिषेक मीणा ने बुधवार को यह जानकारी दी।
राज्य सरकार के 23 विभागों को अर्ध-सरकारी पत्र करेंगे जारी- उन्होंने बताया कि राज्य सरकार के करीब 23 विभाग, जिनकी ओर सम्पत्ति कर बकाया पड़ा है, सभी को नगर निगम की ओर से डी.ओ. लेटर यानि अर्ध-सरकारी पत्र चालू सप्ताह में ही जारी कर दिए जाएंगे। उन्होंने बताया कि इन विभागों के प्रतिनिधियों से बातचीत की गई है कि वे अपने मुख्यालय से सम्पर्क साधकर बकाया टैक्स नगर निगम में जमा करवाने की कवायद करें।
अपनी आई.डी. को करें स्व-प्रमाणित, उठाएं 15 प्रतिशत छूट का लाभ- निगमायुक्त ने बताया कि नागरिक एन.डी.सी. पोर्टल पर अपनी सम्पत्ति कर आई.डी. डालकर उसे स्व प्रमाणित कर सकते हैं। ऐसा करना बहुत आसान है। जैसे ही इसमें डिटेल आएगी, उसे ध्यान से पढने के बाद, जो ठीक दिखाई दे, उसे येस करें, जो ठीक न हो, उसमें नो करके साथ-साथ ऑब्जैक्शन डाल दें, डाले गए ऑब्जैक्शन का समाधान हो जाएगा। उन्होंने नागरिकों से अपील की है कि वे स्वयं अपनी आई.डी. को स्व-प्रमाणित कर लें। उन्होंने बताया कि स्व-प्रमाणित करने पर सम्बंधित व्यक्ति को सरकार की ओर से चालू वित्त वर्ष के बिलों पर 15 प्रतिशत की छूट दी जाएगी, जिसकी अंतिम तिथि 30 सितंबर 2023 है। इसमें एक फायदा यह भी है कि ऐसा करने के बाद आई.डी. सम्बंधित नागरिक ही देख सकता है, अन्य कोई दूसरा व्यक्ति नहीं देख सकता।
निगम के खजाने में अब तक 5 करोड़ रुपये टैक्स जमा- निगमायुक्त ने बताया कि नगर निगम के खजाने में अब तक 5 करोड़ रुपये प्रॉपर्टी टैक्स जमा हो चुका है। उन्होंने बताया कि निगम द्वारा शहर में एसेसमेंट नोटिस भी बांटे जा रहे हैं। अगर किसी व्यक्ति को नोटिस की प्राप्ति नहीं होती, तो वह अपनी प्रॉपर्टी आई.डी. से निगम के काउंटर पर आकर या ऑनलाईन पोर्टल पर सम्पत्ति कर की जानकारी लेकर उसे अदा कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि सम्पत्ति कर को पोर्टल पर ऑनलाईन जमा करवाने की भी सुविधा है। ऐसा करने पर सम्बंधित व्यक्ति को चालू वित्त वर्ष के बिल पर 1 प्रतिशत की अतिरिक्त छूट का लाभ मिलेगा।

## हर आसन और प्राणायाम में श्वासों का विशेष महत्व : नीलम बटला



**करनाल/टीम एक्शन इंडिया। मेरा मिशन स्वस्थ** भारत द्वारा संस्थापक दिनेश गुलाटी के नेतृत्व में पिछले कई वर्षों से योग कक्षाएं निरंतर चलाए जा रही हैं, जिससे लाखों लोग जुडकर लाभ ले चुके हैं। मिशन स्वस्थ भारत की अलख जागते हुए वे पिछले 18 वर्षों से योग करवा रहे हैं। इसी अभियान के अंतर्गत योग कक्षा आईसीएआर गेहूं एवं जौ अनुसंधान केंद्र में योग शिक्षिका नीलम बटला ने वैज्ञानिक और शिक्षार्थियों को योगाभ्यास करवाया। अनुसंधान केंद्र के निदेशक डॉक्टर ज्ञानेंद्र सिंह विशेष रूप से योग में रुचि रखते हुए सभी वैज्ञानिकों के साथ प्रतिदिन योग कर रहे हैं। नीलम बटला ने साधकों को योगाभ्यास के साथ स्वास्थ्य के महत्व समझाया। उन्होंने कहा कि हर आसन और प्राणायाम में श्वासों का विशेष महत्व है जब हम सांसों के साथ इनका अभ्यास करते हैं, तब उसके लाभ भी बढ़ जाते हैं। उन्होंने कहा कि प्राणायाम का आज के समय में विशेष महत्व है। सांसों की गति के साथ किया गया प्राणायाम हमारे शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाता है। उन्होंने कक्षा में हस्यासन का अभ्यास भी कराया, जिससे शरीर में खून का संचार बढ़ता है।

## संपादकीय

# नारी शक्ति के अभ्युदय का नया इतिहास रचा

**भारतीय** संसद के नए भवन के पहले सत्र का श्रीगणेश अनेक दृष्टियों से ऐतिहासिक, यादगार एवं अविस्मरणीय रहा। मंगलवार के शुभदिन अनेक नये अध्याय एवं अमिट आलेख रचे गये, जिनमें सरकार और विपक्ष के बीच सौहार्दपूर्ण संबंध की दुर्लभ तस्वीर सामने आयी, वहीं नारी शक्ति वंदन अधिनियम 2023 के रूप में नारी शक्ति के अभ्युदय का नया इतिहास रचा गया। यह सुनकर एवं देखकर अच्छा लगा कि सभी नेताओं ने पार्टी लाइनों से ऊपर उठकर बाबा साहेब अंबडेकर, पंडित जवाहरलाल नेहरू, बाबू राजेंद्र प्रसाद, अटलविहारी वाजपेयी जैसे सभी महान नेताओं को याद किया, जिन्होंने नया एवं सशक्त भारत बनाने में योगदान दिया। हर राजनीतिक दल महिला उत्थान, उन्नयन एवं विधायी संस्थानों में संतुलित महिला प्रतिनिधित्व के लंबे-चौड़े दावे करते रहे हैं और वादे भी, लेकिन जब समय आता है तो महिलाओं को उनका हक देने में अनेक किन्तु-परन्तु एवं कौताही होती रही है। पिछले लोकसभा चुनाव में कुल 82 महिला सांसद चुनकर आई थी। जिस देश में आधी आबादी महिलाओं की हो, वहां सिर्फ 15 फीसदी महिलाएं ही लोकसभा पहुंचे तो आश्चर्य ही नहीं, बल्कि विडम्बनापूर्ण ही है। आश्चर्य की बात यह कि 2019 से पहले हुए चुनावों में जीतने वाली महिला सांसदों की संख्या 82 से भी कम रहती आई है। विधानसभाओं के हाल भी कमोबेश लोकसभा जैसे ही हैं। ऐसे हालात में भाजपा एवं मोदी सरकार ने साहस का परिचय देते हुए महिला आरक्षण विधेयक को पेश कर सराहनीय उपक्रम किया है, इससे लोकतंत्र मजबूत होगा। इससे शासन चलाने में महिलाओं की भागीदारी बढ़ेगी तो उनके खिलाफ होने वाले अत्याचार के मामले भी कम होंगे। सवाल सिर्फ सांसद-विधायक का ही नहीं है, प्रयास होने चाहिए कि मंत्री पद पर भी महिलाओं की भागीदारी बढ़े।

महिला आरक्षण को लेकर कई बहसें और विवाद होते रहे हैं। संसद में कई प्रयास किये गये। 1996 में इससे जुड़ा पहला बिल पेश किया गया था। अटल बिहारी वाजपेयी के कार्यकाल में कई बार महिला आरक्षण विधेयक लाया गया लेकिन इसके लिए संख्या नहीं जुटाई जा सकी और सपना अधूरा रह गया। महिलाओं के अधिकार सुनिश्चित करने, उनकी शक्ति का उपयोग करने और ऐसे अनेक महान कार्यों के लिये प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जो पहल की है, इसके लिये वे अभिनन्दनीय है। भले ही विधेयक पारित होने के बावजूद इसका लाभ लेने के लिए महिलाओं को अभी और इंतजार करना पड़ेगा। यानी 1996 में पहली बार पेश आरक्षण विधेयक के व्यावहारिक रूप में लागू होने में अभी तीन चार साल और लगने के आसार हैं। लेकिन, यहां एक सवाल उठना स्वाभाविक है कि आखिर महिला आरक्षण विधेयक संसद में लाने की जरूरत क्यों पड़ी? क्या बिना आरक्षण के राजनीतिक दल महिलाओं को लोकसभा और विधानसभा चुनाव में पर्याप्त टिकट नहीं दे सकते? मुद्दे की जड़ यह है कि राजनीतिक दल चाहे वह भाजपा हो या कांग्रेस या कोई अन्य दल, लोकसभा और विधानसभा चुनावों में अधिक संख्या में महिला उम्मीदवारों को टिकट देने की शुरूआत आने वाले चुनावों में ही करें, इसके लिए उन्हें किसी कानून की जरूरत नहीं होनी चाहिए।

# नारी शक्ति वंदन विधेयक संसद के विशेष सत्र में पास



किशन भावनानी

“आरोप लगाया कि पहले कई बार विधेयक को जानबूझकर पास नहीं होने दिया गया। साथियों बात अगर हम बिल पेश होने पर माननीय पीएम की करें तो उन्होंने कहा, हर देश की विकास यात्रा में ऐसे मील के पत्थर आते हैं, जब वह गर्व से कहता है कि आज के दिन हम सभी ने नया इतिहास रचा है। ऐसे कुछ पल जीवन में प्राप्त होते हैं। नए सदन के प्रथम सत्र के प्रथम भाषण में मैं विश्वास और गर्व से कह रहा हूं कि आज का यह पल और आजका यह दिवस संवत्सरी और गणेश चतुर्थी का आशीर्वाद प्राप्त करते हुए इतिहास में नाम दर्ज करने वाला समय है। हम सभी के लिए यह पल गर्व का है। अनेक वर्षों से महिला आरक्षण के संबंध में बहुत चर्चाएं हुई हैं। बहुत वाद-विवाद हुए हैं। महिला आरक्षण को लेकर संसद में पहले भी कुछ प्रयास हुए हैं”

वैश्विक स्तरपर हालांकि महिलाओं को विशेष दजार्सुविधा, सम्मान भारत में अपेक्षाकृत अधिक प्राप्त है परंतु अगर महिलाओं के नेतृत्व की बात आए तो हम उसमें पिछड़ते नजर आएंगे क्योंकि वर्तमान समय में भारत की लोकसभा में महिलाएं 543/82 यानें 15.21 प्रतिशत और राज्यसभा में 14 प्रतिशत प्रतिनिधित्व है और ऐसे कई आंकड़े राज्यों के विधानसभाओं के भी हैं परंतु इसकी तुलना अगर हम दुनियां के बढ़ते महिलाओं के नेतृत्व प्रभुत्व से भारत को खड़ा करें तो हम अपने आप को पीछे पाएंगेकि अनेक विकसित विकासशील देशों को देखें तो अमेरिका में 535 सदस्य जिनमें 100 अमेरिकी सीनेट में है, अमेरिका की प्रतिनिधि सभा में 125 महिलाएं यानें 28.7प्रतिशत है अगस्त 2023 तक हाउस ऑफ कॉमंस में 223 महिलाएं थी जो पहली बार एक तिहाई से अधिक हैं। फ्रांस में 2022 में चुनाव में 37.3 प्रतिशत दक्षिण अफ्रीका में 40 प्रतिशत महिला प्रतिनिधि और नेशनल काउंसिल ऑफ प्रोटीन में 36 प्रतिशत महिला प्रतिनिधि हैं पर सबसे बड़ी बात अफ्रीकी देश खांडा में 60 प्रतिशत से अधिक सीटों पर महिलाओं का कब्जा है। इस तरह यूरोप में अमेरिका में कैबिनेट मंत्रियों में महिलाओं कीहिस्सेदारी सबसे अधिक है वैसे भी देखा जाए तो मेरा मानना है कि महिलाओं में जवाबदारी जवाबदेही जिम्मेदारी लगन सहित नेतृत्व की योग्यताएं अपेक्षाकृत अधिक महसूस की जा सकती हैं।फिर यह जरूरी हो जाता है कि महिलाओं को नेतृत्व में आगे बढ़ाया जाए जिसकी कोशिशें हम पिछले 27 वर्षों से कर रहे हैं और अब दिनांक 19 सितंबर 2023 को फिर एक बार सांसद ने महिला आरक्षण बिल के रूप में नारी शक्ति वंदन विधेयक पेश किया गया है। जिसके लिए 128 वां संविधान संशोधन विधेयक 2023 लोकसभा में पेश किया गया जिसमें एससी-एसटी महिलाओं को उन्हीं के कोटे में ही आरक्षण मिलेगा यानी इस वक्त लोकसभा में एससी एसटी के लिए आरक्षित 131 सीटें हैं। ज अब आरक्षण लागू होने पर एक तिहाई यानी 44 सीटें महिला एससी-एसटी के लिए आरक्षित हो जाएगी। बाकी 87 सीटों पर महिला पुरुष कोई भी चुनाव लड़ सकता है और विशेष बात ओबीसीमहिलाओं के लिए अलग से आरक्षण का प्रावधान बिल में नहीं है।बता



दे यह महिला आरक्षण 33 परसेंट 15 वर्ष की अवधि तक ही लागू रहेगी उसके बाद इस पर फिर से विचार होगा। बता दें अभी लोकसभा में 540 सीटें हैं। महिला आरक्षण लागू होने के बाद एक तिहाई जाने 181 सीटों पर महिलाओं के लिए आरक्षीत होगी, फिर रोटेशन सिस्टम से हर अगले चुनाव में 181 सीटें बदल जाएगी परंतु इन सीटों पर महिलाएं ही चुनाव लड़ सकती हैं जबकि अन्य बच्ची सीटों पर भी किसी भी वर्ग की महिलाएं चुनाव लड़ सकती है यानी महिलाओं के दोनों हाथों में खुशी के लड्डू दिए जा रहे हैं। परंतु महिला आरक्षण में ओबीसी आरक्षण नहीं मिलने से विपक्ष के नेता बड़ी पार्टी के अध्यक्ष बरस पड़े और उनके बयान को लेकर पेंच फंसा और हंगामा खड़ा हुआ और संसद की कार्यवाही 20 सितंबर 2023 सुबह 11:00 बजे तक के स्थगित की गई वैसे भी अगर हम इस बिल में देखें तो बिल में स्पष्ट उल्लेखनीय है कि यह कानून बनने के बाद जनगणना होगी उसके आधार पर परिसीमन होगा और फिर आरक्षण लागू होगा यानी 2024 मेंआरक्षण होने की चांस बिल्कुल नहीं है। 2029 में यह संभव होगा पूरे विश्व की नजरे इस महिला आरक्षण बिल पर लगी हुई है इसलिए आज हम मीडियम उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, राष्ट्र की विकास यात्रा में नई मंजिलों को पानें महिलाओं के नेतृत्व की सहभागिता होना समय की मांग है। साथियों बात अगर हम आरक्षण बिल लोकसभा में पेश होने की करें तो, पीएम ने मंगलवार को नए संसद भवन में पहले कानून को पेश करने का एलान किया उन्होंने कहा कि महिला सशक्तीकरण के लिए सरकार नारी शक्ति वंदन विधेयक पेश करने जा रही है।पीएम ने इसके लिए विपक्षी दलों से सहयोग मांगा और कहा कि 19 सितंबर का ये दिन इतिहास में अमर होने वाला दिन है। इसके बाद कानून मंत्री ने सदन में यह विधेयक पेश किया। इसमें महिलाओं के लिए लोकसभा और विधानसभाओं में 33 फीसदी आरक्षण का एलान किया गया। बताया गया है कि लोकसभा में अब महिलाओं के लिए 181 सीटें आरक्षित होंगी। उन्होंने कहा कि महिलाओं को लोकसभा और अलग-अलग राज्यों की विधानसभाओं में 33 फीसदी आरक्षण दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि इसके कानून बनने के बाद सदन में महिलाओं की संख्या बढ़ जाएगी। महिला आरक्षण की अवधि फिलहाल 15 साल रखी गई है। इसकी अवधि बढ़ाने का अधिकार लोकसभा के पास होगा। उन्होंने आरोप लगाया कि पहले कई बार विधेयक को जानबूझकर पास नहीं होने दिया गया। साथियों बात अगर हम बिल पेश होने पर माननीय पीएम की करें तो उन्होंने कहा, हर देश की विकास यात्रा में ऐसे मील के पत्थर आते हैं, जब वह गर्व से कहता है कि आज के दिन हम सभी ने नया इतिहास रचा है। ऐसे कुछ पल जीवन में प्राप्त होते हैं। नए सदन के प्रथम सत्र के प्रथम भाषण में मैं विश्वास और गर्व से कह रहा हूं कि आज का यह पल और आजका यह दिवस संवत्सरी और गणेश चतुर्थी का आशीर्वाद प्राप्त करते हुए इतिहास में नाम दर्ज करने वाला समय है। हम सभी के लिए यह पल गर्व का है। अनेक वर्षों से महिला आरक्षण के संबंध में बहुत चर्चाएं हुई हैं। बहुत वाद-विवाद हुए हैं। महिला आरक्षण को लेकर संसद में पहले भी कुछ प्रयास हुए हैं।

साथियों बात अगर हम महिला आरक्षण बिल के इतिहास की करें तो, भारत में महिला आरक्षण बिल की यात्रा काफी लंबी रही है. इतनी लंबी की इसमें 27 साल लग गए और 8 बार पेश करना पड़ा, लेकिन इसे लागू नहीं किया जा सका। यह बिल पहली बार देवेगौड़ा के नेतृत्व वाली संयुक्त मोर्चा की सरकार में 12 सितंबर, 1996 को लाया गया था. ये 81 वें संशोधन विधेयक के रूप में लोकसभा में पेश हुआ था। हालांकि, विधेयक सदन से पारित नहीं हो सका और लोकसभा भंग होने के साथ विधेयक भी लटक गया। इस कोशिश के करीब दो साल बाद, अटल बिहारी वाजपेयी के नेतृत्व वाली एनडीए सरकार ने 1998 में 12वीं लोकसभा में विधेयक को फिर पेश किया। वाजपेयी ने 1998 में अपने स्वतंत्रता दिवस भाषण में भी महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण का जिक्र किया था। हालांकि, इस बार भी बिल को पास होने के लिए जितने समर्थन की जरूरत थी उतना नहीं मिला और यह फिर से लटक गया.'। बाद में इसे 1999, 2002 और 2003 में वाजपेयी सरकार के दौरान ही फिर से पेश किया गया, लेकिन कोई सफलता नहीं मिली। मनमोहन सिंह के नेतृत्व वाली यूपीए-1 सरकार के दौरान महिला आरक्षण विधेयक की चर्चा ने फिर जोड़ पकड़ा। 6 मई, 2008 को ये विधेयक राज्यसभा में दोबारा पेश किया गया और इसके 3 दिन बाद, 9 मई को स्थायी समिति को भेज दिया गया. स्थायी समिति ने डेढ़ साल से भी ज्यादा समय लगाने के बाद 17 दिसंबर 2009 को अपनी रिपोर्ट पेश की। इसे फरवरी 2010 में केंद्रीय मंत्रिमंडल से मंजूरी मिल गई और महिला आरक्षण विधेयक 9 मार्च, 2010 को 186-1 वोटों के साथ राज्यसभा में पास हो गया। हालांकि, इसे सरकार ने लोकसभा में दोबारा कभी विचार के लिए नहीं रखा और 2014 में लोकसभा के विघटन के साथ ही ये फिर से पास नहीं हो पाया। यानें ये विधेयक संसद में अब तक कुल 8 बार अलग-अलग समय पर पेश हो चुका है, लेकिन कानून नहीं बन पाया।

## कविता

### मुझ पर फेके गए पत्थर अपार मिले

मुझ पर फेके गए पत्थर अपार मिले,
फक्तियाँ,ताने सैकड़ों बन गले का हार मिले।

शौक रखता हूं भीड़ में चलने का मित्रो,
कही ठोकरे,तो कही जीत के पुष्प हार मिले।

जीवन बिता यूँ आपा धापी में ही जरा,
कही मीठे बोल तो कही कर्ण कटु प्रहार मिले।

आनंद तो जीवन में चलते जाना ही हैं
कभी कहीं जीत मिले या गहरी हार मिले।

नए नए मुखौटे लगाये रोज मिलते है लोग,
कई जिंदगी से खुश तो कई बेजार मिले।

आओ मिलते है गले प्यार और मनुहार से,
ऐसी जिन्दगी,शाम शायद न बार बार मिले।

या फिर मीठी यादो की बारिश में भीग जाये,
चाहत है,ऐसी मधहोश निशा बार बार मिले।

संजीव ठाकुर

## यशोभूमि से मिला राजनैतिक सन्देश

**मृत्युंजय दीक्षित**

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने भगवान विश्वकर्मा जयंती के अवसर पर राजधानी दिल्ली में एशिया के सबसे बड़े प्रदर्शनी व कांफ्रेंस सेंटर यशोभूमि राष्ट्र को समर्पित करते हुए इसी नवीन प्रांगण से 18 प्रकार के पारंपरिक कारीगरों व शिल्पकारों की लाभ पहुंचाने के लिए प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना का शुभारंभ किया है। इस योजना के माध्यम से सुथर, बढ़ई, नाव निमार्ता, अस्त्रकार, लोहे का काम करने वाले, टोकरी, चटाई, झाडू बनाने वाले, कॉयर बुनकर, गुड़िया और खिलौना निमार्ता, पारंपरिक सुनार, कुम्हार, जूते बनाने वाले, हथौड़ा और टुलकिट निमार्ता, ताला बनाने वाले, मूर्तिकार, पत्थर तराशने वाले, पत्थर तोड़ने वाले राजमिस्त्री, बाल काटने वाले, मालाकर, कपड़े धोने वाले, दर्जी, मछली पकड़ने का जाल बनाने वाले आदि कार्य कार्य करने वाले हुनरमंद भाई बहनों को 3 लाख तक बिना गारंटी ऋण देने की घोषणा की है। विश्वकर्मा योजना के अंतर्गत स्किल अपग्रेडेशन के लिए ट्रेनिंग और 500 रुपए का स्टाइपेंड भी दिया जाएगा और यह हुनरमंद अपने हाथों से जो उत्पाद तैयार करेंगे उन तैयार उत्पादों के लिए क्वालिटी सर्टिफिकेशन, ब्रांडिंग और उनकी मार्केटिंग में भी सरकार की ओर से सहायता उपलब्ध करायी जाएगी। प्रारम्भिक चरण में विश्वकर्मा योजना में 13000 करोड़ रुपये जारी किये हैं । यह योजना तीन लाख कामगारों के लिए विश्वकर्मा जयंती के अवसर पर एक अनुपम उपहार है। यह माना जा रहा है कि इस योजना से 30 लाख परिवारों की वित्तीय स्थिति में बड़ा परिवर्तन आएगा। इस योजना से छोटे व्यवसायों और श्रमिकों को अपना व्यापार बढ़ाने और आर्थिक स्थिति सुधारने में भी मदद मिलेगी।

समाज के लाखों पारंपरिक कौशल वाले भाई-बहनों के लिए विश्वकर्मा योजना आशा की नई किरण बनकर आई है। इस योजना के माध्यम से भारत के स्थानीय सामान को वैश्विक बनाने में भी बहुत सहयोग मिलेगा। सम्मेलन में प्रधानमंत्री नरेंद्र ने उपस्थित विश्वकमाओं को संबोधित करते हुए कहा कि जब बैंक आपको गारंटी नहीं मानता है तो मोदी आपको गारंटी देता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नई विश्वकर्मा योजना के माध्यम से अनुसूचित जाति, अनुसचित जनजाति व समाज के वंचित वर्ग के लोगों का मन जीतने की भी एक बड़ी पहल की है। यह पारंपरिक कार्य करने वाले अधिकतर कारीगर व शिल्पकार समाज के लोग इन्हीं वर्गों से आते हैं । भारतीय जनता पार्टी समाज के इन वर्गो को सशक्त करने के लिए संकल्पवान है क्योंकि जब से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की राजनीति का युग प्रारम्भ हुआ है और उसके पूर्व से भी समाज का यह वर्ग भाजपा के साथ जुड़ा हुआ है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने यशोभूमि के लोकार्पण और विश्वकर्मा योजना के शुभारम्भ के उपलक्ष्य पर गहरे राजनैतिक निहितार्थ वाला वक्तव्य दिया।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की यह विशिष्ट कार्यशैली रही है कि अब तक उन्होंने जितने भी लोकार्पण कार्यक्रम किये है उन सभी अवसरों पर सर्वप्रथम वह श्रमिकों का सम्मान करते हैं व उनका मनोबल बढ़ाते हैं। यशोभूमि में भी उन्होंने सर्वप्रथम वहां काम करने वाले सभी प्रकार के विश्वकर्मा भाई बहनों से बातचीत की और उनका मनोबल बढ़ाया।

## विचार

# अपने बच्चे के भाषाई कौशल को कैसे विकसित करें

**विजय गर्ग**

**बच्चों में** भाषा का विकास ध्वनियों और इशारों से शुरू होता है और फिर शब्दों और वाक्यों में विकसित होता है। यह बच्चे के संज्ञानात्मक, सामाजिक और भावनात्मक विकास को आकार देने में मदद करता है। भाषा कौशल बच्चों को विचार व्यक्त करने और आत्मविश्वास बढ़ाने में सक्षम बनाता है। इस महत्वपूर्ण अवधि के दौरान प्रभावी भाषा विकास अभ्यास कुशल संचार कौशल की नींव रख सकते हैं। 1. एक साथ पढ़ना माता-पिता को अपने बच्चों को कहानियाँ पढ़नी चाहिए और कहानियों के बारे में चर्चा में शामिल होना चाहिए। जब माता-पिता जोर से पढ़ते हैं, तो बच्चे विभिन्न शब्दों और भाषा पैटर्न से परिचित होते हैं, जिससे उनकी शब्दावली और समझ का विस्तार होता है। यह साझा पढ़ने का अनुभव माता-पिता-बच्चे के बंधन को मजबूत करता है और उन्हें अपने विचारों और भावनाओं को व्यक्त करने के लिए प्रोत्साहित करता है। 2. शब्दावली का निर्माण माता-पिता सरल लेकिन प्रभावी दैनिक बातचीत के माध्यम से शब्दावली बनाने में मदद करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। सबसे पहले और सबसे महत्वपूर्ण, दिन भर बातचीत में लगे रहने से उन्हें शब्दों और अभिव्यक्तियों की एक विस्तृत श्रृंखला का पता चलता है। दैनिक गतिविधियों, वस्तुओं और भावनाओं का विस्तार से वर्णन करने से उन्हें संदर्भ में नए शब्दों के अर्थ समझने में मदद मिलती है। खेल के दौरान वस्तुओं को इंगित करने और लेबल लगाने से उनकी शब्दावली को सुदृढ़ करने में मदद मिलती है। माता-पिता भाषा में समृद्ध वातावरण बनाकर और इन रणनीतियों को शामिल करके शब्दावली विकास में सक्रिय रूप से समर्थन कर सकते हैं। 3. आकर्षक बातचीत अपने बच्चे के भाषा विकास को प्रोत्साहित करने का सबसे अच्छा तरीका उन चीजों के बारे में कई बातचीत में शामिल होना है जिनमें आपके बच्चे की रुचि है। बच्चों से खुले प्रश्न पूछकर और सक्रिय रूप से उनकी प्रतिक्रियाएँ सुनकर संवाद करने के लिए प्रोत्साहित करें। उन्हें खुद को अभिव्यक्त करने के लिए पर्याप्त समय दें, भले ही इसके लिए उन्हें उनके उत्तरों के लिए धैर्यपूर्वक इंतजार करना पड़े। बातचीत की शुरूआत करने वाले कुछ लोग हो सकते हैं, "यदि आप एक जानवर होते तो आप कौन सा जानवर होते और क्यों?" या "यदि आपके खिलौने बात कर सकें, तो वे क्या कहेंगे?" यात्रा के दौरान, माता-पिता अपने बच्चों से बात कर सकते हैं और उनसे उनके आसपास देखी जाने वाली नई और अलग चीजों के बारे में सवाल पूछ सकते हैं। माता-पिता बच्चों के संवाद करने के प्रयासों को स्वीकार करके और सकारात्मक प्रतिक्रिया देकर उनके आत्मविश्वास और रचनात्मक सोच को बढ़ा सकते हैं। 4. गाने और तुकबंदी संगीत सामाजिक कौशल विकसित करके बच्चे के शैक्षणिक प्रदर्शन को प्रभावित करता है और रचनात्मकता विकसित करने में सहायता करता है, जो बच्चे के विकास के लिए महत्वपूर्ण है। संगीत मस्तिष्क के विभिन्न क्षेत्रों पर काम करता है और संज्ञानात्मक क्षमताओं को बढ़ाता है। बच्चे स्वाभाविक रूप से आकर्षक धुनों और तुकबंदी की ओर आकर्षित होते हैं। लयबद्ध पैटर्न, धुन और दोहराए जाने वाले गीत के बोल बच्चों के लिए नए शब्द और ध्वन्यात्मक पैटर्न सीखने के लिए अनुकूल वातावरण बनाते हैं। माता-पिता अपने बच्चों को दिन भर व्यस्त रखने के लिए उन्हें उनकी पसंदीदा कविताएँ और गाने सुना सकते हैं। 5. दिखावा खेल बच्चों की पसंदीदा गतिविधियों में से एक खिलौनों या दोस्तों के साथ भूमिका निभाना है। नाटकीय खेल में शामिल होने और काल्पनिक परिदृश्य बनाने से बच्चों को संवाद करने और खुद को अभिव्यक्त करने के लिए अपनी कल्पना का उपयोग करने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है।

जैसे-जैसे माता-पिता ज्वलंत विवरण और अभिव्यंजक स्वर के साथ कहानियाँ साझा करते हैं, बच्चे नए शब्दों और वाक्यांशों को आत्मसात करते हैं और कहानी कहने की कला को समझते हैं, जिससे उनके संचार कौशल में वृद्धि होती है। 6. कला और शिल्प कला संचार का एक माध्यम है और बच्चों की अभिव्यंजक क्षमताओं को बढ़ाती है।


# एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

**आरएनआई: DELHIN / 2006 / 19302**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक राकेश भारद्वाज, बी-244, मजलिस पार्क, दिल्ली-33 ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, ए-15, बड़ा बाग, जीटी करनाल रोड इन्डस्ट्रीयल एरिया, नई दिल्ली-33 से छपवाकर प्रकाशित किया। "एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक या प्रकाशक का उनसे सहमत होना आवश्यक नहीं है। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र दिल्ली ही होगा।

दूरभाष नं. - (011) 47502546

फैक्स - (011) 27677673

प्रधान संपादक: रवि भारद्वाज

9999889104, 9250706656

ई-मेल : actionindianews@gmail.com



### वैधानिक सूचना

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अत: समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


## चिंतन

# भविष्य में ग्लोबल वार्मिंग से हो जाएगा जीना दूभर

**संजीव**

**भारत जै**से विकासशील देश में ही जहां गरीबी ने अपना परचम फैला रखा है। शहरों में पेट्रोल ,डीजल, केरोसिन से चलने वाली गाड़ियों और वातानुकूलित यंत्रों याने ए,सी की संख्या में बेतहाशा वृद्धि होने से वातावरण में उष्णता बढ़ते जा रही है' इसके अलावा वनों का विनाश एक भयानक समस्या के रूप में देश में फैलता जा रहा है' अंधाधुंध फैक्ट्रियों एवं मशीनों के उपकरणों से निकलने वाले धुंए से वातावरण विषैला बनाकर मनुष्य और जीव जंतुओं का जीना दूभर कर दिया है। वनों की कटाई के साथ-साथ कंक्रीट के जंगल धीरे-धीरे गांव की तरफ बढ़ने लगे हैं, ऐसे में शुद्ध वायु और और तापमान में आश्चर्यजनक बदलाव जिसके परिणाम स्वरूप वर्षा ऋतु के परिवर्तन एवं बारिश में न्यूनता आने से धरती के तापमान में बेतहाशा वृद्धि हुई है। इसी के चलते देश के कई शहरों में तापमान 48 से 50 सेल्सियस होने के कारण पशु पक्षी एवं मनुष्य की हीट स्ट्रोक से मृत्यु हुई हो जाती है। पानी की कमी तथा शरीर में डिहाइड्रेशन से लोगों की तथा वन्य पशुओं की लगातार मृत्यु हो रही है। ग्लोबल वार्मिंग का खतरा वैज्ञानिकों के अनुसार पूरे विश्व में बहुत बढ़ गया है और ऐतिहासिक तौर पर पिछले दो से तीन सौ वर्षों की तुलना की जाए तो बीते कुछ वर्षों में धरती का तापमान आश्चर्यजनक रूप से तीव्र गति से बढ़ गया है। वैज्ञानिकों के अनुसार पृथ्वी के पास ग्लोबल वार्मिंग से बचने के लिए कुल मिलाकर 10 से 15 वर्ष ही शेष है। वैज्ञानिकों की यह बातें और रहस्योद्घाटन मानवता को डराने वाला जरूर है पर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर इसके उपायों की जो घोर अनदेखी की जा रही है वह अत्यंत चिंतनीय है। मानवता के लिए अत्यंत खतरनाक भी है। ग्लोबल वार्मिंग न सिर्फ मनुष्य के लिए खतरा है बल्कि जीव-जंतुओं समुद्र में पाए जाने वाले जीवो के लिए भी यह अत्यंत विषैला तथा खतरनाक हो सकता है।

अंतरराष्ट्रीय स्तर पर वैज्ञानिकों के शोध के अनुसार जीवाश्म ईंधन के दशक ने एवं जलने से ग्लोबल वार्मिंग का तापमान तेजी से बढ़ा है एवं पूरी पृथ्वी जीवाश्म ईंधन के जलने से तेजी से धड़क रही है।

## वाहनों पर जातिगत-धार्मिक स्टिकर अशांति के स्पीकर

**डॉ सत्यवान सौरभ**

**जातिगत** पहचानें लगातार नए अवतार लेती रहती हैं और हमारे सामाजिक जीवन में फिर से प्रकट होती हैं। वे वायरस की तरह उत्परिवर्तित होते हैं और विकास और वृद्धि के लिए आवश्यक सामाजिक जुड़ाव को नुकसान पहुंचाते हैं। मोटर वाहन अधिनियम के तहत, कार या दोपहिया वाहन पर पंजीकरण प्लेट सहित कहीं भी चिपकाए गए स्टिकर या संदेश या कुछ भी नहीं लिखा जा सकता है। मोटर वाहन अधिनियम की धारा 179 (1) वाहनों पर जाति और धर्म-विशिष्ट स्टिकर और लेखन के उपयोग पर रोक लगाती है। उत्तरप्रदेश पुलिस द्वारा वाहनों पर 'जाति और धार्मिक स्टिकर' प्रदर्शित करने के लिए चालान जारी करने की हालिया कार्रवाई ने ऐसे स्टिकर की वैधता के बारे में बहस छेड़ दी है। यह कदम, एक विशेष अभियान का हिस्सा, वाहन नियमों, सामाजिक मानदंडों और कानूनी प्रतिबंधों के अंतर्संबंध पर सवाल उठाता है। इस कदम ने राज्य और अन्य स्थानों पर सार्वजनिक बहस छेड़ दी कि क्या इससे हमारे समाज में जातिगत मान्यता कमजोर होगी। क्या यह भारत में जाति व्यवस्था को कमजोर करने में योगदान देगा? जाति और धार्मिक स्टिकरस्टिकर की वैधता का आकलन मोटर वाहन अधिनियम और मोटर वाहन नियमों के आधार पर किया जाता है। उत्तर प्रदेश सहित विभिन्न राज्य सरकारों ने वाहनों पर, यहां तक कि वाहन की बॉडी पर भी जाति और धर्म को सूचित करने वाले स्टिकर चिपकाने के खिलाफ आदेश जारी किए हैं। पंजीकरण नंबर प्लेट मोटर वाहन नियम पंजीकरण नंबर प्लेट पर स्टिकर लगाने से सख्ती से मना करते हैं। चुनौतीपूर्ण स्टिकर और कानून प्रवर्तन वाहनों पर ऐसे स्टिकर लगाने पर जुमार्ना 1,000 रुपये निर्धारित किया गया है, जबकि पंजीकरण नंबर प्लेट पर स्टिकर लगाने पर यह बढ़कर 5,000 रुपये हो जाता है। हमने देखा है कि हमारे समाज में पश्चिम के सभी आधुनिक प्रभावों, बढ़ते शहरीकरण, गहरे होते लोकतंत्र और बढ़ते वैश्वीकरण के बावजूद, भारत में जाति व्यवस्था की नींव पर्याप्त रूप से कमजोर नहीं हुई है।

## न्यूज फ्लैश

### संस्कृति कार्यक्रम में दिव्यांग बच्चों ने अपनी प्रतिभा का किया बेहतर पर प्रदर्शन

**राई । बहालगढ़** में रामेश्वर सेवा संस्थान द्वारा संचालित रेनू विद्या मंदिर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमे स्कूल के दिव्यांग बच्चो के द्वारा गणेश वंदना की मनमोहक प्रस्तुति दी । असिस्टेंट प्रोफेसर रविंद्र कुमार एवं असिस्टेंट प्रोफेसर संदीप कुमार की देखरेख में एसजीटी विश्वविद्यालय गुरुग्राम के प्रशिक्षक शिक्षकों ने रेनू विद्या मंदिर का शैक्षणिक भ्रमण कर संस्कृति कार्यक्रम का आनंद लिया। संस्थान के प्रधानाचार्य डॉ प्रमोद कुल्हाड़े ने रेनू विद्या मंदिर की उपलब्धियो पर प्रकाश डाला। अस्सोसिएट प्रोफेसर डॉ रत्नेश सिंह ने सभी का आभार व्यक्त किया।

### घर से लाखों रुपये के आभूषण चोरी, मुकदमा दर्ज

**सोनीपत। शहर थाना** क्षेत्र के सेक्टर-23 स्थित घर से चोर लाखों रुपये के आभूषण चोरी कर ले गए। पीड़ित महिला ने घर के अंदर बेड खोलकर देखा तो चोरी का पता लगा। जिस पर पीड़िता ने पुलिस को अवगत कराया। पुलिस ने इस संबंध में मौके का मुआयना कर चोरी का मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस क्षेत्र में लगे सीसीटीवी की रिकार्डिंग खंगाल रही है। ताकि कोई सुराग हाथ लग सके। गांव गुमाणा फिलहाल सेक्टर-23 निवासी रीतू रानी ने बताया कि उन्होंने दो माह पहले अपने आभूषण बेड के अंदर रखे थे। अब उन्होंने बेड खोलकर देखा तो आभूषण गायब मिले।


समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
**पानीपत**
**(कमाल हुसैन)**
(मो. नं. : 9813507693)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
**अंबाला**
**(मनीष)**
(मो. नं. : 9896772006)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
**पानीपत**
**(बिजेंद्र सिंह)**
(मो. नं. : 9466035040)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
**करनाल**
**राजकुमार शर्मा (प्रिंस)**
(मो. नं. : 98962 76156)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
**चंडीगढ़/पंचकुला**
**हरज्ञान चौधरी**
(मो. नं. : 94668 87896)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
**सोनीपत**
**(संजीव कौशिक)**
(मो. नं. : 9991270143)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
**फरीदाबाद**
**हरपाल सिंह यादव**
(मो. नं. : 98117 14343)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
**पंचकूला**
**(मैनपाल)**
(मो. नं. : 9671232478)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
**कुरुक्षेत्र**
**दलबीर मलिक**
(मो. नं. : 94162 71181)


# रोजगार मेले में आए 128 बेरोजगार युवाओं में से 36 युवाओं को मिला ऑफर लेटर

## मेले में विभिन्न कंपनियों के प्रतिनिधियों ने बेरोजगार युवाओं के लिए साक्षात्कार

**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर। मिनी** सचिवालय में स्थित रोजगार कार्यालय के प्रांगण में रोजगार मेले का आयोजन किया गया । जिसमें विभिन्न चार कंपनियों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया और रोजगार के लिए मेले में 128 बेरोजगार युवा शामिल हुए । मेले में इफ प्राइवेट लिमिटेड, एसआईएस सिक्योरिटी, भारतीय जीवन बीमा निगम गन्नौर शाखा की तरफ से अधिकारी विनय मलिक, मल्टी इंटरप्राइजेज, मैट ब्रेक प्राइवेट लिमिटेड से कंपनी की प्रतिनिधि रीना ठाकुर, रूचि, तिरलोक आर्य, करुण देव, बजरंग व सतीश ने मेले में आए ने मेले में आए युवाओं के साक्षात्कार लिए और उनमें से 36 युवाओं को नौकरी के लिए ऑफर लेटर



दिया । सहायक रोजगार अधिकारी मनोज ग्रोवर के नेतृत्व में रोजगार विभाग से आंकडा सहायक सतीश कुमार, सहायक गुलशन व लिपिक सुनील कुमार ने व्यवस्था संभाली । सहायक रोजगार अधिकारी मनोज ग्रोवर ने मेले में आए युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि मेले में आई युवाओं को उनकी योग्यता के अनुसार नौकरी के लिए ऑफर दिया गया है।

# कुराड गांव के राजकीय स्कूल में मनाया गया स्वच्छता पखवाड़ा



**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर ।** गन्नौर विधानसभा एवं मुरथल खण्ड के गांव कुराड इब्राहिम के राजकीय उच्च विद्यालय में बच्चों को स्वच्छता वह गांवों को पॉलिथीन मुक्त बनाने को लेकर जागरूक किया गया है। खंड संयोजक सीमा गुलिया के द्वारा बच्चों को स्वच्छता ही सेवा के बारे में बताते हुए कैसे कैसे स्वच्छता अपने आस पास रखें व अन्य को सभी स्वच्छ वातावरण रखने के लिए जागरूक करें के बारे में बताया । इस मौके पर पर स्वच्छता को लेकर विद्यार्थियों में पोस्टर प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया,जिसमें बच्चों ने बढ़चढ़ कर भाग लिया। गांव के सरपंच मनजीत आंतिल ने संबोधित करते हुए कहा कि अपने सम्बोधन में कहा कि आस पास कैसे वातावरण को साफ रखना हमारा कर्तव्य है व कैसे बीमारियों से बचाव किया जा सकता है इस बारे में भी उन्होंने पूर्ण रूप से बताया और बताया कि कैसे पॉलीथिन का प्रयोग बिलकुल न करें केवल कपड़े के बने थैले का प्रयोग करें एवं बताया कि घर में एक गीला और सूखे कचरे को कैसे अलग अलग करें ताकि गाँव को पूर्ण रूप से कचरा मुक्त व स्वच्छ किया जा सकें।

# दुकान में गल्ले में रखी 85 हजार रुपये की नकदी चोरी

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत सिविल लाइन** थाना क्षेत्र के राठधाना सड़क मार्ग पर स्थित दुकान में गल्ले के अंदर रखी हजारों रुपये की नकदी चोरी करने का मामला सामने आया है। चोरी करते हुए चोर सीसीटीवी में कैद हो गया। पीड़ित दुकानदार ने मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने इस संबंध में चोरी का मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस ने सीसीटीवी को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। गांव खेवड़ा हाल में कैलाश कॉलोनी निवासी दीपक ने बताया कि उसने राठधाना सड़क मार्ग पर साई इलैक्ट्रिोनिक नमा से इंवटर-बैटरी की दुकान कर रखी है। गत 17 सिंतबर को वह अपनी दुकान पर मौजूद था। उसी दौरान उसकी बेटरी की पैमेंट 85 हजार रुपये आई थी। जिसे मैंने दुकान के गल्ले में रख दिया था। करीब दो बजे उसके भाई की तबीयत खराब हो गई। उसके भाई को परिजनों ने निजी अस्पताल में भर्ती करवाया था। वह अपने भाई के पास चला गया। दुकान में लगे सीसीटीवी की जांच की, जिसमें एक युवक मुंह पर कपड़ा बांधे हुए दुकान के अंदर आया। गल्ले से नकदी चोरी करके फरार हो गया। मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया।

# सरकार स्वरोजगार के लिए 6 प्रतिशत की दर पर दे रही ऋण

**टीम एक्शन इंडिया/संजय शर्मा नारनौल । अतिरिक्त उपायुक्त** वैशाली सिंह ने आज एडीसी कार्यालय में मुख्यमंत्री परिवार उत्थान योजना के तहत हरियाणा पिछड़ा वर्ग एवं आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग कल्याण निगम कार्यालय की ओर से 13 लाभार्थियों को 12 लाख 50 हजार रुपए की राशि के चेक वितरित किए। अतिरिक्त उपायुक्त वैशाली सिंह ने बताया कि हरियाणा पिछड़ा वर्ग एवं आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग कल्याण निगम की ओर से तीन श्रेणियों में ऋण दिया जाता है। इसमें पिछड़ा वर्ग, अल्पसंख्यक समुदाय व 40 प्रतिशत से अधिक दिव्यांग व्यक्तियों को



स्वरोजगार के लिए 6 प्रतिशत साधारण ब्याज दर पर ऋण दिया जाता है तथा इसकी अदायगी भी आसान किस्तों में की जाती है। उन्होंने कहा कि सरकार का उद्देश्य है कि पात्र नागरिक सरकार की योजनाओं का लाभ लेकर अपना स्वरोजगार चलाकर जीवन यापन करें। इस अवसर पर हरियाणा पिछड़ा वर्ग एवं आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग कल्याण निगम कार्यालय से जिला प्रबंधक राजपाल गौरा, क्षेत्रीय अधिकारी प्रदीप तंवर तथा कार्यालय से सुरेंद्र शर्मा, पवन कुमार व फतेह सिंह मौजूद थे।

### इन 13 लाभार्थियों को सौंपे चेक

**एडीसी** वैशाली सिंह ने बताया कि मुख्यमंत्री परिवार उत्थान योजना के तहत गांव खातौदड़ा की ज्योति यादव, नोलायजा का मोतीलाल, झूक का विकास व मोनू, बलाह कला का पवन, खारीवाड़ा का गोविंद, मंडलाना का बलजीत सिंह, नापला का अनील कुमार, बागोत का कर्मपाल, सेका का सुरेंद्र, गोलवा की सुनीता व नौताना का प्रदीप कुमार को एक -एक लाख रुपए के चेक वितरित किए। दुलोठ अहीर के सुनील को 50 हजार रुपए का चेक वितरित किया।

# डीसी मोनिका गुप्ता (आईएएस) ने बच्चों से संबंधित योजनाओं को लेकर जागरूकता वाहन को किया रवाना

**टीम एक्शन इंडिया / संजय शर्मा नारनौल । उपायुक्त मोनिका** गुप्ता (आईएएस) ने आज लघु सचिवालय से महिला एवं बाल विकास विभाग व जिला बाल संरक्षण इकाई कार्यालय की ओर से बच्चों के कल्याण से संबंधित योजनाओं के बारे में जागरूक करने के लिए प्रचार वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

डीसी मोनिका गुप्ता ने बताया कि जागरूकता वाहन द्वारा गांव-गांव जाकर बच्चों के कल्याण से संबंधित योजनाओं के बारे में



जानकारी दी जाएगी। उन्होंने फास्टर केयर स्कीम के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि इस स्कीम के तहत पंजीकृत बाल आश्रम बाल देखरेख संस्थान में रहने वाले बच्चों को आर्थिक सहायता प्रदान की जाती है। इसी प्रकार स्पॉन्सरशिप स्कीम के तहत एकल अभिभावक बच्चों व अनाथ एवं गंभीर बीमारी से पीड़ित अभिभावकों के बच्चे जो स्कूल में जा रहे हैं उनको आर्थिक सहायता प्रदान की जाती है।

# किसान के खेत से बिजली का तारें व अन्य सामान चोरी

**सोनीपत। बहालगढ़ थाना** क्षेत्र के गांव खेवड़ा में पंचायती जमीन पर लगे टयूबेल व कोठरे से तारें चोरी होने का मामला सामने आया है। किसान ने मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने इस संबंध में मौके का मुआयना कर चोरी का मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस चोरों का पता लगाने का प्रयास कर रही है। गांव खेवड़ा निवासी प्रविंद्र ने बताया कि वह खेतीबाड़ी का काम करता है। उसने गांव में वर्ष 2023-24 के लिए पंचायती जमीन को पट्टे पर ले रखा है।

# रोडवेज कर्मचारी संघर्ष संघ सोनीपत डिपो के प्रधान बने अमित सभरवाल



**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत** हरियाणा परिवहन डिपो सोनीपत में कार्यरत कर्मचारियों द्वारा अपने हितों की रक्षा के लिए बनाए गए रोडवेज कर्मचारी संघर्ष संघ की बैठक का आयोजन सोमवार को किया गया। बैठक की अध्यक्षता मुख्य सलाहकार जगत सिंह के नेतृत्व में की गई। बैठक में संघ के सदस्यों ने सर्व सम्मति से परिचालक अमित सबरवाल को रोडवेज कर्मचारी संघर्ष संघ सोनीपत डिपो का प्रधान नियुक्त किया गया। विचार-विमर्श के बाद सर्वसम्मति से सोनीपत डिपो प्रधान अमित सभरवाल नियुक्त किया जबकि उपप्रधान पद के लिए विकास गागना , सचिव जयबीर देशवाल को बनाया गया । सभी नव नियुक्त पदाधिकारियों को कर्मचारियों ने मालाएं पहनाकर स्वागत करते हुए हौसला अफजाई की और बधाई दी। नव-निर्वाचित डिपो प्रधान अमित सभरवाल ने बैठक में सभी को विश्वास दिलाते हुए कहा कि वे कर्मचारियों के हितों के लिए सदैव तत्पर रहेंगे और कर्मचारियों को किसी भी प्रकार की बाधा नही आने देंगे । उन्होंने आगे कहा कि उन्हें जो जिम्मेदारी दी गई है उसको ईमानदारी से निभाएंगे । सभी कर्मचारियों की आवाज बनकर वे काम करेंगे। ताकि किसी भी कर्मचारी को परेशानी न हो।

बैठक में मुख्य रूप से कर्मचारी संतराम पूनिया, कुलदीप , तेजेंदर मलिक, दीपक वर्मा , जयप्रकाश भारद्वाज , प्रवीण देशवाल , सुमित गंगाना , सुरेश मुंडलाना अन्य कर्मचारी मौजूद रहे ।

# 2 अक्टूबर तक जन भागीदारी के साथ चलेगा स्वच्छता अभियान

**टीम एक्शन इंडिया / संजय शर्मा नारनौल । स्वच्छता ही सेवा** पखवाड़ा के तहत आज अतिरिक्त उपायुक्त वैशाली सिंह की मौजूदगी में कार्यालय व उसके आसपास के क्षेत्र में सफाई अभियान चलाया गया। इस मौके पर जिला प्रमुख डॉ राकेश भी मौजूद थे। एडीसी वैशाली सिंह ने बताया कि स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा के तहत जिला परिषद्, डीआरडीए, प्लानिंग, क्रीड, अक्षय उर्जा विभाग के अधिकारी व कर्मचारियों ने कार्यालय तथा उसके आसपास क्षेत्र में सफाई अभियान चलाया। इसी कड़ी में अधिकारी व कर्मचारियों ने अपने कमरों की



सफाई भी की। इस मौके पर एडीसी वैशाली सिंह ने उपस्थित अधिकारी व कर्मचारियों तथा आमजन को स्वच्छता की शपथ भी दिलाई। उन्होंने बताया कि पेयजल एवं स्वच्छता मंत्रालय भारत सरकार की ओर से स्वच्छता ही सेवा-2023 को कचरा मुक्त भारत थीम पर मनाया जा रहा है। इसके तहत सफाई मित्रों के कल्याण के लिए सफाई पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। उन्होंने बताया कि स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा के तहत 15 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। 2 अक्टूबर को गांधी जयंती को स्वच्छ भारत दिवस के रूप में मनाया जाएगा। जिला महेंद्रगढ़ में जन भागीदारी के साथ स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा चलाया जा रहा है। इसमें सभी सामाजिक संगठन, अधिकारी व कर्मचारी, स्कूल-कॉलेज के विद्यार्थी, जनप्रतिनिधि तथा आम नागरिक बढ़ चढ़कर हिस्सा ले रहे हैं। एडीसी ने बताया कि स्वच्छता ही सेवा पखवाड़े के दौरान गावों में सफाई अभियान ग्रामीणों, नेहरू युवा केन्द्र के स्वयं सेवकों, एनएसएस, एनसीसी, स्वयं सहायता समूह, आंगनबाड़ी वर्कर, आशा वर्कर व पंचायतों के सहयोग से चलाया जा रहा है।

# टोल कर्मचारियों द्वारा वाहन चालकों के साथ अभद्रता को लेकर प्रशासन सख्त

**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर ।** नेशनल हाईवे 44 पर स्थित भिगान टोल प्लाजा पर कार सवार व्यक्ति व महिला के साथ मारपीट का वीडियो इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित होने के बाद जिला प्रशासन टोल पर इस तरह की हरकतों पर लगाम लगाने को लेकर गम्भीर है। जिला उपायुक्त डॉक्टर मनोज कुमार ने इसकी जांच के लिए उपमंडल अधिकारी नागरिक डॉक्टर निर्मल नागर के नेतृत्व में दो सदस्यीय कमेटी का गठन कर तीन दिन में जांच रिपोर्ट सौंपने के निर्देश दिए है।

जांच कमेटी के इंचार्ज डॉक्टर निर्मल नागर ने बताया कि टोल पर एक महिला व पुरूष के साथ सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल होंने के बाद इस तरह की वारदातों पर अंकुश लगाने को लेकर गम्भीर है। जिला उपायुक्त ने उन्हें व एसीपी गन्नौर गोरखपाल राणा को इसकी जांच की जिम्मेवारी दी है। एसडीएम ने बताया कि इस टोल पर लोगों के साथ दुर्व्यवहार करने मामले पहले भी आते रहे हैं। उन्होंने बताया कि इसकी गम्भीरता से जांच की जा रही ,इसमें देखा जाएगा कि पहले टोल पर इस प्रकार की वारदातों के कितने मामले दर्ज है, इनमें क्या कारवाई की गई है। सभी टोल कर्मचारियों की पुलिस वेरिफिकेशन भी करवाई जाएगी। एसडीएम ने बताया कि जांच में दोषी पाए जाने वालों के खिलाफ सख्त कारवाई की सिफारिश की जाएगी।

# निफ्टेम कुंडली में 21 से पोषण और आर्थिक सुरक्षा के लिए आयोजित होगा अंतर्राष्ट्रीय श्री अन्न सम्मेलन

**टीम एक्शन इंडिया/राई । पोषण** और आर्थिक सुरक्षा प्राप्त करने के लिए खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय, भारत सरकार के राष्ट्रीय महत्कव के संस्कथान राष्ट्रीय खाद्य प्रौद्योगिकी उद्यमिता एवं प्रबंधन संस्थान (निफ्टेम), कुंडली द्वारा 21 से 23 सितंबर तक श्री अन्कन (मिलेट्स) पर तीन दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। जानकारी देते हुए निफ्टेम संस्कथान के निदेशक डॉ. हरिन्कदर सिंह ने आगे बताया कि संयुक्त राष्ट्र द्वारा वर्ष 2023 को श्री अन्कन वर्ष घोषित किया गया है, जिसके दृष्टिगत निफ्टेम में इस अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। इस सम्मेलन के दौरान श्री अन्कन के टिकाऊ उत्पादन की चुनौतियों का समाधान करना, फसल कटाई से पहले और बाद की समस्याएं, मूल्कय संवर्द्धन, श्री अन्कन आधारित पारंपरिक और व्कयावसायिक खाद्य उत्पाद, मूल्यीकरण के लिए उभरती प्रौद्योगिकियां, नए बाजार के अवसरों की तलाश एवं पोषण प्राप्त करने के लिए नीतिगत पहल और आर्थिक सुरक्षा आदि विषयों पर गहन विचार-मंथन होगा। सम्मेलन में केंद्रीय खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री पशुपति कुमार पारस, खाद्य प्रसंस्करण उद्योग और जल शक्ति राज्य मंत्री प्रह्लाद सिंह पटेल की गरिमामयी उपस्थिति होगी। सम्कमेलन में भारत में विभिन्न दूतावासों के राजदूत और उच्चायुक्त, सचिव, भारत सरकार के अतिरिक्त सचिव और संयुक्त सचिव, संयुक्त राष्ट्र संघ के खाद्य एवं कृषि संगठन के प्रतिनिधि, विश्व बैंक और अर्ध-शुष्क उष्णकटिबंधीय क्षेत्रों के लिए अंतर्राष्ट्रीय फसल अनुसंधान संस्थान आईसीआरआईएसएटी) आदि अपनी गरिमामय उपस्थिति दर्ज कराएंगे। इसके अलावा, अमेरिका, कनाडा, इंडोनेशिया, सर्बिया, अर्जेंटीना, युगांडा, केन्या, नेपाल और बांग्लादेश सहित 12 विभिन्न देशों के लगभग 50 कुलपति और संस्थान, वैज्ञानिक, शिक्षाविद और प्रतिनिधि, हिंदुस्तान यूनिलीवर लिमिटेड (एचयूएल), नेस्ले, टाटा कंज्यूमर्स सहित खाद्य उद्योग संघ और संगठन भी इस सम्मेलन में सक्रिय रूप से भाग लेंगे। तीन दिवसीय सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है।

# 'संस्कृति व प्रकृति का संरक्षण करना हमारा दायित्व'

## पुराना गंज बाजार में भगवान श्री गणेश जी की मूर्ति की स्थापना के बाद पूजा अर्चना की



**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत, 20 सितंबर।**
**पूर्व महिला** एवं बाल विकास मंत्री कविता जैन ने कहा है कि हमें अपने पर्व और त्योहार इस तरह से मनाने चाहिए, जिससे कि हमारी परंपरा, संस्कृति के साथ ही प्रकृति का भी संरक्षण हो सके। इसके लिए गाय के गोबर, मिट्टी और आयुर्वेदिक जड़ी बूटियों से बनी भगवान श्री गणेश की प्रतिमाओं की स्थापना होनी चाहिए।
बीती शाम गणेश चतुर्थी के पावन अवसर पर पूर्व मंत्री एवं भारतीय जनता पार्टी प्रदेश उपाध्यक्षा कविता जैन श्री गणपति शरणम धर्मार्थ सोसायटी द्वारा आयोजित कार्यक्रम में श्रद्धालुओं को सम्बोधित कर रही थी। उन्होंने पुराना गंज बाजार में भगवान श्री गणेश जी की मूर्ति की स्थापना के बाद पूजा अर्चना की और आरती में भाग

**संस्कृति**

**8 सके लिए गाय के गोबर, मिट्टी और आयुर्वेदिक जड़ी बूटियों से बनी भगवान श्री गणेश की प्रतिमाओं की स्थापना होनी चाहिए**

लिया। उन्होंने एक सप्ताह तक चलने वाले भगवान गणपति महोत्सव की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि हिंदुओं के आराध्य देव प्रथम पूजनीय, विघ्नहर्ता, शुभता के प्रतीक एवं प्रकृति के रक्षक भगवान श्री गणेश का उत्सव पिछले 31 वर्षों से लगातार किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि आज प्लास्टिक थमाकोल तथा अन्य सिंथेटिक पदार्थ से बनी भगवान श्री गणेश की मूर्तियों का प्रचलन बाजार में बढ़ रहा है, इनका विसर्जन प्रकृति के संरक्षण के तो खिलाफ है ही साथ में जल में न घुलने के कारण भगवान की इन पर पूज्य मूर्तियों की बाद में अनदेखी भी देखने को मिलती है जिससे हमारी धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचती है।
उन्होंने कहा कि महर्षि वेदव्यास ने महाभारत जैसे विशाल ग्रंथ की रचना की थी और इसे लिखने के लिए प्रभु की प्रेरणा से भगवान श्रीगणेश को चुना गया था, वजह थी कि भगवान श्री गणेश कुशाग्र बुद्धि के मालिक थे। इस अवसर पर हरिदास पाटिल, शामराव देवकर, अमोल शिंदे, डॉक्टर अतुल पाटिल, नारायण भंगे, कैलाश जाधव, रवि पाटिल, रमेश सुतार, अभिजीत शिंदे, रवि गोर, सुहास माने, कैलाश जलवे, तानाजी गोरे आदि श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## न्यूज फ्लैश

### मुख्यमंत्री का जनसंवाद कार्यक्रम बना जन अपमान कार्यक्रम

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**
**पूर्व विधायक** एवं प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सदस्य जसबीर मलौर ने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर का जनसंवाद कार्यक्रम पूरी तरह से विफल साबित हो रहा है। वास्तव में यह जनसंवाद कार्यक्रम न होकर जन अपमान कार्यक्रम बन चुका है। पहले तो इस कार्यक्रम में आम जनता का अपमान होता था लेकिन अब तो सभी हदें पार करते हुये अपनी ही पार्टी के पार्षदों को अपमानित करना आरंभ हो चुका है। मलौर ने अम्बाला में आयोजित किये गए इस कार्यक्रम पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुये कहा मुख्यमंत्री सत्ता के नशे इतने चूर है कि सभी मयार्दाओं को दरकिनार करते हुये जनसंवाद कार्यक्रमों में जनहित के मुद्दे उठाने वाले प्रदेशवासियों को सार्वजनिक तौर पर अपमानित कर रहे है। सिरसा में इस कार्यक्रम में अपनी आवाज उठाने वाली महिला सरपंच को मंच से नीचे उतार दिया जाता है । इसी प्रकार सोनीपत में एक भाजपा कार्यकर्ता जब सरकार और प्रशासन की खामियों को उठाने का प्रयास किया तो मुख्यमंत्री उसे पंडाल से बाहर फेंकने का आदेश देते है। हिसार में एक बजुर्ग महिला जब महिला रोजगार की मांग उठाते है तो उसे चंद्रयान में भेजने की बात कहकर जनता में उसका उपहास उड़ाया जाता है। एक तरफ बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ का ढिंढोरा पीटने वाली भाजपा अपने कार्यक्रमों में महिलाओं को अपमानित करती है।अम्बाला में इस कार्यक्रम के दौरान जिस तरह का ड्रामा हुआ है वह मीडिया के माध्यम से पूरी जनता ने देखा है। पूर्व विधायक ने कहा कि पुर्व सरकारों के समय मे जब मुख्यमंत्री किसी विधानसभा क्षेत्र में जाते थे तो जनता की समस्याएं सुनने के साथ साथ करोड़ो रुपए की विकास घोषणायें करते थे लेकिन भाजपा सरकार के कार्यकाल में प्रधानमंत्री से लेकर मुख्यमंत्री, मंत्री और विधायक सिर्फ अपने मन की बात सुनाने में लगे हुये है और जनता की आवाज कोई भी सुनने को तैयार नही है। मुख्यमन्त्री के अंबाला में हुए जनसंवाद कार्यक्रम में सिर्फ भाजपा पार्षद ही बोले और ये कार्यक्रम जनसवांद कार्यक्रम न होकर भाजपा संवाद कार्यक्रम बन गया । सच्चाई ये है कि भाजपा जजपा सरकार अपने वादों पर खरा नहीं उतरी और जनता में भाजपा की नीतियों को लेकर रोष है । मुख्यमंत्री जनता के सीधे सवालों का जवाब नहीं दे सकते । इस लिए वो सिर्फ भाजपा कार्यकताओं से संवाद कर रहे है

### सडक हादसे में इंद्रा कालोनी के राकेश की मौत

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**
**अंबाला** छावनी के महेश नगर के गुरू गोबिंद चौंक पर देर रात हुए सडक हादसे में इंद्रा कालोनी के राकेश की मौत हो गयी। शव को पोस्टमार्टम के लिए छावनी सिविल अस्पताल लाया गया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुची और मामले की जांच में जुट गयी। मृतक के परिजनो ने बताया कि उसका बेटा राकेश सदर बाजार से सामान लेने गया था। काफी समय बाद तक भी वापस नहीं लौटा। उसने अपने जानकार शिव कुमार व दयाल सिंह को बताई। थोड़ी देर बाद सूचना मिली कि गुरुगोबिंद चौक के पास एक्सीडेंट में उसके बेटे की मौत हो गई है। राकेश गुरुगोबिंद चौक से मुड़कर वापस अंबाला कैंट की तरफ जा रहा था। इसी बीच साहा की तरफ से आई तेज रफ्तार इनोवा गाड़ी ने उसके बेटे की एक्टिवा को सीधी टक्कर मार दी।
राकेश कुमार की मौत के बाद 2 बच्चों के सिर से पिता का साया उठ गया। बेटा पुष्प 5वीं क्लास में और बड़ी बेटी अंजलि 11वीं क्लास में पढ़ती है। राकेश की पत्नी सुनीता अपनी भाभी के बेटा होने पर मायके गई हुई थी। राकेश अपने पिता रघुबीर सिंह के साथ सरसेहड़ी रोड जनरल स्टोर चलाता था। राकेश के छोटे भाई राजेश की लगभग 10 साल पहले करंट लगने से मौत हो गई थी। राकेश की मौत के बाद घर में मातम पसरा है।

### कांग्रेसी नेता महिपाल सूबेदार ने कांग्रेस की नीतियों से कराया अवगत

**पानीपत/कमाल हुसैन**
**पानीपत ग्रामीण** की कॉलोनियों में कांग्रेसी नेता महिपाल सूबेदार द्वारा 5 सितंबर से चलाए जा रहे 91 दिन के अभियान महीपाल सूबेदार आपके द्वार व कांग्रेस पार्टी के हाथ से हाथ जोड़ो कार्यक्रम के तहत आज काबड़ी रोड स्थित गोपाल कॉलोनी में पहुंचे। यहां पहुंचने पर उनका कालोनी वासियों द्वारा जोरदार स्वागत किया गया। वहीं सभा को संबोधित करते हुए सूबेदार ने कहा कि मैंने जो यह अभियान कॉलोनियों में चलाया है कांग्रेस पार्टी का व पूर्व मुख्यमंत्री चौ. भूपेंद्र सिंह हुड्डा का प्रचार प्रसार जन जन तक पहुंचाने के लिए इसकी शुरूआत की है। इससे पहले 41 दिन का अभियान आओ चले गांव की ओर का चलाया था। उन्होंने कहा की हरियाणा प्रदेश में बीजेपी व जेजेपी सरकार की गलत नीतियों के कारण गरीब आदमी और गरीब होता जा रहा है और अमीर और अमीर बनता जा रहा है। कॉलोनियों में समस्याओं को लेकर गरीब लोग दर दर की ठोकने खाने पर मजबूर हैं। उन्होंने सरकार को सचेत किया कि अगर सरकार इन जरूरतमंदों को गरीब लोगों को उनका हक नहीं देती तो बड़ा आंदोलन खड़ा किया जाएगा। इस मौके पर डॉ.प्रवीण सैनी, बिसंबर गुर्जर, शमशेर वाल्मीकि, बलजीत सैनी, महेंद्र सैनी, चंद्र श्याम शर्मा, सुधीर शर्मा, बलराज वाल्मीकि, लक्ष्मी नारायण शर्मा, सुखवीर मलिक, राजवीर, महेंद्र, बलवीर भौक्कर, ओम प्रकाश, सुभाष फौजी, रामकुमार कोरी व सूबेदार जीत प्रजापत आदि मौजूद रहे।

## संदिग्ध परिस्थितियों में युवती घर से हुई लापता

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार) संदिग्ध परिस्थितियों** में युवती अपने घर से लापता हो गई। वह अपने साथ सोने-चांदी के जेवर और नकदी भी ले गई। बेटी को घर से गायब देख परिजन दंग रहे गए। परिजनों ने पुलिस थाने में लापता की रिपोर्ट दर्ज कराई। थोड़ी देर बाद पता चला कि बेटी ने कोर्ट में लव मैरिज कर जान को खतरा बता प्रोटेक्शन भी ले ली। तभी से युवती के माता-पिता सदमे में हैं।
युवती के पिता ने महेश नगर थाना में शिकायत सौंप बताया था कि उसके पास 2 बेटे और 2 बेटियां हैं। वह सब्जी बेचने का काम करता है। उसकी 19 वर्षीय बड़ी बेटी 8वीं तक पढ़ी-लिखी है, जो इन दिनों घर पर रह रही थी। बीते सप्ताह उसकी बेटी घर से बिना बताए कहीं चली गई।
पिता ने शक जताया था कि उसका पड़ोसी गांव बब्याल निवासी विशाल उसकी बेटी को शादी करने की नीयत से भगाकर ले गया है। युवती के भाई ने बताया कि उसकी बहन का पड़ोसी युवक के साथ अफेयर चल रहा है किसी को भनक तक नहीं थी।

## नरेश भारद्वाज को लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड से किया सम्मानित

### नरेश भारद्वाज को उनके द्वारा संस्था एवं समाज के लिए मिला सम्मान



**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार) ऑल** इंडिया टैंट डेकोरेटर्स वेलफेयर एसोसिएशन के पाँच दिवसीय, 20वें वार्षिक महा अधिवेशन, जोकि इस बार दुबई में धूमधाम से संपन्न हुआ में पूरे भारत से लगभग 500 सदस्यों व उनके परिवारों ने विदेश में जा कर भाग लिया। संस्था की अन्य गति विधियों व दुबई में घूमने के इलावा विशेष रूप से हरियाणा के चेयरमैन नरेश भारद्वाज को उनके द्वारा संस्था एवम् समाज के लिय किये गए उत्कृष्ट कार्यों के लिए संस्था के सर्वोच्च

**सम्मान**

**8 दुबई में धूमधाम से संपन्न हुआ में पूरे भारत से लगभग 500 सदस्यों व उनके परिवारों ने विदेश में जा कर भाग लिया**

सम्मान लाइफ टाइम अचीवमेंट अवॉर्ड से सम्मानित किया गया ।
आल इंडिया के प्रधान रवि जिंदल ने उनकी जीवनी और संस्था के लिए किए गए योगदान व कार्यों का परिचय देते हुए बताया कि इस महानुभाव ने अपने जीवन के लगभग 50 वर्षों तक संस्था के उत्थान के लिए यथा शक्ति कार्य करते हुए संस्था को ऑल इंडिया में 26 स्टेट्स को मेम्बर बनाने में बहुत काम किया है। जिसके लिये आज विदेश में संपन्न हुई सभा में उनको इस सम्मान करने का गौरव प्राप्त हुआ है। महा सचिव अनिल राव ने सभी का धन्यवाद किया और अन्य सदस्यों को सकुशल वापिस अपने अपने घर पहुँचने की शुभ कामना भी दी । नरेश की धर्मपत्नी नीलम भारद्वाज , हरियाणा प्रधान की पत्नी कांता राव , महिला विंग की प्रधान मधु सेठ व संस्था के चेयरमैन मोहन सेठ, उपप्रधान अशोक चावला, कैशियर पंकज शौकीन, हरियाणा के जोन प्रधान रमेश कालरा, अंबाला प्रधान प्रमोद शर्मा व पूरे भारत से परिवार सहित लोग शामिल रहे।

## छात्राओं को सशक्त बनाना ही राष्ट्र को सशक्त बनाना है : डॉ. रोहित




**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)** गांधी मेमोरियल नेशनल कॉलेज, अंबाला छावनी में प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त के दिशा निर्देशार्नुसार तथा प्लेसमेंट सेल की अध्यक्ष डॉ. अनुपमा सिहाग के नेतृत्व में रोजगार संवर्धन पर एक सप्ताह की कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला के उद्घाटन के अवसर पर महिंद्रा एंड महिंद्रा और नंदी फाउंडेशन के सहयोग से संजीव मान एवं मुकेश जिंदल महिंद्रा एंड महिंद्रा के प्रतिनिधि शामिल हुए और नैन्सी नंदी फाउंडेशन से उपस्थित रही। कार्यशाला में संबोधित करते हुए कॉलेज के प्राचार्य डॉ रोहित दत्त ने छात्रों को प्रेरित किया और छात्रों के समग्र दृष्टिकोण की दिशा में प्लेसमेंट सेल के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि कॉलेज पढ़ाई के साथ साथ विद्यार्थियो के संपूर्ण व्यक्तित्व विकास पर ध्यान देता है तथा इसी कड़ी में इस कार्यशाला का आयोजन किया गया है। संजीव मान ने कार्यक्रम की रूपरेखा के बारे में प्रकाश डालते हुए सभी विद्यार्थियों को बढ़-चढ़कर भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया।

## मांगो को लेकर आशा कर्मियों ने सीएमओ कार्यालय में रोष प्रदर्शन

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)** अंबाला शहर में आशा वर्करों ने प्रदेश सरकार के खिलाफ जमकर प्रदर्शन किया। आशा वर्कर आज बस स्टैण्ड पर इक्ठठी हुई जिसके बाद वह नारे लगाती हुई सीएमओ कार्यालय पहुंची। आशा वर्करों का कहना था कि जब तक उनकी मांगे नहीं मानी जाती तब तक उनका धरना प्रदर्शन इसी प्रकार जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि पिछले कई दिनों से वह अपनी मांगों को लेकर संघर्ष कर रही है। यहां तक की वह मंत्रियों और विधायकों को भी मांग पत्र सौंप चुकी हैं। लेकिन इसके बाद भी सरकार उनकी मांगे मानने के लिए तैयार नहीं है। ऐसे में सरकार का यदि यही रवैया रहा तो संघर्ष और अधिक तेज होगा। आशा वर्कर्स का कहना था कि 2005 में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत लगाया गया था। उनको गर्भवती महिलाओं एवं नवजात शिशु और बच्चों के स्वास्थ्य से संबंधित लगभग 40 काम दिए गए। उन्होंने अपना काम बखूबी किया जिसकी वजह से 2005 में 1000 जीवित जन्म पर 58 शिशुओं की मौत 2023 में कम होकर 26 पर आ गई है। 2005 में एक लाख प्रसव पर 167 मां की मौत हो जाती थी जो 2022 में कम होकर 95 रह गई है। नियमित टीकाकरण 2005 में 27 प्रतिशत से बढ़कर 2023 में 90% से ज्यादा हो गया है। संस्थागत प्रसूति 2005 में 43% से बढ़कर 2023 में 99% हो गई है। आशाओं के शानदार काम की बदौलत हासिल की गई इस उपलब्धि को विश्व स्वास्थ्य संगठन ने भी सराहना की। इन महत्वपूर्ण कामों के बदले सरकार आशा वर्कर्स को मामूली प्रोत्साहन राशियां देती है।
आमजन ने देखा कि आशा वर्कर्स ने कोरोना महामारी के अंदर भी शानदार काम किया था।

## बाल अधिकार सरंक्षण आयोग के सदस्यों ने किया बाल देखरेख केन्द्र को दौरा

**पानीपत/कमाल हुसैन**
हरियाणा राज्य बाल अधिकार एवं सरंक्षण आयोग के सदस्य डॉ. मांगेराम व श्रीमती मीना शर्मा ने बेसहारा एवं अनाथ बच्चों के लिए संचालित किए जा रहे मॉडल टाऊन स्थित परिकुंज बाल देखरेख केन्द्र को दौरा किया व कुछ आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने संस्था संचालक एवं संस्था में मौजूद बच्चियों को केन्द्र में अच्छे से साफ-सफाई रखने के लिए कहा। निरीक्षण के दौरान उन्होंने शौचालय का भी जायजा लिया और कहा कि साफ-सफाई से बहुत सी बीमारियों से बचा जा सकता है।

## सरकार की वादाखिलाफी को लेकर नगर पालिका कर्मचारियों ने किया प्रदर्शन

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार) अम्बाला** छावनी के विभिन्न बाजारों में नगर पालिका कर्मचारी संघ के बैनर तले अपनी विभिन्न मांगो को लेकर कर्मचारियों ने प्रदर्शन किया। कर्मचारियों का कहना है कि दो बार सरकार के साथ समझौता किया था। लेकिन सरकार ने इस समझौते को अभी तक लागू नहीं किया है।
उन्होनें कहा कि सफाई स्वीपर, फायर, वाटर सप्लाई मैन पॉवर, एमई ब्रांच सिविल वर्क, डोर टू डोर के ठेके का समाप्त कर पे रोल पर किया जाए।
उन्होनें कहा कि दैनिक वेतन भोगी विभिन्न प्रकार के ठेकों पर कार्यरत है। उन्हे अनुबंधित आधार पर लगे सफाई कर्मचारियों बेलदार, जेई सहायक, ग्रुप सी व ग्रुप डी के कर्मचारियों आदि को पक्का किया जाए। सभी पालिकाओं परिषदों, नगर निगमों व फायर विभाग में क्षेत्रफल आबादी के आधार पर सीवरमैन, हैड सीवर मैन, फायर ओपरेटरों को किस्तों में पक्का करने की बजाय पॉलिससी बनाई जाए और इकटठे पक्का किया जाए।
सरकारी व अर्धसरकारी, निगम बोर्ड कॉरपोरेशन, निजि संस्थानों, यूनिवर्सटी में काम करने वाले सफाई कर्मचारियों को ठेका प्रथा से बाहर कर पक्का होने तक न्यूनतम वेतन 24000 रूपए लागू किया जाए। तथा झाडू भत्ता, सफाई भत्ता, वर्दी, जूते , तेल, साबुन आदि की सुविधा दी जाए। एक्सग्रेंसिया पॉलिसी के तहत नियमों को सरल करते हुए 5 साल की सर्विस लेंथ की जगह दो साल व 52 साल की अधिकत्तम आयु के स्थान पर 55 वर्ष तथा अनुबंधित डोर टू डोर मैन पॉवर व हरियाणा के कच्चे कर्मचारियों की मृत्यू उपरांत उनके आश्रितों को नौकरी दी जाए।

## महिला आरक्षण विधेयक को लेकर महिलाओं में भारी उत्साह

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार) केंद्र सरकार** द्वारा नारी शक्ति वंदन विधेयक संसद में लाया गया जिसको लेकर महिलाओं में भारी उत्साह है। इस विधेयक के आने से महिलाओं की राजनीतिक भागीदारी ओर अधिक बढेगी। महिलाओं को 33 प्रतिशत का आरक्षण मिलेगा। महिलाओं ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का आभार प्रकट करते हुए कहा है कि इतने वर्षों में किसी ने तो महिलाओं की सुध ली। अंबाला छावनी निवासी अनुपमा आर्य ने बताया कि नारी शक्ति वंदन विधेयक नई संसद में पेश किया गया। यह एक ऐतिहासिक निर्णय था। इस विधेयक में देश की आधी जनसंख्या को

**जश्न**

**8 इस विधेयक के आने से महिलाओं की राजनीतिक भागीदारी ओर अधिक बढेगी**

रिपरेजेंट देना बडे गौरव और गर्व की बात है। उन्होंने कहा कि महिलाएं खुद काफी सक्षम है। इस तरह का विधेयक आने से महिलाओं के आत्म सम्मान तथा उनके अंदर छुपी हुई प्रतिभा सामने आएगी। डॉ अनीता गौदारा ने बताया कि पिछले कई वर्षों से विधेयक पर चर्चा होती थी। लेकिन आज ये विधेयक सदन में आने से हमारे लिए काफी खुशी की बात है। उन्होंने कहा कि महिलाएं आर्थिक, राजनितिक उन्नति करेंगी। इस आरक्षण से देश के विकास में भारी बढोत्तरी होगी। यह देश के लिए काफी बेहतर है। उन्होंने प्रधानमंत्री का आभार प्रकट करते हुए कहा कि अब महिलाएं सांसद में बैठ कर अन्य महिलाओं की आवाज को बुलंद करेंगी। अंबाला छावनी की ही अंजू ने बताया कि इससे महिलाओं की संसद में भागीदारी बढेगी। यह हमारे लिए काफी खुशी की बात है। इससे महिला सशक्तिकरण को बल मिलेगा। उन्होंने कहा कि यह भी भारत की प्रगति में बड़ा योगदान करेंगा। अंबाला की सान्या ने बताया कि प्रधानमंत्री ने महिलाओं के हितों का ध्यान रखते हुए इस बिल को सदन में लाए हैं। इससे महिलाओं की प्रत्येक क्षेत्र में स्थिति मौजूद होगी।
अंबाला छावनी की हिमांशी ने बताया कि यह केंद्र सरकार का बहुत अच्छा कदम है। भविष्य को ध्यान में रखते हुए उठाए गए इस कदम की प्रत्येक महिला सराहना करती है और प्रधानमंत्री का आभार प्रकट करती है। अंबाला छावनी की रिम्पी ने बताया कि वह नारी शक्ति वंदन विधेयक लाने पर प्रधानमंत्री का आभार प्रकट करते हैं। उन्होंने कहा कि इस बिल के आने से देश दोगुनी रात चोगुनी उन्नति करेगा।

## मंत्री बनवारी लाल अम्बाला पहुंचे, लोगों की सुनी शिकायतें



**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार) अम्बाला** शहर के पंचायत भवन में हुई जिला लोक संपर्क एवं कष्ट निवारण समिति की बैठक में सहकारिता मंत्री डॉ. बनवारी लाल एक्शन मोड में दिखाई दिए।
शिकायतों पर सुनवाई करते हुए मंत्री ने कई अधिकारियों की फटकार लगाई। डॉ. बनवारी लाल ने सड़कों से अतिक्रमण न हटाने पर नगर निगम के एसडीओ राजकुमार को चार्जशीट करने के आदेश दिए हैं। साथ ही लापरवाही मिलने पर सस्पेंड करने की चेतावनी दी। यही नहीं, डीआरओ के रिकॉर्ड रूम कीपर का ट्रांसफर करने के आदेश दिए। इसके अलावा एक टीचर की शिकायत पर निजी स्कूल पर कार्रवाई करने के आदेश जिला शिक्षा अधिकारी को दिए। वहीं, एक जमीनी विवाद मामले में डीआरओ को फटकार लगाई। साथ ही उनके स्टोर रूम के रिकॉर्ड कीपर का ट्रांसफर करने के आदेश दिए। इस मामले में विजिलेंस जांच के आदेश भी दिए। आज कष्ट निवारण समिति में कुल 17 शिकायतें रखी गई। इनमें से 12 शिकायतें पुरानी हैं। मंत्री डॉ. बनवारी लाल ने बताया कि 17 शिकायत उनके सामने आई थी। सुनवाई के बाद ज्यादातर शिकायतों का निपटान किया गया है। कुछ मामले कोर्ट में विचाराधीन है। सुनवाई के दौरान कई अधिकारियों के लापरवाही भी देखने को मिली, जिसमें एक अधिकारी को चार्जशीट करने के आदेश जारी किए हैं। एक के खिलाफ विजिलेंस जांच के आदेश दिए हैं।

### एक यूनिट रक्त बचा सकता है तीन लोगों का जीवन : डा. सुखबीर सिंह

## आरएमपी एसोसिएशन ने लगाया रक्तदान शिविर

**टीम एक्शन इण्डिया/ कुरुक्षेत्र(दलबीर मलिक)आरएमपी एसोसिएशन** द्वारा नई अनाज मंडी की धर्मशाला में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 101 रक्तदाताओं ने रक्तदान किया। शिविर में जिला सिविल सर्जन डा. सुखबीर सिंह बतौर मुख्यातिथि पहुंचे व विशिष्ट अतिथि के तौर पर नगर परिषद की निवर्तमान चेयरपर्सन उमा सुधा और गोताखोर प्रगट सिंह मौजूद रहे। अतिथियों का शिविर में पधारने पर आरएमपी एसोसिएशन के प्रधान डा. जसवंत सिंह व समस्त कार्यकारिणी ने स्वागत किया। शिविर

**स्वागत किया**

**8 विशिष्ट अतिथि के तौर पर नगर परिषद की निवर्तमान चेयरपर्सन उमा सुधा और गोताखोर प्रगट सिंह मौजूद रहे**

में एलएनजेपी अस्पताल के ब्लड बैंक प्रभारी डा. रमा की अध्यक्षता में टीम ने रक्त एकत्रित किया। मुख्य अतिथि जिला सिविल सर्जन डॉक्टर सुखबीर सिंह ने रक्तदान करने वालों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित करते हुए कहा कि रक्तदान करना पुण्य



का कार्य है। संसार में रक्त का कोई अन्य विकल्प नहीं है। इसलिए किसी एक मनुष्य में रक्त की पूर्ति को दूसरे मनुष्य द्वारा किए गए रक्तदान द्वारा ही पूर्ण किया जा सकता है। रक्त की एक यूनिट से तीन व्यक्तियों को जीवनदान मिलता है। डा. सुखबीर सिंह ने आरएमपी एसोसिएशन द्वारा किए जा रहे कार्यों की सराहना करते हुए एसोसिएशन का आभार जताया।नगर परिषद की निवर्तमान अध्यक्षा उमा सुधा ने कहा कि डाक्टर समाज में अहम भूमिका निभाते हैं। वह अपना जीवन दूसरों की भलाई के लिए समर्पित करते हैं और यह सुनिश्चित करते हैं कि हर कोई बीमारी से मुक्त रहे। प्रधान डा.जसवंत ने कहा कि रक्तदान देने से किसी की जिंदगी बचाई जा सकती है।

# भलस्वा वार्ड: पार्षद अजीत यादव ने लगाया कैंप





**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**बादली विधानसभा** क्षेत्र के विधायक अजेश यादव के मार्गदर्शन में और भलस्वा वार्ड के निगम पार्षद अजीत यादव के अथक प्रयासों से दिल्ली नगर निगम की योजना के तहत गरीब रेहड़ी-पटरी वालों के लिए रोजगार व जरूरतमंद के लिये आर्थिक सहायता कैंप का आयोजन किया गया और इसमें 20 लोगों का लोन का फार्म भी भरा गया।

इस मौके पर निगम पार्षद अजीत यादव ने बताया कि निगम की ओर से जो भी सुविधाएं दी जा रही है, वह सभी सुविधाएं जनता तक पहुंचाई जा रही है, ताकि क्षेत्र की जनता को बेहतर से बेहतर सुविधाएं मिल सके। पार्षद अजीत यादव ने आगे बताया कि मैं समय-समय पर क्षेत्र का दौरा कर रहा हूं और जनता की जो भी समस्याएं है, उनकी समस्या का उचित समाधान कर रहा हूं। उन्होंने क्षेत्र की जनता से अपील करते हुए कहा कि अपने घर का कूड़ा केवल कूड़ेदान या कूड़ा उठाने वाली गाड़ी में ही डाले, जिससे की क्षेत्र का वातावरण साफ और सुथरा नजर आये। उन्होंने आगे बताया कि क्षेत्र में डेंगू, मलेरिया और चिकनगुनिया से बचाव को लेकर क्षेत्र में जागरूकता अभियान भी चलाया जा रहा है और जनता से अपील की जा रही है कि अपने कूलरों की सप्ताह में एक बार सफाई अवश्य ही करें और घर की छत पर पड़े हुए खाली बर्तनों में पानी न एकत्रित होने दे। इनमें मच्छर पैदा होते है, जो हमारे स्वास्थ्य के लिए खतरनाक है। इस मौके पर कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## ऐतिहासिक निर्णय करने वाला भारत दुनिया का पहला देश: हेमलता वरूण



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**मोदी जी** के नेतृत्व में संसद भवन के प्रथम दिन का आरम्भ 128 वें संविधान संशोधन के साथ किया गया और पहला महिला आरक्षण बिल नारी शक्ति वंदन अधिनियम संसद के लोकसभा सत्र में पास हुआ। ऐसा ऐतिहासिक निर्णय करने वाला भारत पूरी दुनिया का पहला देश बन गया हैं।

वहीं नांगलोई विधानसभा क्षेत्र के अंतगर्त आने वाले वार्ड नंबर 48 गुरू हरिकिशन नगर में रहने वाली सुता फाउंडेशन की अध्यक्षा व भाजपा नेता हेमलता वरूण ने यह भी कहा हैं कि देश की जनता को आज इस बात पर गर्व है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सरकार ने भारत के राजनीतिक इतिहास के सबसे महत्वपूर्ण विधेयक को भारत की नई संसद के पटल पर पहले विधेयक के रूप में प्रस्तुत करने का निर्णय लिया। इस आरक्षण विधेयक के पारित होने का मतलब यह भी होगा कि न केवल कानून बनाने की प्रक्रिया में, बल्कि शासन-प्रशासन में भी महिलाओं की भागीदारी बढ़ेगी।

## कर्मचारियों की मांगों को लेकर नेशनल पब्लिक हेल्थ एलाइंस ने की कन्वेंशन




**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**सरकारी कर्मचारियों** का यह कन्वेंशन आज बहुत ही ऐतिहासिक दिन पर आयोजित किया जा रहा है। 19 सितम्बर 1968 देशभर के सरकारी कर्मचारियों का आंदोलन हुआ, जिसमें 10 कर्मचारी शहीद हुए, उनको श्रद्धांजलि देते हुए कार्यक्रम की शुरूआत की गई। इसलिए इस दिन से प्रेरणा लेते हुए कर्मचारी हित में आगे के आंदोलन की राह में जाने का सभी ने निर्णय लिया। जिसकी अध्यक्षता एनपीएचए के को-कन्वीनर नरेश त्यागी द्वारा की गई। मंच पर आसीन अध्यक्ष मंडल में एनपीएचए के दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष विजय कुमार, जीपीए के से एसएस नेगी, डीडीयू के अध्यक्ष देवेंद्र सिंह, जीबीपीटीयू के अध्यक्ष रणधीर सिंह राणा महासचिव सुशील कुमार, लोकनायक पैरामेडिकल टेक्निकल यूनियन की अध्यक्षा सुजाता मखीजा, प्रखर मिश्रा कलावती शरण चिल्ड्रन अस्पताल के अध्यक्ष विक्रम उमरवाल, एलबीएस अस्पताल के राजीव लोचन, एचबी एएनएम शकुंतला, सफदरजंग अस्पताल उमेश कुमार, बलदेव सिंह, तथा एआईयूटीयूसी के दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष हरीश त्यागी के मार्गदर्शन में कर्मचारी कन्वेंशन किया गया। जिसमें दिल्ली व केंद्र सरकार के अस्पतालों के लगभग15 यूनियन के पदाधिकारियों सदस्य शामिल हुए। कन्वेंशन में यशविंदर लोचव , भोला, अमर रावत, सत्येंद्र मिश्रा, द्वारा चार प्रस्ताव पेश किए गए। मुख्य प्रस्ताव विजय कुमार द्वारा पेश किया गया जिनको सर्वसम्मति के द्वारा पारित किया गया। यह ऐसे समय पर आयोजित किया जा रहा है, जब मौजूदा सरकार अपनी पूर्ववर्ती सरकारों के नक्शे कदम पर आगे बढ़ाते हुए कर्मचारी विरोधी फैसले कर रही है। उसने पूर्ववर्ती सरकारों की निजीकरण, निगमीकरण, भूमंडलीकरण, उदारीकरण और कार्यों की आउटसोर्सिंग की नीति को तेज गति से आगे बढ़ाया है। 29 श्रम कानूनों में मजदूर कर्मचारी विरोधी बदलाव करके कर्मचारियों को अपनी आवाज उठाने, आन्दोलन करने व यूनियन बनाने जैसे हक छीन लिए हैं। जो दो-चार बातें कानून में कर्मचारियों के हित में हैं वह लागू ही ना हों ऐसी स्थिति बना दी गई है। 10 लाख से ज्यादा पद समाप्त कर दिए गए हैं।

# बुराड़ी: जिला कांग्रेस कार्यालय पर एनएसयूआई के समर्थन में हुई बैठक






**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**आगामी 22 तारीख** को होने वाले दिल्ली विवि छात्र संघ चुनावों के चलते कांग्रेस की छात्र ईकाई एनएसयूआई पूरे जोश से मैदान में हैं और इसको लेकर दिल्ली कांग्रेस भी कोई ढिलाई बरतने के मूड में नहीं है।

जिसको लेकर जिला स्तर पर भी बैठकों का दौर जारी है। इसके चलते करावल नगर जिला कांग्रेस अध्यक्ष आदेश भारद्वाज की अध्यक्षता में भी एक बैठक हुई। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व अध्यक्ष व पूर्व विधायक रहे अनिल भारद्वाज और जिला प्रभारी अली मेहंदी ने शिरकत की। इस अवसर पर कांग्रेस नेताओ ने बोलते हुए कहा कि दिल्ली में पिछले लगभग 8 बरसो से कांग्रेस सत्ता से बाहर है लेकिन कांग्रेस सरकार के बाद से दूसरी सरकार आज तक ना ही कोई कालेज बना सकी हैं ना ही छात्रों की सीटों में इजाफा कर सकी हैं। जोकि ना तो स्टूडेंट्स के नजरिए से सही है ना ही शिक्षा के नजरिए से। इसलिए हमारी कांग्रेस के प्रत्येक कार्यकर्ता से यह अपील है कि अपने आस-पास के युवा छात्रों को एनएसयूआई के प्रति जागरूक करें और उनको यह बताएं कि उनका भविष्य तय करने में एनएसयूआई हमेशा से मील का पत्थर साबित होती रही है और होती रहेगी। इस अवसर पर रविंद्र त्यागी, उमा शर्मा, सुरेंद्र चौधरी, , ननवा प्रधान, सुनहरी अनुराग, चंदन चौबे, सुजीत सिंह, नीतू तोमर, वीना भट्ट, बेबी कौशिक, सुखबीर सिंह, सुभाष चक्रवर्ती, देविंदर शर्मा, राम प्रकाश झा, रघुबीर सिंह, मनोज कौशिक, डॉक्टर वी आर चौधरी, नेत्र पाल, मुकेश पाल, जुगल सौंनकर, कलीम अहमद, मुन्ना खान, कैलाश प्रधान, रविशंकर, राजेन्द्र पाल, गिरिराज सिंह, हरपाल पाली, रूबी बक्सी, रामनिवास यादव, सने शास्त्री, आर पी गायक, हारून भाई, राम बिलास शर्मा, सुमन्त, जावेद चौधरी, हाज़िर खुशनूद, अशोक बघेल, ब्रह्म स्वरूप शर्मा पूर्व निगम पार्षद परदीप भाई शहाबुद्दीन मौजूद रहे।

## माता वैष्णों देवी, स्वर्ण मंदिर और बाघा बार्डर के लिए नि:शुल्क यात्रा, 6 अक्टूबर को जायेगी: नम्बरदार



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**बादली** गांव के समाजसेवी इन्दर सिंह नम्बरदार बादली ने जानकारी देते हुए बताया कि हारे का सहारा बाबा श्याम हमारा रोहिणी दिल्ली समिति (रजि.) बादली दिल्ली के द्वारा बादली विधानसभा क्षेत्र से माता वैष्णो देवी, स्वर्ण मंदिर, बाघा बार्डर के लिए एसी बस सेवा निःशुल्क यात्रा की सुविधा दी जा रही है।

उन्होंने आगे बताया कि इसमें माता के लगभग 108 भक्तगण भाग लेगें। उन्होंने आगे बताया कि यह बस अम्बेडकर तिकोना पार्क बादली गांव से रवाना होगी। उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि इस निःशुल्क बस यात्रा का शुभारंभ 6 अक्टूबर 2023 को होगा। इस दौरान उत्तराखण्ड कांग्रेस के प्रभारी व बादली विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक देवेन्द्र यादव मुख्य रूप से मौजूद रहेगें। इसके अलावा सीमा यादव, एडवोकेट डोली रानी, सूरज यादव, अमित चौहान, राजेश यादव, सीएम गौतम, श्याम लाल ढीगरा, मुकेश कुमार कश्यप, प्रेम सिह दहिया, सतीश कुमार सत्या, गहेन्द्र यादव सहित कई गणमान्य शिरकत करेगें।

## दिवाली के आसपास नागरिकों को समस्याओं का सामना करना पड़ेगा: कपूर



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली** बीजेपी के प्रवक्ता प्रवीण शंकर कपूर ने दिल्ली की मेयर डॉ. शेली ओबेरॉय को लिखे पत्र में दशहरा और दिवाली के आसपास दक्षिणी दिल्ली और नई दिल्ली के बड़े हिस्से के नागरिक समस्याओं का सामना करने की संभावना पर चिंता व्यक्त की। वहीं पत्र में भाजपा प्रवक्ता ने मेयर का ध्यान कचरा संग्रहण और कॉम्पेक्टर कार्य के लियें एमसीडी के सेंट्रल जोन का विस्तारित अनुबंध अक्टूबर 2023 के अंतिम सप्ताह में समाप्त हो रहे कांट्रैक्ट की ओर आकृष्ट किया है। उन्होंने कहा है यदि ऐसा होता है तो दिल्ली के दरियागंज से बदरपुर तक के क्षेत्र को अत्यधिक स्वच्छता समस्या का सामना करना पड़ेगा। जिससे दशहरा के आस-पास सेंट्रल जोन के वार्डो में स्वच्छता सेवाएं ध्वस्त हो जाएंगी।

## 'बनाना था साईकिल ट्रैक व करनी थी ग्रीनरी, लेकिन नही करवाया कुछ, बजट भी गुल'



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**त्रीनगर विधानसभा** क्षेत्र के वार्ड नंबर-61 में रहने वाले तथा भाजपा के मंडल महामंत्री जयपाल भड़ाना ने बताया कि त्रीनगर की विधायक प्रीति तोमर की लापरवाही के चलते महिंद्रा पार्क से ब्रिटानिया तक बने हुए सर्विस रोड़ को रेहड़ी-पटरी वालों द्वारा अतिक्रमण का शिकार हो गया हैं। वहीं उन्होने आगे जानकारी देते हुए कहा कि पहले यहां पर सर्विस रोड हुआ करता था जिसको तोड़कर वहां पर मॉर्निंग वार्क के लिए साईकिल ट्रैक बनाया जाना था। तो वहीं हरित पट्टी भी छोडी गई थी, जिसमें वातावरण को शुद्व बनाए रखने के लिए पेड़-पौधे लगाए जाने थे, जिसके के लिए पिछले साल के बजट भी पास करवा लिया गया था। बावजूद इसके दो साल बीत जाने के बाद भी वहां पर न तो ग्रीनरी करवाई गई और न ही मॉर्निंग वॉक के लिए साईकिल ट्रैक का निर्माण करवाया गया। जिसके चलते अब वहां बने फुटपाथ पर पूरी तरह से रेहड़ी पटरी वालों ने अतिक्रमण कर कब्जा जमा लिया हैं, जिसको आप शासित निगम भी हटवाने को तैयार नहीं हैं।

# त्रीनगर : बप्पा आए और साथ में लाएं खुशियां







**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**देशभर** में गणेश चतुर्थी का त्यौहार खासे उत्साह के साथ मनाया जा रहा हैं। देशभर के शिव मंदिरों व गणपति मंदिरों में गणेश जी महाराज की एक झलक पाने के लिए लोग ललाइत हैं, तो वहीं लाखों श्रद्वालु अपने घरों मे भी गणपति का स्वागत कर रहें हैं। उल्लेखनीय हैं कि दस दिनों तक चलने वाले इस त्यौहार को लेकर लोगों में खासा उत्साह देखने को मिल रहा हैं।

बप्पा श्रद्वालुओं के घरों मे पधार रहें हैं, तो वहीं गणेश जी की पूजा अर्चना चल रहीं हैं। इसी कडी में त्रीनगर विधानसभा क्षेत्र की कॉलोनी क्या और चौक चौराहें क्या, गली-गली में गणपति पंडाल सजे हुए देखने को मिल रहें हैं, जिसमें बप्पा विराजमान हैं।

**कहां क्या हैं खास:** रानी बाग स्थित महेंद्रा पार्क रामलीला मैदान में मैत्री गणपति महोत्सव परिवार की ओर से 31वां गणपति महोत्सव का विशाल आयोजन चल रहा हैं, इस दौरान संस्था के महासचिव दीपक मेहरा ने बताया कि दस दिन तक विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा हैं। इसमें पंडाल को जो खास बनाता हैं वो हैं गणेश महाराज के साथ बैठे हुए उनके दोनो पुत्र शुभ और लाभ, जिन्हे देखते ही बनता हैं। तो वहीं शकूरपुर के शीतला माता मंदिर एल ब्लॉक स्थित देवी श्री शीतला माता मंदिर एसोसिएशन व ब्रदर ग्रुप की तरफ से प्रथम बार गणेश स्थापित किए गए हैं। काले रंग की प्रतिमा श्वेत वस्त्र धारण कर सोने के सिंहासन पर बैठे बप्पा की प्रतिमा इतनी मनमोहक हैं कि आने जाने वाले लोग पलटकर देखे बिना नहीं रह सकते हैं। तो वहीं शकूरपुर के ई ब्लॉक में जय श्री गणेश ग्रुप की ओर से भी पहली बार गणेश जी स्थापित किए गए हैं। देखने में ऐसा लगता हैं जैसे कि चार फीट उंची गणेश जी महाराज पंडाल में बैठे-बैठे आने जाने वालों को प्यार से निहार रहें हो।

लाइटों से जगमगाता पंडाल और बप्पा के गलेयन में दूब की माला और विशेष बनाती हैं, यहां के पंडाल को। शकूरपुर के डी ब्लॉक स्थित बमबम भोले ग्रुप एवं गणपति महोत्सव की ओर से दूसरी बार गणेश उत्सव का आयोजन किया जा रहा हैं। यहां का पंडाल लाइटों से जगमग कर रहा हैं, जिसके बीच में बप्पा जगमगाते हुए सोने के सिंहासन पर बैठे हुए अलग से ही नजर आ रहें हैं।

## राज्य शिक्षक पुरस्कार प्राप्त करने के लिए बधाई देता हूं: रामनिवास गोयल



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**एक शिक्षिका** विपरीत परिस्थितियों के बावजूद घर और स्कूल की जिम्मेदारियों के साथ विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य को कला और संगीत से सुशोभित करने के साथ उनके जीवन में रंग भरने का कार्य करती आ रही हैं। दक्षिण दिल्ली के नेब सराय साकेत की रहने वाली दीपिका सूद जो करीब 11 वर्षों से सर्वोदय कन्या विद्यालय दयानंद रोड में संगीत शिक्षिका के रूप में कार्य करते हुए प्राप्त की गई उपलब्धियों के फलस्वरूप शिक्षक दिवस पर राज्य शिक्षक सम्मान से दिल्ली की शिक्षा मंत्री अतिशी द्वारा सम्मानित हुई थी। उसी दिशा में दिल्ली के विधानसभा अध्यक्ष राम निवास गोयल ने अपने शाहदरा जिले में जन्मी दीपिका सूद को राज्य शिक्षक पुरस्कार से सम्मानित होने के लिए स्वयं भी गांधी जी का चरखा देकर सम्मानित किया। साथ ही सर्वोदय कन्या विद्यालय दयानंद रोड़ विद्यालय प्रमुख स्वेता सचदेवा को भी चरखा देकर सम्मानित किया।

# जेवर एयरपोर्ट आने से फरीदाबाद-पलवल में विकास की संभावनाएं खुलीं: सीएम

-फरीदाबाद-पलवल का यमुना से लगता क्षेत्र कण्ट्रोल एरिया घोषित कर विकास का नया मास्टर प्लान तैयार होगा: मुख्यमंत्री मनोहर लाल

-एफएमडीए की चौथी बैठक में वर्ष 2023-24 का 878.23 करोड़ रुपये का बजट किया मंजूर

-मनोहर लाल ने फरीदाबाद विकास योजना-2031 के अनुसार शहर में संभावित जनसंख्या वृद्धि की मांगों को पूरा करने के लिए पर्याप्त बुनियादी ढांचे और सुविधाओं से युक्त एफएमडीए के भव्य दृष्टिकोण की सराहना की

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )** हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल ने कहा कि जेवर एयरपोर्ट आने से फरीदाबाद व पलवल जिला में विकास की नयी संभावनाएं खुलीं हैं। ऐसे में जेवर के साथ लगते हरियाणा के फरीदाबाद व पलवल जिलों का सुनियोजित विकास हो इसके लिए यमुना क्षेत्र को कण्ट्रोल एरिया घोषित कर नया मास्टर प्लान तैयार किया जाएगा। मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल बुधवार को फरीदाबाद महानगर विकास प्राधिकरण (एफएमडीए) की चौथी बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। बैठक में एफएमडीए के माध्यम से फरीदाबाद शहर के विकास को गति देने के लिए वर्ष 2023-24 के लिए कुल 878.23 करोड़ रुपये के बजट को मंजूरी दी गयी। बैठक में वर्ष 2031 तक भविष्य की जनसंख्या वृद्धि और संबंधित बुनियादी ढांचे के विकास की आवश्यकताओं की कल्पना करते हुए शहर के बुनियादी ढांचे में सुधार, नागरिक सेवाओं को बढ़ाने और बेहतर पर्यावरण में योगदान देने के लिए तैयार की गई प्रमुख परियोजनाओं को मंजूरी दी गयी। एफएमडीए के मुख्य कार्यकारी अधिकारी श्री ए. श्रीनिवास द्वारा विकास का एजेंडा प्रस्तुत किया गया जिसे मुख्यमंत्री ने शहर के उत्थान और बड़े पैमाने पर जनता के लाभ के लिए मंजूरी




प्रदान कर दी। मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल ने कहा कि फरीदाबाद के भविष्य के दृष्टिकोण और विजन के साथ एफएमडीए ने शहर में 2031 तक अनुमानित जनसंख्या वृद्धि को ध्यान में रखते हुए एक मजबूत विकास योजना विकसित की है। अगले कुछ वर्षों में फरीदाबाद के विस्तार और विकास में सहयोग के लिए आज प्राधिकरण की बैठक में कुछ प्रमुख विकास योजनाएं प्रस्तुत की गईं। कई प्रमुख प्रस्तावित परियोजनाओं को स्वीकृति दे दी गई है और आगे के कार्य क्षेत्र को समयबद्ध तरीके से लागू किया जाएगा। लघु सचिवालय में आयोजित बैठक में केंद्रीय ऊर्जा एवं भारी उद्योग राज्य मंत्री श्री कृष्णपाल गुर्जर, हरियाणा के परिवहन मंत्री श्री मूलचंद शर्मा, शहरी स्थानीय निकाय मंत्री डॉ. कमल गुप्ता, फरीदाबाद के विधायक श्री नरेंद्र गुप्ता, बडखल की विधायक श्रीमती सीमा त्रिखा, तिगांव के विधायक श्री राजेश नागर, पृथला के विधायक श्री नयनपाल रावत, अतिरिक्त मुख्य सचिव आनंद मोहन शरण, मंडलायुक्त विकास यादव, पुलिस आयुक्त राकेश आर्य, जिला उपायुक्त विक्रम सिंह, नगर निगम आयुक्त ए. मोना श्रीनिवास, एचएसवीपी की प्रशासक डॉ. गरिमा मित्तल सहित कई वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे।

फरीदाबाद में पेयजल आपूर्ति के विस्तार को मंजूरी, 5 नये रेनीवेल लगेंगे

मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल ने कहा कि फरीदाबाद विकास योजना-2031 के अनुसार पूरे फरीदाबाद शहर की वर्तमान और संभावित आबादी के लिए थोक पेयजल की आपूर्ति के लिए मास्टर प्लान एफएमडीए द्वारा तैयार किया गया है। वर्तमान में, फरीदाबाद में पानी की उपलब्धता 330 एमएलडी है और एफएमडीए द्वारा 12 नए रैनी वेल्स का निर्माण कार्य चल रहा है जिससे आपूर्ति क्षमता 450 एमएलडी तक पहुंच जाएगी। बैठक में अतिरिक्त 22 रैनी वेल्स, 70 ट्यूबवेलों और बूस्टिंग स्टेशनों के निर्माण द्वारा वर्ष 2031 के लिए जल आपूर्ति को 450 एमएलडी से बढ़ाकर 700 एमएलडी करने का प्रस्ताव प्राधिकरण की बैठक में प्रस्तुत किया गया। वर्ष 2028-2029 तक परियोजना के पूरा होने के बादए फरीदाबाद में कुल 56 रैनी वेल्स और 220 ट्यूबवेल होंगे, जो 39.55 लाख की अनुमानित आबादी को लगभग 700 एमएलडी की शुद्ध जल आपूर्ति प्रदान करने में मदद करेंगे। 3000 करोड़ रुपये की लागत वाली इन परियोजनाओं को आज हरियाणा के सीएम ने बैठक में मंजूरी दी है। इसके अतिरिक्त 294.15 करोड़ रुपये की परियोजना लागत से बड़खल और एनआईटी निर्वाचन क्षेत्र में जल आपूर्ति के पूरक के लिए गांव बसंतपुर के राजस्व संपदा में पांच रैनी वेल्स की स्थापना के लिए प्रशासनिक मंजूरी भी हरियाणा के मुख्यमंत्री द्वारा अनुमोदित की गई।

फरीदाबाद में सीवरेज नेटवर्क होगा मजबूत

वर्तमान में, फरीदाबाद में 380 एमएलडी कुल घरेलू अपशिष्ट जल के उपचार के लिए 272.5 एमएलडी क्षमता के सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी) उपलब्ध हैं। इसके अलावा, वर्ष 2031 में घरेलू सीवेज उत्पादन 630 एमएलडी और वर्ष 2040 में 672 एमएलडी होगा। इस अंतर को पूरा करने और एफएमडीए के अविकसित क्षेत्र में सीवरेज प्रणाली में सुधार के लिए वर्ष 2040 के लिए कुल 277 एमएलडी क्षमता के 7 नए एसटीपी, पंपिंग स्टेशनों 287 किमी लंबाई की मुख्य सीवर लाइन का निर्माण के साथए 122 एमएलडी एसटीपी प्रदान करके, 32 इंटरमीडिएट पंपिंग स्टेशनों का नवीनीकरण, 25 किमी नई मुख्य सीवर लाइन, 90 किमी मुख्य सीवर लाइन की डीसिल्टिंग आदि द्वारा फरीदाबाद नगर निगम में सीवरेज प्रणाली के पुनर्वास और उन्नयन का प्रस्ताव आज की बैठक में सीईओ एफएमडीए द्वारा प्रस्तुत किया गया।

## संक्षिप्त खबरें

### आभूषण चोरी करने के मामले में क्राइम ब्रांच डीएलएफ ने तीन आरोपियों को किया गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )**
डीसीपी क्राइम हेमेंद्र कुमार मीणा के दिशा निर्देश के तहत कार्रवाई करते हुए क्राइम ब्रांच डीएलएफ प्रभारी व उनकी टीम ने घर से आभूषण चोरी के मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है एम पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपियों में हरजीत(28), वीरसिंह उर्फ विरू(25) तथा नानक(26) का नाम शामिल है। तीनों आरोपी फरीदाबाद के शेरपुर ढाढर गांव के रहने वाले हैं। दिनांक 16 सितंबर को इसी गांव के रहने वाले विनय कुमार ने पुलिस थाना भूपानी में अपनी शिकायत दी थी जिसमें उसने बताया कि वह अपनी पत्नी के साथ नोएडा में नौकरी करता है और उसके बच्चे घर पर रहते हैं। उन्होंने बताया कि अपने सोने व चांदी के कुछ आभूषण जिसमे सोने का 1 मंगलसूत्र, 1 अंगूठी, कानों की 1 जोड़ी बाली, 1 नोजपिन तथा चांदी की 1 जोड़ी पाजेब शामिल है, घर पर रखे हुए थे। उन्होंने एक दिन पहले जब आभूषण चेक किए तो वह वहां पर नहीं थे। उन्होंने कहा कि उन्हें उक्त आरोपियों पर शक है जो उनके घर पर आते जाते रहते हैं। पीड़ित की शिकायत के आधार पर थाने में चोरी की धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज करके मामले की जांच शुरू की गई। क्राइम ब्रांच की टीम ने मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए उक्त तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जिसमें पुलिस पूछताछ के दौरान आरोपियों ने उनके द्वारा की गई चोरी की वारदात के बारे में पुलिस को जानकारी दी गई। मामले में गहनता से पूछताछ करने के लिए आरोपियों को अदालत में पेश करके दो दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया जिसमें पुलिस रिमांड के दौरान आरोपियों के कब्जे से सोने व चांदी के सभी आभूषण बरामद किए गए हैं। पुलिस पूछताछ में सामने आया कि आरोपियों ने चोरी की इस वारदात को करीब 3 महीने पहले अंजाम दिया था। शिकायतकर्ता विनय नौकरी करने के लिए नोएडा चले जाते थे और घर पीछे से खाली रहता था तो आरोपी मौका देखकर एक दिन घर में चोरी करने के लिए घुस गए और वहां पर इन्हें आभूषण मिले जिन्हें आरोपियों ने चोरी कर लिया। विनय ने अब जब आभूषण देखे तो उसे पता चला कि यह तो चोरी हो चुके हैं। पुलिस पूछताछ में सामने आया कि आरोपी वीर सिंह के खिलाफ चोरी, स्नैचिंग तथा अवैध हथियार के चार मुकदमे दर्ज हैं वहीं आरोपी हरजीत तथा नानक के खिलाफ भी चोरी का एक-एक मुकदमा दर्ज है। आरोपी चोरी की वारदात को अंजाम देने के लिए मौके की तलाश में रहते हैं और मौका मिलते ही चोरी की वारदात को अंजाम दे देते हैं। पुलिस पूछताछ पूरी होने के पश्चात तीनों आरोपियों को आज अदालत में दोबारा पेश कर जेल भेज दिया गया है।

### आरडब्बलूए ने पार्क हॉस्पिटल के सामने वाली दीवार करा कर के लगाया ताला।

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )।**
फरीदाबाद पार्क होस्पीटल वाली रोड ब्लांक डी टू सेक्टर 10 के दो गेट पडते है हॉस्पिटल की वजह से बहारी लोग गाड़ीयो में शराब पीना व उची आवाज में म्यूज़िक चलाने वाले से स्थानीय निवासी राजेन्द्र अग्रवाल व अन्य निवासी बहुत परेशान थे। जिसकी शिकायत ब्लांक के पर प्रधान जगजीत सिंह नैन ,संरक्षक राजेन्द्र सिंह बीसला ,नहर पार किसान संघर्ष समिति ग्रेटर फरीदाबाद के अध्यक्ष व वरिष्ठ अधिवक्ता शिवदत्त वशिष्ठ से की।जिसमें अधिकतर डॉक्टरों की गाड़ियां पार्क हॉस्पिटल में आने वाले कर्मचारियों की गाड़ियों व बहारी लोगों की गाड़ियों के खड़ी होने की वजह से सेक्टर वासियों का निकलना मुश्किल हो गया था।कई बार कहने के बाद भी हॉस्पिटल ने अपने डॉक्टरो व बहारी लोगों की गाड़ियों को ब्लांक के अन्दर खड़े होने से नहीं रोका।आर डब्ल्यूए ने कदम उचित कदम उठाते हुए पार्क हॉस्पिटल वाले गेट व दीवार करा कर बंद कर दिया।आर डब्ल्यू ए के महासचिव इंजीनियर अनूप वशिष्ठ एडवोकेट ने कहा इस दीवार के बंद होने से अब ब्लांक के लोग अपने आप सुरक्षित महसूस कर रहे हैं। क्योंकि इस गेट व दीवार ना होने की वजह से आवारा पशु ब्लांक में लगे हुए पौधे को खा जाते और गन्दी फैलाते थे।गेटों व दीवार ना होने की वजह से शरारती तत्व शराब पीकर के उत्पात मचाते थे।अब कोई भी बाहरी व्यक्ति ब्लॉक के अन्दर आकर गाड़ी खड़ी नहीं कर सकता।शांय के समय तो इस रोड के ऊपर ऐसे हालात बन जाते थे। जैसे कोई मेला लगा हुआ है।

## जुआ खेलने वालों के खिलाफ क्राइम ब्रांच सेंट्रल की बड़ी कार्रवाई

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )** डीसीपी क्राइम हेमेंद्र कुमार मीणा के दिशा-निर्देश पर शहर में जुआ/सट्टाखाई में संलिप्त आरोपियों की धर-पकड़ के लिए कार्रवाई करते हुए क्राइम ब्रांच सेंट्रल प्रभारी जगमिंदर सिंह की टीम ने 10 आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

इस मामले में आरोपियों के कब्जे से ताश के पत्ते सहित 300770 रुपए नकद बरामद किए गए हैं। पुलिस प्रवक्ता सुबे सिंह ने इस बारे में जानकारी देते हुए बताया कि बड़े अपराधों के घटित होने के पीछे शराब और जुआ बहुत बड़ा कारण होता है।

## लिटरेसी अवेयरनेस कार्यक्रम के अंतर्गत कैंप का आयोजन: एसएल खत्री

आयोजन

8 "लिटरेसी अवेयरनेस कार्यक्रम" के अंतर्गत कैम्पों का आयोजन किया गया

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )** महिला एवं बाल विकास विभाग के निदेशक के आदेशानुसार एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव एवं सीजेएम सुकीर्ति गोएल के कुशल मार्गदर्शन में आज बुधवार को ओल्ड फरीदाबाद स्थित राजकीय बाल वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय तथा राजकीय प्राइमरी विद्यालय में "लिटरेसी




अवेयरनेस कार्यक्रम" के अंतर्गत कैम्पों का आयोजन किया गया। जिसमें बच्चों को जेजे एक्ट, पास्को एक्ट सहित अन्य कानूनी जानकरी दी। कैम्पों में एडवोकेट जीत सिंह रावत, पीएलवी हरदीप कौर, पीएलवी करण द्वारा बच्चों को बारिकी से जानकारी दी गई। इसके साथ ही जिला बाल संरक्षण इकाई से प्रवीण कुमार ने भी पास्को एक्ट, जेजे एक्ट पर प्रकाश डाला। जिला बाल कल्याण अधिकारी एसएल खत्री ने भी बच्चों के सम्मुख अपने विचार रखें और बच्चों को परिवार के साथ साथ देश की अमूल्य निधि बताया तथा उदाहरण देकर बच्चों को उनके अधिकारों के बारे में जागृत करते हुए बताया कि, की किसी अनजान व्यक्ति के किसी भी प्रकार के प्रलोभन में ना आये ऐसी घटना की जानकारी अपने माता पिता को दे और सुरक्षित रहे तथा बच्चे किसी भी प्रकार की शिकायत एवं सुरक्षा के लिए चाइल्ड हेल्पलाइन टोलफ्री नम्बर 1098 पर बता सकते हैं जो 24*7 कार्य करता है। कार्यक्रम अधिकारी श्री अनिल दहिया ने बच्चों से अनुरोध किया कि वह अपने फीडबैक लिखकर उपलब्ध करवाये। जिससे बच्चों की समस्याओं का तार्किक एवं आधुनिक तरीके से समाधान हो सके। कार्यक्रम में प्रधानाचार्य गीता उर्मिल, ऊषा, हेमलता, रेखा, टेकचन्द व पूनम उपस्थित रहे।

## एस आर एस स्कूल की अनिका ने एस जी एफ आई खेलों में किया बेहतरीन प्रदर्शन

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )**।सोनीपत में चल रही 56वीं एस जी एफ आई प्रतियोगिता में एस आर एस इंटरनेशनल स्कूल, फरीदाबाद, सेक्टर 88 की छात्रा अनिका गुप्ता ने मुक्केबाजी प्रतियोगिता में शहर व विद्यालय का नाम रोशन किया है।

अनिका ने अंडर 17 आयु वर्ग के 80 किलोग्राम से अधिक भार के बालिका वर्ग में तीसरा स्थान हासिल कर कांस्य पदक प्राप्त कर विद्यालय को गौरवान्वित किया है। अनिका की इस सफलता पर विद्यालय के मैनेजिंग डायरेक्टर



विनय गोयल, प्रधानाचार्या कृष्णा मिश्रा, विद्यालय प्रबंधक तेज प्रकाश पांडेय और समस्त विद्यालय स्टाफ ने शुभकामनाएँ दी हैं और उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

## क्राइम ब्रांच 56 ने गौकशी के मुकदमे में 18 साल से फरार चल रहे आरोपी को गिरफ्तार कर भेजा जेल

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )**।डीसीपी क्राइम हेमेंद्र कुमार मीणा के दिशा निर्देश के तहत कार्रवाई करते हुए क्राइम ब्रांच 56 प्रभारी सुंदर सिंह की टीम ने 18 साल से गौकशी के मुकदमे में फरार चल रहे आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपी का नाम वहीद है जो पलवल के रुपडाका गांव का रहने वाला है। वर्ष 2005 में सदर बल्लबगढ़ थाने में गौकशी की धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था।

## पराली का प्रबंधन करने पर किसानो को प्रति एकड़ मिलेगी 1000 रु प्रोत्साहन राशि: डीसी विक्रम सिंह

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )**। डीसी विक्रम सिंह ने बताया कि धान कटाई का सीजन नजदीक आ गया है। इसलिए पर्यावरण एवं जन हित और एनजीटी की गाइड के अनुसार किसान पराली में आग न लगाये बल्कि उसका उचित प्रबंधन करना सुनिश्चित करें। हरियाणा सरकार द्वारा पराली का मशीनों के माध्यम से प्रबन्धन करने पर प्रति एकड़ 1000 रु. प्रोत्साहन राशि भी प्रदान की जायेगी। उन्होंने कहा कि किसान अपना ऑनलाइन पंजीकरण कराये। किसान अपने खेत में जिस कृषि यंत्र द्वारा पराली का प्रबन्धन करवाए उसका जीपीएस लोकेशन वाली तस्वीर व एक मिनट का विडियो रिकॉर्ड अपने पास अवश्य रखेंगे। पोर्टल पर पंजीकृत किसानो द्वारा किये गए पराली प्रबंधन के कार्य का सत्यापन ग्राम स्तरीय कमेटी द्वारा किया जाएगा। इसका लाभ प्राप्त करने के लिए किसान विभाग के वैब पोर्टल पर आगामी 30 नवम्बर 2023 तक अपना पंजीकरण अवश्य करवाएं। इससे पहले किसान का मेरी फसल मेरा ब्योरा पोर्टल पर पंजीकृत होना अनिवार्य है। कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के सहायक कृषि अभियंता डॉ विजय कुमार यादव ने बताया किसानो को कृषि यंत्रो से पराली प्रबन्धन करने पर प्रति एकड 1000 रु. सहायता राशि



के रूप में दिए जायेंगे। पराली की जुताई करने से खेतो की उपजाऊ शक्ति बढ़ेगी। इससे किसानो को फायदा होगा। बीते दो वर्षो से स्ट्रा बेलर से फसल अवशेषों की गाँठ बनाने पर कृषि एवं किसान कल्याण विभाग प्रति एकड 1000 रु की दर से सहायता राशि दे रहा है। पिछले वर्ष से किसानो को छह प्रकार के फसल अवशेष प्रबन्धन पर कृषि यंत्र जैसे सुपर सीडर, हैप्पी सीडर रेवर्सिबल एमबीप्लो (पल्टू हल), जीरो टिल सीड कम फर्टिलाइजर ड्रिल मशीन, रोटावेटर व हेरो की मदद से फसल अवशेषों को मिटटी में मिलाये जाने पर भी प्रति एकड 1000 रु. प्रोत्साहन राशि देने का फैसला लिया है।
उन्होंने किसानो से कहा है कि धान की कटाई शुरू होने वाली है। किसान कृषि यंत्रो से पराली प्रबंधन करे। इससे धरती के मित्र कीट व पोषक तत्व नष्ट नहीं होंगे, बल्कि रासायनिक खादों पर होने वाला खर्च भी कम होगा।

## श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय में मेडिकल कैंप आयोजित

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )**। श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय ने पार्क हॉस्पिटल गुरुग्राम के सहयोग से बुधवार को पलवल के दुधौला कैम्पस में एक दिवसीय चिकित्सा शिविर का आयोजन किया। इस चिकित्सा शिविर का उद्घाटन कुलपति डॉ. राज नेहरू द्वारा ऑनलाइन माध्यम से किया गया। कुलपति डॉ. राज नेहरू ने इस मौके पर कहा कि प्रदूषण, जलवायु परिवर्तन और बदलती जीवन शैली के कारण बीमारियों की संख्या में वृद्धि हुई है। इसलिए इलाज का खर्च चिंता का विषय बन गया है। यह चिकित्सा शिविर सभी के लिए बहुत मददगार होगा



और विश्वविद्यालय भविष्य में भी इस प्रकार के शिविरों का आयोजन करेगा। चिकत्सा शिविर के दौरान 4 विशेषज्ञ डॉक्टरों को आमंत्रित किया गया था डॉ. जोशिता गुप्ता कंसल्टेंट इंटरनल मेडिसिन, डॉ. शशि कांत कंसल्टेंट न्यूरोसर्जरी, डॉ. जोगिंदर कंसल्टेंट कार्डियोलॉजी, डॉ. मोहित ऑथोर्पेडिक्स, डॉ. जोगिंदर कंसल्टेंट कार्डियोलॉजी। मेडिकल कैंप के दौरान न्यूरोलॉजी, ऑथोर्पेडिक्स, कार्डियोलॉजी, जनरल मेडिसिन और जनरल सर्जरी के विशेषज्ञ डॉक्टरों द्वारा छात्रों और कर्मचारियों की जांच और स्क्रीनिंग की गई। चिकित्सा विशेषज्ञों से परामर्श लेने के लिए सैकड़ों छात्रों और कर्मचारियों ने शिविर में पंजीकरण कराया, जिसके दौरान स्वास्थ्य समस्याओं और आवश्यक उपचार से पीड़ित रोगियों की जांच की गई और उन्हें मुफ्त दवाएं प्रदान की गईं।

## बल्लभगढ़ में वैश्य समाज ने दिखाई अपनी राजनीतिक ताकत

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )**। हरियाणा प्रदेश वैश्य महासम्मेलन, अखिल भारतीय अग्रवाल संगठन एवं अग्रोहा विकास ट्रस्ट अग्रोहा धाम द्वारा 1 अक्टूबर को जींद में आयोजित की जा रही वैश्य संकल्प रैली का निमंत्रण देने के लिए 15 सितंबर से अग्र युवाओं द्वारा आयोजित "वैश्य चेतना मोटरसाइकिल यात्रा" का बल्लभगढ़ पहुंचने पर भव्य स्वागत किया गया। उक्त जानकारी देते हुए हरियाणा प्रदेश वैश्य महासम्मेलन के वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष व बल्लभगढ़ विधानसभा क्षेत्र के वरिष्ठ नेता मनोज अग्रवाल ने बताया कि इस यात्रा का नेतृत्व



हरियाणा प्रदेश वैश्य महासम्मेलन के अध्यक्ष राजीव जैन, युवा प्रदेश अध्यक्ष मुनीश गोयल, प्रदेश महामंत्री लक्की सिंगला, ललित महाजन व राहुल गर्ग कर रहे हैं। यात्रा के चावला कॉलोनी पहुंचने पर सर्वप्रथम अग्रवाल समिति बल्लभगढ़ द्वारा तिलक लगाकर एवं पुष्प मालाओं से भव्य स्वागत किया गया। अग्रवाल समिति की ओर से अध्यक्ष जितेंद्र सिंगला, महासचिव लोकेश अग्रवाल, कोषाध्यक्ष घनश्याम मित्तल, ललित गोयल एवं अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने स्वागत किया। मनोज अग्रवाल ने आगे कहा की इस यात्रा में सहयोग के लिए श्री वैश्य अग्रवाल समाज के अध्यक्ष भगवान दास गोयल, उपाध्यक्ष कन्हैया गोयल, जयकिशन गर्ग, कोषाध्यक्ष नरेश मंगला का वैश्य महासम्मेलन आभार व्यक्त करती है। मनोज अग्रवाल ने अग्रसेन भवन में सभा को संबोधित करते हुए कहा की भारत देश के विकास में अगर सर्वाधिक योगदान किसी समाज का रहा है तो वह है वैश्य समाज। भारत को अतुल्य भारत बनाने में वैश्य समाज का अतुलनीय योगदान रहा है।
हर परिस्थिति में, हर कठिनाई में वैश्य समाज के पुरोधाओं ने अपना सर्वस्व त्याग कर देश सेवा में अपने प्राणों की आहुति दी है। आज जब देश सेवा और देश भक्ति की बात आती है तो पूरा देश वैश्य समाज की ओर देखता है लेकिन जब राजनीति में हिस्से की बात आती है हमें पिछले पायदान पर धकेल दिया जाता है, हमारी अनदेखी की जाती है। आज जरूरत है हमें एकजुटता से संगठित होकर अपनी आवाज को बुलंद करने की। इन सभी बातों को लेकर 01 अक्टूबर 2023 को जींद के अर्जुन स्टेडियम में एकत्रित होकर हमे एक ऐसा माहौल तैयार करना है की चुनावों में राजनीतिक पार्टियां हमारी अनदेखी न कर सकें। इसके लिए हमें साथ मिलकर वैश्य संकल्प रैली को देश की सफलतम रैलियों में शुमार करना होगा, इसलिए आप सभी से आग्रह है की इस रैली में ज्यादा से ज्यादा संख्या में पहुंचकर अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें।

## छात्रों को महिला विरुद्ध अपराध, नशा व साइबर फ्रॉड के बारे में किया जागरूक

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )**। पुलिस आयुक्त राकेश कुमार आर्य के दिशा निर्देश के तहत कार्य करते हुए सीनियर सिटीजन सेल प्रभारी इंस्पेक्टर सविता तथा दुर्गा शक्ति की टीम ने लिंग्यास यूनिवर्सिटी में छात्रों को महिला सुरक्षा, साइबर अपराध, सड़क सुरक्षा संबंधित सामाजिक मुद्दों के बारे में जागरुक करते हुए जानकारी प्रदान की। इस अवसर पर कॉलेज चांसलर डॉक्टर पीचेश्वर, प्रो चांसलर एमके सोनी, वाइस चांसलर एमपी गुप्ता, रजिस्ट्रार प्रेम कुमार सालवान, इवेंट कोऑर्डिनेटर निशि



कालरा व अध्यापकगण सहित 300 से अधिक विद्यार्थी मौजूद रहे। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि छात्रों को जागरूक करने के लिए सीनियर सिटीजन सेल व दुर्गा शक्ति की टीम कॉलेज पहुंची जहां पर कॉलेज प्रशासन ने पुलिस टीम का भव्य स्वागत किया और छात्रों को जागरूक करने के लिए मंच पर आमंत्रित किया। इंस्पेक्टर सविता ने वहां पर मौजूद छात्र-छात्राओं तथा शिक्षकों को महिला विरुद्ध अपराध के बारे में जागरूक करते हुए फरीदाबाद पुलिस की सेफ सिटी मुहिम के बारे में बताया कि महिलाओं को सुरक्षित माहौल प्रदान करने के लिए माननीय पुलिस आयुक्त द्वारा सेफ सिटी पहल की शुरूआत की गई है जिसके लिए रात्रि के समय यात्रा करने वाली महिलाओं की सुरक्षा के संबंध में कुछ अहम कदम उठाए गए हैं।

# भारत में क्राइम करने वाले कनाडा में शरण ले रहे

## कनाडा-भारत तनातनी के बीच एनआईए ने गोल्डी बराड़ समेत 11 गैंगस्टर-आतंकियों की लिस्ट जारी की

**लिस्ट जारी**

**8 एनआईए ने आतंक-गैंगस्टर का नेटवर्क ध्वस्त करने के लिए 11 कुख्यात अपराधियों की लिस्ट जारी की**

**टीम एक्शन इंडिया/जालंधर**
**कनाडा** और भारत के बीच खालिस्तान टाइगर फोर्स आतंकी कनाडाई नागरिक हरदीप निज्जर के कत्ल को लेकर तनातनी बनी हुई है। इस तनाव के बीच भारत की राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने आतंक-गैंगस्टर का नेटवर्क ध्वस्त करने के लिए 11 कुख्यात अपराधियों की लिस्ट जारी की है। इनमें पहले नंबर पर गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई गैंग का गैंगस्टर गोल्डी बराड़ है। जो मशहूर पंजाबी सिंगर सिद्धू मूसेवाला के कत्ल का मास्टरमाइंड है। दूसरे नंबर पर लॉरेंस के भाई अनमोल बिश्नोई का भी नाम है। इन दोनों के अलावा लिस्ट में अर्शदीप सिंह गिल उर्फ अर्श डल्ला, दरमन सिंह, लखबीर सिंह उर्फ लांडा, दिनेश शर्मा उर्फ गांधी, नीरज उर्फ पंडित, गुरपिंदर सिंह, सुखदूल सिंह, गौरव पटियाल उर्फ सौरभ और दलेर सिंह शामिल हैं। एनआईए का कहना है इन पर भारत में हत्या, फिरौती के अलावा पाकिस्तान की शह पर देश विरोधी क्राइम करने का आरोप है। इनमें से अधिकतर कनाडा में छुपे हुए हैं। इस लिस्ट के साथ एनआईए ने इनके बारे में किसी तरह की जानकारी होने पर वॉट्सऐप नंबर +917290009373 पर मैसेज करने को कहा है।







**गोल्डी बराड़ ने कनाडा में रहते मूसेवाला मर्डर कराया:** लॉरेंस गैंग के गोल्डी बराड़ ने 29 मई 2022 में मशहूर पंजाबी सिंगर सिद्धू मूसेवाला का कत्ल कराया था। उसने तिहाड़ जेल में बंद लॉरेंस के कहने पर ये वारदात कराई थी। जिस वक्त उसने पूरी साजिश रचकर उसे अंजाम दिया, उस वक्त वह कनाडा में बैठा हुआ था। हालांकि अब उसने अमेरिका में होने की बात सामने आ रही है।

**लखबीर और डल्ला भी कनाडा में:** कुख्यात गैंगस्टर आतंकी लखबीर सिंह और अर्शदीप डल्ला भी पंजाब में देश विरोधी गतिविधियों में शामिल हैं।

### कनाडा में ऐश-ओ-आराम की जिंदगी जी रहे गैंगस्टर

**एनआईए** के सूत्रों के मुताबिक जिन 11 गैगस्टरों के फोटो जारी किए हैं इनमें से पंजाब में वारदातें करके भागे 7 अपराधी ए-कैटेगिरी के हैं। यह सारे अपराधी कनाडा में ऐश-ओ-आराम की जिंदगी जी रहे हैं। अब यह सभी खालिस्तानियों के साथ मिलकर वहीं से युवाओं को बरगला कर उन्हें अपराध की दुनिया में धकेल रहे हैं।

**कनाडा में 9 आतंकी संगठन एक्टिव:** सूत्रों के मुताबिक कनाडा की धरती से 9 अलगाववादी संगठन एक्टिव हैं, जो भारत विरोधी काम कर रहे हैं। इनमें सिख फॉर जस्टिस, खालिस्तान टाइगर फोर्स, वर्ल्ड सिख आर्गनाइजेशन, बब्बर खालसा इंटरनेशनल, खालिस्तान टाइगर फोर्स भी शामिल हैं। इन संगठनों के मोस्ट वांटेड आतंकियों और आतंकी संगठनों से संबंध बता जा रहे हैं।

---

# फास्ट न्यूज

## उद्योगपतियों को ग्रेप नियमों का पालन करने के दिए निर्देश

**गन्नौर:** पानीपत उपायुक्त कार्यालय में बुधवार को प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड हरियाणा के अध्यक्ष पी राघवेंद्र राव ने सोनीपत, पानीपत व करनाल जिले के उद्योगपतियों के साथ बैठक की। बैठक में पानीपत के उपायुक्त विरेंद्र दहिया व सोनीपत के उपायुक्त मनोज कुमार के अलावा विभिन्न विभागीय अधिकारी भी शामिल हुए। इस दौरान बड़ी इंडस्ट्रियल मेन्युफैक्चिरिंग एसोएिसशन के पदाधिकारियों ने भी बड़ी औद्योगिक क्षेत्र का प्रतिनिधित्व किया। बैठक में हरियाणा पर्यावरण प्रबंधन सोसायटी ने उद्योगपतियों को प्रेजेंटेशन के माध्यम से एयर पाल्यूशन व ग्रेप नियम के बारे में जानकारी दी। बैठक में उद्योगपतियों को निर्देश दिए गए कि ग्रेप नियम लागू होने से पहले सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त सीपीसीबी 4 प्लस के जनरेटर जरूर खरीद लें अन्यथा पहले दिन से ही उद्योगपतियों के खिलाफ कार्रवाई शुरू कर दी जाएगी। प्रदूषिण नियंत्रण बोर्ड हरियाणा के अध्यक्ष पी राघवेंद्र राव ने कहा कि यदि उद्योगपतियों को पीएनजी गैस किट, गैस कनेक्शन या आरईसीडी डिवाइस मिलने में दिक्कत आ रही है तो वह एक सप्ताह के भीतर इन्हें खरीदने के लिए आवेदन जरूर कर दें, ताकि ऐसे ग्रेप नियम लागू होने तक उद्योगपतियों को कुछ रियायत मिल सके। इस दौरान बड़ी इंडस्ट्रियल मेन्युफैक्चिरिंग एसोएिसशन से अमित गोयल, नरेंद्र नंदा ने प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड हरियाणा के अध्यक्ष के समक्ष सीपीसीबी 4 प्लस के जनरेटर पर एमएसएमई के माध्यम से सब्सीडी दिलवाने की भी मांग की, लेकिन उन्हें अधिकारियों की तरफ से कोई ठोस आश्वासन नहीं मिला। जिसके बाद एसोएिसशन ने बड़ी औद्योगिक क्षेत्र के उद्योगपतियों से समय रहते जनरेटर खरीदने की अपील की, ताकि उन्हें ग्रेप नियम लागू होने पर प्रशासनिक कार्रवाई न झेलनी पड़े।

## बिट्टे से हमला कर किया घायल

**गन्नौर:** पिपलीखेड़ा गांव में एक युवक ने अपने साथियों के साथ मिलकर गांव के युवक पर हमला कर दिया। हमला करने के बाद आरोपित उसे जान से मारने की धमकी देकर मौके से फरार हो गया। घायल ने मामले की शिकायत बड़ी थाना पुलिस को दी है। शिकायत में गांव पिपली खेड़ा निवासी कुलदीप ने बताया कि वह 17 सितंबर की रात को गांव के अड्डे पर बैठा था। इस दौरान गांव के कुणाल ने अपने दो साथियों के साथ मिल कर कस्सी के बिट्टे से हमला कर उसे घायल कर दिया। इसके बाद आरोपित उसे जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। पुलिस ने शिकायत पर कुणाल व उसके दो साथियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## ट्रैक्टर निकालने पर हुए विवाद में महिला की हत्या

**मुरैना:** सिविल लाइन थाना क्षेत्र के मुरैना गांव में मंगलवार-बुधवार की रात चबूतरे पर से ट्रैक्टर निकालने की मना करने पर तीन आरोपियों ने एक वृद्ध महिला की घर में घुसकर उसके परिजनों के सामने गला घोटकर हत्या कर दी और फरार हो गए। पुलिस ने आरोपियों के ट्रैक्टर को जप्त कर लिया है, जबकि आरोपी फरार है। आरोपियों के विरुद्ध हत्या का मामला दर्ज कर पुलिस उनकी तलाश कर रही है।

---

## झारखंड में रेल रोको आंदोलन, कई ट्रेनें प्रभावित



**टीम एक्शन इंडिया/रांची**
**झारखंड** में कुड़मी समाज के लोग आंदोलन कर रहे हैं। वे कुड़मी समाज को अनुसूचित जनजाति (एसटी) में और कुड़माली भाषा को संविधान की 8वीं अनुसूची में शामिल करने की मांग कर रहे हैं। बंगाल में हाईकोर्ट के दखल के बाद आंदोलन वापस ले लिया गया है, लेकिन झारखंड में प्रदर्शन तेज है। मुरी और गोमो स्टेशन पर लोग ट्रैक पर उतर आए। वहीं, आंदोलन की शुरूआत से पहले रेलवे सतर्क है। अब तक तीन ट्रेनों को रद्द किया गया है। कुरमी समाज द्वारा दिनांक 20/09/2023 को मूरी-सिल्ली रेलखंड तथा गोमो स्टेशन पर आहूत जन आंदोलन की वजह से रांची रेल मंडल से परिचालित निम्नांकित ट्रेने प्रभावित रही।

**आंदोलन का असर:** कई जिलों में इसका असर दिखने लगा है। सरायकेला-खरसावां के नीमडीह स्टेशन के पास भारी संख्या में कुड़मी समाज के लोग जुटे।

**विरोध**

**8 दो स्टेशनों पर लोग ट्रैक पर उतरे, कुड़मी समाज को एसटी में शामिल करने की मांग**


पश्चिमी सिंहभूम के सोनुआ थाना के पास पुलिस से कुछ लोगों के झड़प की भी खबर है। सोनुआ से भी सैकड़ों महिला-पुरुष छोटे बड़े वाहनों में सवार होकर घाघरा की तरफ बढ़ रहे हैं। लोगों के प्रदर्शन को लेकर प्रशासन चौकस है। आंदोलन के चलते गोमो स्टेशन पर धनबाद से होकर चलने वाली करीब 60 ट्रेनों पर असर पड़ सकता है। इनमें हावड़ा और सियालदह राजधानी के साथ कोलकाता, सियालदह, आसनसोल और अन्य स्टेशन से खुलने वाली ट्रेनें शामिल हैं।

**क्यों हो रहा यह आंदोलन:** तीन राज्यों में कुड़मी समाज के लोगों का यह तीसरी बार हो रहा है।

## 'सरकार सोशल मीडिया इस्तेमाल की उम्र तय करे'

### बच्चों को लत लग रही; इंटरनेट से दिमाग को भ्रष्ट करने वाली चीजें भी हटाएं

**टीम एक्शन इंडिया/बेंगलुरु**
**कर्नाटक** हाईकोर्ट ने कहा कि सरकार सोशल मीडिया का इस्तेमाल करने के लिए उम्र तय करे। कोर्ट ने कहा कि सोशल मीडिया का इस्तेमाल करना अच्छी बात है, लेकिन आजकल स्कूल जाने वाले बच्चे इसके आदी हो गए हैं। ऐसे में सोशल मीडिया इस्तेमाल करने की उम्र तय होना वरदान साबित होगा। कोर्ट ने कहा कि 17 या 18 साल की उम्र के युवा सोशल मीडिया का खूब इस्तेमाल करते हैं, लेकिन क्या उनमें देश के हित-अहित पर फैसला लेने की मैच्योरिटी है? न केवल सोशल मीडिया से बल्कि इंटरनेट से ऐसी चीजें हटाई जानी चाहिए, जो दिमाग को भ्रष्ट करती हैं। सरकार को इस बारे में विचार करना चाहिए। जस्टिस जी नरेंद्र और जस्टिस विजय कुमार ए पाटिल की बेंच ने ये बातें (जो पहले ट्विटर था) की तरफ से दायर याचिका पर सुनवाई करते हुए कहीं। जस्टिस जी नरेंद्र ने मौखिक रूप से कहा कि सरकार को सोशल मीडिया का इस्तेमाल करने के लिए उम्र सीमा तय करने पर विचार करना चाहिए। जब कोई यूजर रजिस्ट्रेशन करेगा तो उसे जरूरी जानकारियां देनी होंगी, जैसे ऑनलाइन गेमिंग के रजिस्ट्रेशन में देनी पड़ती हैं।



**टिप्पणी**

**8 सोशल मीडिया का इस्तेमाल करना अच्छी बात है, लेकिन आजकल स्कूल जाने वाले बच्चे इसके आदी हो गए हैं**

**कंपनी ने कोर्ट के फैसले को दी थी चुनौती:** दरअसल, इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रोद्योगिकी मंत्रालय ने 2 फरवरी 2021 और 28 फरवरी के बीच के लिए आदेश जारी किए थे। जिसमें 1474 खातों, 175 ट्वीट्स, 256 यूआरएल और एक हैशटैग को ब्लॉक करने का निर्देश दिया गया था। एक्स ने इनमें से 39 यूआरएल से जुड़े आदेशों को हाईकोर्ट में चुनौती दी थी।

## लखनऊ में लव जिहाद का मामला सामने आया

**लखनऊः** मोहनलालगंज थाना क्षेत्र में लव जिहाद का मामला प्रकाश में आया है। पीड़ित परिवार ने थाना में तहरीर देकर बताया कि उनकी बेटी को बरगला कर मुस्लिम युवक अपने साथ भगा ले गया। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर दोनों की कॉल ट्रैस की। आरोपित युवक की लोकेशन कोलकाता तो किशोरी की दिल्ली में मिली है। डीसीपी दक्षिण विनीत जायसवाल ने बताया कि मोहनलालगंज थाना में दो दिन पहले एक एफआईआर दर्ज की गई। घर के सामने रहने वाले मुस्लिम युवक के ऊपर किशोरी को भगाने का आरोप लगा है।

## विश्व बैंक से बंगाल को मिलेंगे 3200 करोड़ रुपये

**टीम एक्शन इंडिया/कोलकाता**
**विश्व** बैंक से एक बड़ा ऋण राज्य को मिलने वाला है, जिसे सड़कों और अन्य बुनियादी ढांचे के विकास पर खर्च किया जाएगा। राज्य में निवेश लाने के उद्देश्य से दो देशों की यात्रा पर गई मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की अनुपस्थिति में यह खबर आई है। राज्य सचिवालय नवान्न सूत्रों के मुताबिक, विश्व बैंक ने राज्य सरकार को तीन हजार 200 करोड़ रुपये का कर्ज मंजूर किया है। मूल रूप से यह पैसा बुनियादी ढांचे के विकास पर खर्च किया जाएगा।

## हेरिटेज कालका-शिमला ट्रैक पर रेल सेवा बहाल

**टीम एक्शन इंडिया/शिमला**
**हेरिटेज का**लका-शिमला रेलवे ट्रैक पर 70 दिन बाद रेल की आवाजाही शुरू गई है। मगर, पहाड़ों की रानी शिमला तक रेल सेवा बहाल होने में अभी वक्त लगेगा। कालका से सोलन तक इस ट्रैक को दुरुस्त करने के बाद शुरू किया गया है। कालका से पहली ट्रेन सुबह 7 बजकर 20 मिनट पर सोलन पहुंची। पहली ट्रेन में करीब 15 यात्री सोलन के आए। दूसरी ट्रेन दोपहर 12 बजकर 10 मिनट पर कालका से सोलन के लिए चली, जो दोपहर 2 बजकर 55 मिनट पर सोलन पहुंची।



**जुलाई की भारी बारिश के बाद से ठप्प थी आवाजाही:** कालका-शिमला ट्रैक पर जुलाई की भारी बारिश के बाद से ही रेल गाड़ियों की आवाजाही बंद है। कई जगह रेलवे ट्रैक को भारी नुकसान हुआ है। रेल की पटरी हवा में लटक रही है।

**सोलन के बाद अब शिमला को बहाल करने की कोशिश:** ट्रेन सेवा बहाल होने के बाद देशभर से पर्यटक अब सोलन के मशहूर पर्यटन स्थल कसौली, बड़ोग तक आ सकेंगे। मगर, शिमला के लिए अभी इंतजार करना पड़ेगा। सोलन तक रेल सेवा शुरू करने के बाद अब इसे शिमला तक बहाल करने की दिशा में प्रयास किए जा रहे हैं। इससे पर्यटन को भी भारी नुकसान हुआ है। पर्यटक शिमला नहीं पहुंच पा रहे। रेल सेवा बंद होने से शिमला में सैकड़ों पर्यटन कारोबारी भी परेशान है।

---

**सदस्यता**

### भाजपा आज सनातन धर्म की बात करती है, सनातन धर्म हम सभी का धर्म है

## एमपी: पूर्व सांसद बोध सिंह भगत कांग्रेस में हुए शामिल

**कांग्रेस के साथ**

**टीम एक्शन इंडिया/भोपाल**
**प्रदेश कां**ग्रेस मुख्यालय के प्रांगण में आयोजित कार्यक्रम में बुधवार को भाजपा से आये करीब एक दर्जन कद्दावर नेताओं, पदाधिकारियों और उनके हजारों समर्थकों ने प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ के समक्ष कांग्रेस पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। कमलनाथ ने नेताओं को पार्टी का दुपट्टा पहनाकर कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण कराते हुये कहा कि आपके उत्साह और जोश को देखकर मुझे बहुत बल और विश्वास मिल रहा है। कमलनाथ ने प्रदेश सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि भाजपा आज सनातन धर्म की बात करती है, सनातन धर्म हम सभी का धर्म है। प्रदेश में मिलावट की बात की जाये तो बच्चों के मिड-डे मील में भी मिलावट है, शिवराज ने तो बच्चों को भी नहीं छोड़ा। बालाघाट के भाजपा के पूर्व सांसद बोध सिंह भगत, बुधनी के कद्दावर नेता राजेश पटेल, दिलीप सिंह प्रदेश अध्यक्ष लोकतान्त्रिक जनता दल (शरद यादव) सहित, 18 जनपद पंचायत सदस्य, 24 सरपंच, 41 पूर्व सरपंच, 2 जनपद पंचायत अध्यक्ष, 1 जिलापंचायत सदस्य, 4 भाजपा के पूर्व मंडल अध्यक्ष और लगभग 850 भाजपा के पदाधिकारी एवं कार्यकताओं ने कमलनाथ जी के नेतृत्व में विश्वास जताते हुए कांग्रेस पार्टी की सादस्यता ली



**8 समर्थकों ने प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ के समक्ष कांग्रेस पार्टी की सदस्यता ग्रहण की**

